राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 36
लखनऊ, बुधवार 14 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

**शारदीय नवरात्रि**
चतुर्थ नवरात्रि: जब चारों ओर अंधकार था और सृष्टि का प्राकट्य नहीं हुआ था, तब मां कूष्मांडा ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की।



अवैध खनन करने पर जेसीबी को लिया कब्जे में 10
56 जिलों में बनेंगे 62 डेटा सेंटर व लैब 03

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,440/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,120/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



# लद्दाख की 28 जगहों पर चीन का दावा

## भारत का दो टूक- लद्दाख हमारा अटूट अंग | चीन के इनकार से सच नहीं बदलने वाला | भारत के नक्शे में दर्ज होंगे मानक नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लद्दाख के 28 भौगोलिक स्थानों के नाम आधिकारिक नक्शे में दर्ज करने के भारत के फैसले पर चीन ने विरोध जताते हुए इन क्षेत्रों पर अपना दावा दोहराया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को भारत के कदम को अवैध और अमान्य बताते हुए कहा कि इससे सीमा के पश्चिमी क्षेत्र पर चीन का दावा नहीं बदल सकता। भारत ने पलटवार करते हुए स्पष्ट किया कि लद्दाख देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और चीन के इनकार से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो अक्टूबर को लद्दाख प्रशासन से परामर्श के बाद 28 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के मानक नाम तय किए थे। इन्हें भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे में शामिल किया गया है। सूची में पर्वत चोटियों, दर्रों, ग्लेशियरों, घाटियों, नदियों और झीलों के साथ गोगरा तथा हॉट स्प्रिंग जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। यह कदम सीमावर्ती क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान और उनके बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

माओ निंग ने कहा कि चीन भारत की ओर से बनाए गए केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं देता। बीजिंग का दावा है कि पश्चिमी क्षेत्र में भारत-चीन सीमा से जुड़े संबंधित इलाके चीन के हैं। भारत की ओर से आधिकारिक नाम दर्ज करने की कार्रवाई को भी उसने इसी दावे के संदर्भ में चुनौती दी है।

इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। चीनी पक्ष के किसी भी तरह के इनकार से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि स्थानों के मानक नाम तय करने का उद्देश्य उनकी सटीक पहचान और आम लोगों में बेहतर जानकारी सुनिश्चित करना है।



### गोगरा-हॉट स्प्रिंग पर रहा है सैन्य तनाव

नाम तय किए गए स्थानों में गोगरा और हॉट स्प्रिंग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। पूर्वी लद्दाख के इन क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव रहा है। मई 2020 में पैंगोंग झील के पास दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद सीमा विवाद गंभीर हो गया था। उसी वर्ष 15 जून को गलवन घाटी में हिंसक संघर्ष में भारत के 20 सैनिक बलिदान हुए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर कई दौर की बातचीत हुई। वर्ष 2022 से विभिन्न तनावग्रस्त क्षेत्रों में सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

### अरुणाचल में भी बदला है जगहों के नाम

चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश के बड़े हिस्से पर दावा करता रहा है। वह इस क्षेत्र को 'जांगनान' यानी दक्षिणी तिब्बत कहता है और वहां के विभिन्न स्थानों के लिए चीनी नाम जारी करता रहा है। चीन ने वर्ष 2017 से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदलने की कई सूचियां जारी की हैं। वर्ष 2023 में उसने 11 स्थानों के नाम घोषित किए थे, जबकि 2024 में करीब 30 स्थानों के नाम जारी किए गए। भारत ने इन कदमों का विरोध करते हुए स्पष्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और चीन की ओर से नामकरण करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदल सकती।

### चोटियों से लेकर नदियों तक के नाम

भारत की सूची में अतीशा गिरि, कनिष्क पीक, करुण पीर, मार्तंड गिरि, मिलारेपा कांगरी, शिव री, जोरावर पीक और महेश्वर री जैसी चोटियां शामिल हैं। चापचिंगल और शचमिर्क दर्रे तथा परपिक और स्कामरी ग्लेशियर भी सूची का हिस्सा हैं। इनके अलावा ब्रांगसा, कुकसेल, देहरा कम्पास, कुमारायन पॉइंट, पांगलुंग, शामल लुंगपा, शकोर्गा घाटी, गुरु रिनपोछे झील और यांगपा नदी के नाम भी आधिकारिक नक्शे में दर्ज किए गए हैं।

## यूपीआई पर शुल्क दिवाली तक टला




**एजेंसी, नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई (यूपीआई) पर दो हजार रुपये से अधिक के भुगतान के लिए प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क लागू करने का फैसला दिवाली तक टाल दिया गया है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी थी। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने त्योहारी सीजन को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि, इसे लागू करने की नई तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत शुल्क ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित श्रेणी के दुकानदारों से लिया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### भविष्य निधि ट्रस्टों को नियमित होने का मौका

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 2026 के तहत भविष्य निधि ट्रस्टों के लिए माफी प्रावधान लागू किए हैं। इसके तहत उन ट्रस्टों को एक बार का अवसर मिलेगा, जो आयकर अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त हैं, लेकिन उनके पास कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 की धारा 17 या सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की धारा 143 के तहत औपचारिक छूट आदेश नहीं है। ये प्रावधान 29 जून 2026 को अधिसूचित किए गए थे। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पात्र ट्रस्टों को योजना की जानकारी देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए देशभर में अभियान शुरू किया है।

### अब बनी मक्खी जनता पार्टी, 3.3 लाख फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की 'मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल नहीं कर सकते' टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर माखी जनता पार्टी (एमजेपी) नाम का व्यंग्यात्मक संगठन चर्चा में आ गया है। संगठन ने दावा किया है कि उसके इंस्टाग्राम खाते को 72 घंटे में 40 लाख से अधिक बार देखा गया और 3.3 लाख से ज्यादा लोग जुड़ गए।

### यूपी के पश्चिमी हिस्से में बारिश के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 14 अक्टूबर को पश्चिमी हिस्से के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 से 16 अक्टूबर के बीच बारिश की संभावना है। 15 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। झोंकों में इनकी गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है।

### मालदीव के दो और पायलट गिरफ्तार

**दुबई।** फ्लाईदुबई की उड़ान से जुड़े कथित विमान अपहरण और आतंकी साजिश के मामले में संयुक्त अरब अमीरात में मालदीव के दो और पायलटों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों फ्लाईदुबई में कार्यरत हैं और उन पर साजिश में शामिल होने का संदेह है। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी और आरोपों को लेकर संबंधित अधिकारियों की आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। मामला 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान एफजेड1073 से जुड़ा है। रिपोर्टों के अनुसार, उड़ान के दौरान ओमानी सह-पायलट हमाम अल-हम्मामी ने भारतीय कप्तान स्मित मच्छार पर हमला कर विमान पर नियंत्रण करने की कोशिश की।

# योगी ने दी ग्राम प्रहरियों को दोहरी सौगात

## मानदेय हुआ 3500 रुपए, परिवार को पांच लाख तक कैशलेस इलाज

**समृद्धि न्यूज, बरेली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 68 हजार ग्राम प्रहरियों को बड़ी सौगात दी। उनका मासिक मानदेय 2500 रुपए से बढ़ाकर 3500 रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम प्रहरियों और उनके परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा देने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चौकीदारों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने की बात भी कही।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया। उन्हें मोबाइल फोन और उपहार भी दिए गए। योगी ने कहा कि गांव सुरक्षित होगा, तो वह आत्मनिर्भर बनेगा। ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्र में सजग रहकर छोटी-बड़ी घटनाओं की जानकारी पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले ग्राम प्रहरियों को 1500 रुपए मासिक मानदेय मिलता था। वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 2500 रुपए किया गया था। अब इसमें एक हजार रुपए की और वृद्धि की गई है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने मानदेय बढ़ाने संबंधी आदेश जारी किया है। इससे प्रदेश के लगभग 68 हजार ग्राम प्रहरियों को लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि ग्राम प्रहरियों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपए तक कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बीमारी के दौरान उपचार पर होने वाले खर्च का बोझ कम करने में मदद मिलेगी। इसका लाभ निर्धारित नियमों के अनुसार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रहरियों से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तत्काल थानाध्यक्ष या संबंधित पुलिस अधिकारी को सूचना देने का आह्वान किया। उन्होंने ग्राम प्रहरियों की भूमिका गांव में सीसीटीवी कैमरे जैसी महत्वपूर्ण बताई।

### पहले जो रहनुमा थे, वही चोर थे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अराजकता का माहौल था और सत्ता में बैठे लोग ही लूट-खसोट करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो रहनुमा थे, वही चोर थे। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में अपराधियों के भीतर कानून का खौफ है और उत्तर प्रदेश की छवि देश-दुनिया में बदली है। पहले कुछ लोगों की गलतियों का खामियाजा प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को भुगतना पड़ता था। नौजवानों और व्यापारियों के सामने पहचान का संकट रहता था।



**सौगात के साथ सम्मान:** बरेली में मंगलवार को उत्कृष्ट ग्राम प्रहरी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## राहुल के नेतृत्व में 2029 का चुनाव भी हारेंगे: शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में मतदाता सूची के एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी दलों के प्रदर्शन के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। शाह ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी और कांग्रेस के एजेंडे को अच्छी तरह समझती है।

अमित शाह ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू हुई थी, जबकि कांग्रेस इससे पहले से ही चुनाव हार रही है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस वर्ष 2029 का लोकसभा चुनाव भी हारेगी।

गृह मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब विपक्षी दल एसआईआर की प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं।

## राहुल गांधी के घर चाय पर जुटे इंडिया ब्लॉक के नेता

# ज्ञानेश का इस्तीफा हमारा मिशन

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**



- एसआईआर के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का एलान
- विपक्ष का आरोप- वोट के साथ धरनास्थल भी छीने जा रहे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को विपक्ष का मिशन बताते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार और चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने अपने आवास पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं को चाय पर बुलाया था। उसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का एलान किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और आम लोगों के मताधिकार को कमजोर किया जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बर्बाद किया जा रहा है और चुनाव व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह अलग-अलग लड़ाइयां नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बहाल करने का साझा आंदोलन है। विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट होकर संघर्ष करेगा। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग और आंदोलन की आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। विपक्षी नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि इस मुद्दे पर उनका संघर्ष जारी रहेगा। राजद नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र के साथ धोखा किया है। संवैधानिक संस्थाओं को अपने नियंत्रण में लेने की किसी भी कोशिश का विपक्ष विरोध करेगा। तेजस्वी ने प्रदर्शन स्थल को जंतर-मंतर से दिल्ली की सीमाओं की ओर स्थानांतरित किए जाने पर भी सवाल उठाए। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि आंदोलन को दबाने की कोशिश की गई।

## मऊ का किशोर अपहरण: 3 तत्कालीन एसपी के खिलाफ होगी जांच

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मऊ में 14 वर्षीय किशोर के अपहरण के मामले में पुलिस की कार्रवाई और मुकदमे की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद शासन हरकत में आया है। गृह विभाग ने मऊ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षकों अविनाश पांडेय, इमरान और कमलेश बहादुर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने का आदेश जारी किया है। जल्द ही जांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव को 16 नवंबर को अगली सुनवाई तक वर्ष 2023 से मऊ में एसपी के पद पर तैनात रहे अधिकारियों के खिलाफ औपचारिक विभागीय कार्यवाही शुरू करने और व्यक्तिगत रूप से सत्यापित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि मुकदमों में प्रगति सुनिश्चित करना और गवाहों को अदालत में पेश कराना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसमें लगातार विफलता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मामला वर्ष 2017 में दर्ज 14 वर्षीय किशोर के कथित अपहरण से जुड़ा है।

## सौरव दास और आशुतोष रांका फिर हिरासत में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर सियासी और प्रशासनिक तनाव बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जंतर-मंतर पहुंचने पर सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका को पुलिस ने फिर हिरासत में ले लिया। दोनों को कहां ले जाया गया, इसकी तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। दोनों नेताओं को 10 अक्टूबर को अभिजीत दीपके के साथ हिरासत में लिया गया था। रविवार को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष 50 हजार रुपये का मुचलका भरने और एक वर्ष तक शांति भंग नहीं करने की शर्त पर उन्हें रिहा किया गया था।

# बिहार के वैशाली में नाव डूबी, 13 मरे

**एजेंसी, हाजीपुर।**

बिहार के वैशाली जिले में मंगलवार शाम गंगा नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव के पास हुई इस दुर्घटना में शुरुआती जानकारी के अनुसार 13 लोगों की मौत होने की सूचना है। मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। नाव पर 15 से 20 लोग सवार थे। हादसे के बाद कुछ लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, नाव पर सवार लोग पास के गांव में भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान गंगा नदी में नाव पलट गई। नाव पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग नदी में डूब गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। नदी से निकाले गए कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों में नाव पर क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई।



## एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की याचिका में 14 खामियां, सुनवाई टली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ राहुल गांधी, अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 11 विपक्षी नेताओं की याचिका में सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने 14 खामियां बताई हैं। इन कमियों के कारण मंगलवार को याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। रजिस्ट्री के मुताबिक, याचिका के साथ जमा दस्तावेजों में कुछ पन्ने गायब हैं, जबकि कुछ स्पष्ट रूप से पढ़े नहीं जा सकते। इसके अलावा निर्धारित कोर्ट फीस से 220 रुपये कम जमा किए गए हैं।

## शिकंजा: प्रदेश में कोचिंग सेंटरों की जवाबदेही होगी तय, बनेगा कानून

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में निजी कोचिंग सेंटरों को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत 50 से अधिक विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों की सुरक्षा, शिक्षकों की योग्यता, फीस वसूली और पढ़ाई बीच में छोड़ने पर धनराशि वापस करने जैसे प्रावधान प्रस्तावित हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग संचालकों पर 50 हजार से लेकर 1.50 लाख रुपये तक जुर्माना लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

इसके लिए सरकार उत्तर प्रदेश कोचिंग (विनियमन) अध्यादेश-2026 लाने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य निजी कोचिंग संस्थानों के संचालन को नियमन के दायरे में लाना, विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना और अवैध वसूली पर रोक लगाना है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत कोचिंग सेंटर दाखिले के समय विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छी रैंक या अधिक अंक दिलाने का भ्रामक वादा भी नहीं कर सकेंगे।

प्रस्तावित कानून में कोचिंग संस्थानों में शिक्षकों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता तय करने का प्रावधान है।

**गांव में कारोबार** | ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, 276.80 करोड़ रुपए के निवेश का रास्ता साफ, 65.55 करोड़ रुपए जारी

# 25 जिलों में लगेंगी खाद्य प्रसंस्करण की 51 इकाइयां

- किसानों की उपज को मिलेगा नया बाजार
- युवाओं-महिलाओं के लिए रोजगार बढ़ेंगे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत 25 जिलों में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 51 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं पर कुल 276.80 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष 65.55 करोड़ रुपए की धनराशि जारी भी की जा चुकी है। इन इकाइयों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य गांवों में कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार करना, किसानों की उपज को बाजार से जोड़ना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित होने से कृषि उत्पादों को सीधे कच्चे माल के रूप में बेचने के बजाय उनका प्रसंस्करण कर अधिक मूल्य हासिल करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सकती है।



खाद्य प्रसंस्करण की स्वीकृत परियोजनाएं हाथरस, सीतापुर, आगरा, बरेली, पीलीभीत, गोरखपुर, शाहजहांपुर, लखनऊ, बदायूं, आजमगढ़, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, इटावा, कुशीनगर, एटा, कानपुर नगर, बहराइच, बिजनौर, वाराणसी, बुलंदशहर, अलीगढ़, रामपुर और हरदोई सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित की जाएंगी। परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय सशक्त समिति ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की स्वीकृति के बाद मंजूरी दी है।

इन इकाइयों के स्थापित होने से संबंधित जिलों में कृषि आधारित कारोबार को बढ़ावा मिलने की संभावना है। निवेश के साथ प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार का रास्ता भी खुल सकता है।

# राज्यमंत्री ने अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण



समृद्धि न्यूज, सिद्धौर बाराबंकी।

प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को गजपतिपुर में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहाकि देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर ही जाता है।भाजपा सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास कराने को प्रतिबद्ध है।सरकार ने गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया है।चाहे किसानों की बात हो नौजवानों और छात्रों की बात हो सभी के लिए सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। पैसों का अभाव अब किसी भी गरीब के इलाज में बाधा नहीं बनेगा, सरकार ने इसकी भी व्यवस्था की है। आयुष्मान कार्ड से गरीबों को 5 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा मिली है।कोरोना काल से निशुल्क खाद्यान्न वितरण भी निरंतर जारी है।उन्होंने आगे कहाकि केंद्र और प्रदेश की सरकार सबका साथ और सबका विकास की तर्ज पर आमजन के लिए कार्य कर रही है।अन्नपूर्णा भवन बन जाने से कार्ड धारकों को खाद्यान्न के लिए अब इधर उधर जाने की जरूरत नही होगी।अब उन्हे इसी स्थान पर आसानी से राशन प्राप्त होगा। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव,राजू सिंह, विनोद साहू,सर्वजीत सिंह,कृपाशंकर पांडेय और प्रदीप द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रहरियों के सम्मान समारोह का देखा गया सजीव प्रसारण



- जिले के तीन सौ ग्राम प्रहरियों को किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बरेली की रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित भव्य समारोह में पुलिस के सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रदेश के 68,000 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किए जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बाराबंकी रिजर्व पुलिस लाइन्स के बहुउद्देशीय हॉल में देखा गया। इस अवसर पर खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने ग्राम प्रहरियों को शॉल एवं टार्च प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिले के 300 ग्राम प्रहरी उपस्थित रहे तथा ग्राम प्रहरियों के योगदान की सराहना करते हुए पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराधों की रोकथाम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, विधायक साकेन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक बाराबंकी रवीना त्यागी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चार दिन बाद भी लापता युवती का सुराग नहीं, पुलिस के हाथ खाली

- घर से 800 मीटर दूर मिले चप्पल और डिब्बा
- अनहोनी की आशंका से परेशान परिजन

समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़, बाराबंकी।

सुबेहा थाना क्षेत्र के रुकनुद्दीनपुर गांव से बीते 9 अक्टूबर की सुबह शौच जाने की बात कहकर घर से निकली 19 वर्षीय युवती लापता हो गई। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। इससे परिजन परेशान हैं और उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। युवती के भाई के मुताबिक, 9 अक्टूबर 2026 की सुबह 8 बजे उसकी बहन अपनी भाभी से शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान घर से करीब 800 मीटर की दूरी पर गोमती नदी के किनारे युवती के चप्पल और डिब्बा लावारिस हालत में मिले थे । सामान मिलने के बाद परिजनों ने युवती के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई थी। परिजनों की तहरीर पर सुबेहा पुलिस ने 9 अक्टूबर को ही रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद मामले की जांच करने और लापता युवती को बरामद करने की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक पवन गुप्ता को सौंपी गई। हालांकि, चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को युवती के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। उपनिरीक्षक पवन गुप्ता ने बताया कि लापता युवती के बारे में अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### घर में घुसकर नकदी समेत लाखों का जेवर चोर लेकर हुए चम्पत

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में बीती रात एक मकान में घुसकर चोर आठ हजार की नगदी समेत लाखों के कीमती आभूषण उठा ले गए।सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की।जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना महुवागढ़ मजरे भेड़िया गांव की है।यहां के निवासी हनुमान यादव के मकान में बीती रात अज्ञात चोर घुस आए और अंदर रखी 8 हजार की नगदी सोने की दो जोड़ी झुमकी,दो जोड़ा हार,दो जोड़ी टॉप्स,चांदी की पायजेब,करधनी और बिछिया आदि उठा ले गए।मंगलवार सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई ।सूचना पर हमेशा की तरह पुलिसिया कार्रवाई सिर्फ मौका मुआयना तक ही सीमित रही।कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में है।प्रभारी निरीक्षक असंद्रा अनिल सिंह का कहना है कि घटना की जांच जारी है।

### पेड़ काटते हुए हादसा, युवक की मौत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में मंगलवार सुबह पेड़ काटते समय दर्दनाक हादसा हो गया।पेड़ के ऊपर गिरने से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान ननकू यादव पुत्र रामखेलावन यादव के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि ननकू सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव में यूकेलिप्टस (कलेक्टर) का पेड़ काट रहा था।पेड़ काटते समय संतुलन बिगड़ा और पूरा पेड़ उसके ऊपर आ गिरा,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन और ग्रामीण तुरंत उसे उठाकर संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली बदोसराय पुलिस को दी।सूचना पर उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे,पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना नूरगंज-ईशाद नगर मार्ग की है, जहां अज्ञात पिकअप ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी।घायल की पहचान 60 वर्षीय मुशीर पुत्र वशीर अहमद निवासी मुश्काबाद (काले बाबा की मजार के पास) के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि बुजुर्ग अपनी साइकिल से जा रहे थे,तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले जाया गया।वहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. गौरव कृष्ण ने प्राथमिक उपचार किया।हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया।सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभान रावत, मोहर्रम अली समेत अन्य ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और घायल के उपचार में सहयोग किया।पुलिस पिकअप की तलाश कर रही है।

### प्रेमिका के घर के पीछे पेड़ से लटकता मिला प्रेमी का शव

**बेलहरा बाराबंकी।** फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार भोर प्रेमिका के घर के पीछे कटहल के पेड़ से 25 वर्षीय मोहित कुमार का शव लटका मिला युवक का करीब सात वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। खास बात यह है कि मंगलवार को ही उसकी प्रेमिका की सगाई होनी थी।मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के आल्हेमऊ गांव निवासी मोहित फतेहपुर में किराये के कमरे में रहकर आराध्या डेंटल क्लीनिक में कंपाउंडर का काम करता था।आरोप है कि प्रेमिका के परिजन उसे प्रताड़ित कर रहे थे।मौत से पहले मोहित ने तीन वीडियो प्रधान प्रतिनिधि रमाकांत वर्मा को भेजे थे,जिनमें उसने पांच लोगों पर मानसिक रूप से परेशान करने और धमकाने का आरोप लगाया था। सूचना पर सीओ शक्ति सिंह और कोतवाली प्रभारी अमित सिंह मौके पर पहुंचे।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के पिता विमलेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।सीओ ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ग्राम प्रहरियों का मानदेय बढ़ा, अब हर माह मिलेंगे रु. 3500

**अम्बेडकरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में पुलिस की मदद करने वाले ग्राम प्रहरियों के मानदेय में 1,000 की वृद्धि की गई है। अब उन्हें प्रतिमाह 3,500 मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ भी दिया जाएगा। मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने ग्राम प्रहरियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों तथा ग्राम प्रहरियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



# रामलीला के छठवें दिन हैदरगढ़ में निकली भव्य राम बारात

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।

रामलीला कार्यक्रम के छठवें दिन मंगलवार की शाम नगर भ्रमण के लिए दो दर्जन से अधिक झांकियो, बैण्ड बाजे ढोल नगाड़ों डीजे एवं हजारों श्रद्धालुओं के साथ हैदरगढ़ की सुप्रसिद्ध राम बारात नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। नगर भ्रमण के दौरान विगत वर्षो की तरह जहां भाजपा सपा एवं कांग्रेस पार्टी के जन प्रतिनिधियों द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर वही अन्य श्रद्धालुओं द्वारा अलग अलग स्थानों पर भगवान राम की आरती उतार कर प्रसाद का वितरण कराया गया। राम बारात को सकुशल संपन्न कराने में बड़ी संख्या में पुलिस बल चप्पा चप्पा पर तैनात रहा।

गुरुवार की शाम 4 बजे रामलीला कोठी से नगर भ्रमण के लिए निकली राम बारात में बाबा अमरनाथ नारी सशक्तीकरण, सशक्त भारत एवं माता वैष्णो देवी के पिंडी दर्शन की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

बारात में शामिल हजारों युवा डीजे की धुनो के साथ साथ ब्रास बैण्ड व ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य राम बरात में झूमते थिरकते नजर आए। ढाई दर्जन से अधिक झांकियों बैण्ड बाजो के साथ नगर भ्रमण के लिए निकली राम बारात को लेकर कस्बा वासियों के साथ आसपास एवं दूर दराज के गांवो से आए ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भ्रमण मार्ग पर राम बारात के पहुंचने के पहले से ही बड़ी संख्या में पुरुषों के अलावा महिलाएं और बच्चे मार्ग के दोनों किनारो पर खड़े नजर आए। नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंचने पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, सांसद तनुज पुनिया, विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, प्रधान अरुण शुक्ला सनातन एकता मंच के संरक्षक अमित सिंह, ग्राम्यांचल सेवा समिति से जुड़े आशुतोष अवस्थी टिंकू एवं सिद्धार्थ अवस्थी सिद्धू के अलावा तमाम श्रद्धालुओं द्वारा आरती उतार कर प्रसाद का वितरण किया गया।इस बारात में पूर्व शिक्षाधिकारी एमपी अवस्थी, लाला लक्ष्मी नारायण साहू, प्रधान आसाराम वर्मा प्रधान गौरव सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान एडवोकेट सहदेव मौर्य, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, अतुल सिंह, उदय अग्रवाल, समाजसेवी इंद्र कुमार मिश्रा , संतोष कुमार राहुल दीक्षित पूर्व प्रधान कुशमेश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सलमान को मिली पार्टी में ज़िम्मेदारी कार्यकर्ताओं में खुशी

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।



सपा वरिष्ठ नेता सलमान रिजवी को मिली बड़ी ज़िम्मेदारी, सलमान को सपा पार्टी मे जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी और एक दूसरे का मुँह मीठा कराया गया। श्री रिजवी ने जिम्मेदारी मिलते ही पार्टी के आलाकमान का शुक्रिया अदा किया और उन्हों विश्वास दिलाया की पूरी ईमानदारी से पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे। सलमान रिजवी ने पार्टी जिलाध्यक्ष अयाज़ अहमद का आभार प्रकट करते हुवे कहा की मेने हमेशा पार्टी हित मे काम किया है और आगे भी करता रहूँगा और आगामी विधानसभा चुनाव मे मेहनत करके जनपद की 6 के 6 विधानसभा सीटों पर लड़ रहे प्रत्याशीयो को जिताने के लिए कोशिश करेंगे। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ने हाफ़िज़ अयाज़ द्वारा सलमान रिजवी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने के बाद कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारो से गुज उठा जनपद।

### धान खरीद एक नवंबर से, कॉमन का रु. 2441 व ग्रेड-ए का रु. 2461 प्रति क्विंटल मिलेगा समर्थन मूल्य

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिले में एक नवंबर से 28 फरवरी 2027 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत धान की खरीद होगी। शासन ने धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2,441 रुपये और ग्रेड-ए का 2,461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। खरीद 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगी। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी के मुताबिक, धान क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक संचालित होंगे। रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर अन्य कार्यदिवसों में खरीद की जाएगी। स्थानीय अवकाश और महीने के दूसरे शनिवार को भी क्रय केंद्र खुले रहेंगे। धान बिक्री के लिए एग्रीस्टैक योजना के तहत तैयार फार्मर आईडी को आधार बनाया गया है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 10 दिन का नि:शुल्क प्रशिक्षण

- हुनर को मिलेगा बढ़ावा, कारीगरों को टूलकिट व रु. 4 हजार मानदेय
- बढ़ई, लोहार और नाई ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आज

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

पारंपरिक कारीगरों और दस्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। योजना के माध्यम से बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े पात्र लोगों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को संबंधित ट्रेड में 10 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण पूरा करने वाले लाभार्थियों को आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराने के साथ ही प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार हजार रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा।

योजना के तहत बढ़ई, लोहार और नाई ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, राज रोड, धर्मपुर, बलरामपुर में होगा।

अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

# देवा मेला-2026 की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।



आगामी 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले ऐतिहासिक देवा मेला-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में संबंधित अधिकारियों एवं देवा मेला समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन, मेलार्थियों की सुरक्षा तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेलार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभावी एवं उपयोगी नवाचार अपनाए जाएं। मेले को भव्यता प्रदान करने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने पशु बाजार के दृष्टिगत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मेले के दौरान सुचारु विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा आयोजित होने वाले खेल आयोजनों की तैयारियों के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेले की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नगर निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिफ्टवार सफाईकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करते हुए पूरे मेला परिसर में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने मेला समिति को निर्देश दिए कि दुकानों के लिए स्थलों का आवंटन समय से सुनिश्चित कराया जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी दुकान सड़क पर न लगने पाए, जिससे आवागमन बाधित न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले से जुड़ी तैयारियां निर्धारित समयावधि में पूर्ण करते हुए अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी एवं देवा मेला समिति के सचिव निरंकार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ रंजन गौतम, समिति के अन्य सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 460 ग्राम प्रहरियों का हुआ सम्मान वेतन वृद्धि से बढ़ा उत्साह

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



रिजर्व पुलिस लाइन्स बलरामपुर में मंगलवार को ग्राम प्रहरियों और चौकीदारों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के 460 ग्राम प्रहरियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने ग्राम प्रहरियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सक्रियता और समय पर सूचना देने से अपराधों की रोकथाम तथा गांवों में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाने को देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में ग्राम प्रहरियों के कल्याण और सुविधाओं पर भी जोर दिया गया। सरकार की ओर से उन्हें पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, वेतन वृद्धि और अन्य अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की गई है। अधिकारियों ने कहा कि ग्राम प्रहरियों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

# जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादें, त्वरित निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कर विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर ठगी और महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों से गूगल मीट के माध्यम से संवाद कर शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मौके पर पैमाइश कराने और समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने तथा मिशन शक्ति के तहत जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं, साइबर ठगी की शिकायतों पर साइबर सेल को 24 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता से संपर्क कर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या संवेदनशीलता से सुनी जाए और उसे समय से न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए। शिकायतों और जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा भी उनके स्तर से की जाएगी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार गुप्ता को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**विजय पाल पुत्र सत्यनरायन**
**निवासी ग्वारी रोड मझपुरवा,**
**जीत नगर थाना कोतवाली नगर**
**जिला-बाराबंकी।**

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय, द्वितीय जिला-बाराबंकी
अपील सं0- टी202604120139911
ता0पे0-26.10.2026

सन्दीप कनौजिया बनाम नेहा कनौजिया बनाम-नेहा कनौजिया पुत्री संजय कनौजिया निवासिनी दक्षिण टोला मन्दिर के पास बड़ेल परगना व तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी हाल पता मकान नं0 624/200 गंगा बिहार कालोनी निकट प्राथमिक विद्यालय, चिनहट जिला लखनऊ। चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसका मुसन्ना संलग्न है, अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये सन 2026 ई0 के 10 के 26 दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 ई0 के 10 के 13 दिवस को निकाली गई।**

# ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों का धरना

- ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे अधिकारी
- संगठन ने जांच समाप्त करने की मांग की

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



विकास भवन के गेट पर मंगलवार दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने धरना शुरू कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष और समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कर्मचारी धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि पूर्व सूचना देने के बावजूद ज्ञापन लेने के लिए कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचा। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने सोमवार को ही मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को सूचना दे दी थी कि मंगलवार को जिलेभर के ग्राम विकास अधिकारी ज्ञापन देने आएंगे। इसके बावजूद मुख्य विकास अधिकारी समेत कोई भी वरिष्ठ अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि अधिकारी उनके अभिभावक की तरह हैं। उम्मीद थी कि वे कर्मचारियों से मिलकर ज्ञापन लेंगे, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। ऐसे में मजबूर होकर विकास भवन के गेट पर धरना शुरू करना पड़ा। संघ का आरोप है कि मांगों को लेकर लगातार पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। इसके उलट संगठन के पदाधिकारियों को साजिश के तहत फंसाकर उनका शोषण किया जा रहा है।

# नारद मोह व रावण-सीता जन्म की लीला का मंचन

- लखीमपुर के कलाकारों ने सजीव अभिनय से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



सत्य प्रचारिणी रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में लखीमपुर से आए कलाकारों ने नारद मोह, रावण जन्म और सीता जन्म की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने धार्मिक प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. कुलदीप विश्वकर्मा, डॉ. सतीश सिंह, डॉ. कौशल्या गुप्ता, बलरामपुर इस्टेट के महाप्रबंधक संजीव कुमार और रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कमेटी की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

अतिथियों ने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंचन के माध्यम से कलाकारों ने भक्ति, धर्म और मर्यादा का संदेश दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और रामलीला प्रेमी मौजूद रहे। कमेटी की ओर से महिला और पुरुष दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के लिए पुलिस टीम भी तैनात रही।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र सत्यनाम को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**हरीराम पुत्र द्वारिका**
**ग्राम सुर्रा का पुरवा मजरे सुर्रा,**
**तहसील सिरौलीगौसपुर, थाना**
**टिकैतनगर, जनपद-बाराबंकी।**

# पीजी करने वाले डॉक्टरों को दस साल करनी होगी सरकारी सेवा

- छोड़ने पर देना होगा एक करोड़ का बॉन्ड

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश के दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात करीब 150 डॉक्टर एमडी, एमएस और डीएनबी की पढ़ाई करेंगे। पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र और बॉन्ड लेना अनिवार्य होगा। पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉक्टरों को 10 वर्ष सरकारी अस्पतालों में सेवा देनी होगी, अन्यथा एक करोड़ रुपये जमा करने होंगे।

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के तहत प्रदेश के दुर्गम एवं ग्रामीण इलाके में कार्यरत करीब डेढ़ सौ डॉक्टर एमडी, एमएस और डीएनबी कोर्स करेंगे। कोर्स पूरा करने के बाद इन डॉक्टरों को विशेषज्ञ के रूप में सरकारी अस्पताल में 10 साल सेवा देनी होगी। सेवा नहीं देने पर इन्हें एक करोड़ रुपया राजकीय कोष में जमा करना होगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएस) में दुर्गम एवं पिछड़े जिलों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को स्नातक कोर्स करने पर भारांक दिया जाता है। यह सुविधा उन डॉक्टरों को मिलती है, जो ग्रामीण इलाके में करीब तीन वर्ष सेवा देते हैं। यह सुविधा उन्हीं एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगी, जिनकी उम्र 45 वर्ष से कम है। नीट पीजी का परिणाम जारी होने के बाद ऐसे डॉक्टरों को स्नातकोत्तर यानी एमडी- एमएस और डीएमबी कोर्स की काउंसलिंग में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी गई है। महानिदेशालय की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक करीब 140 डॉक्टरों ने अनुमति पत्र ली है।

### एनओसी के साथ भरना होना बॉन्ड

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के तहत डॉक्टरों को पीजी कोर्स में दाखिला लेने के लिए विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेनी होगी। एनओसी लेते वक्त बॉन्ड भरना होगा। इसके तहत प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 10 वर्ष तक राजकीय चिकित्सालयों में सेवा देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर एक करोड़ रुपये सरकारी राजस्व में जमा करना होगा। बॉन्ड के साथ दो विभागीय जमानतदार भी देना होगा।

# 1,536 अभियंता पदों पर भर्ती, नवंबर से आवेदन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने विद्युत और यांत्रिक अभियांत्रिकी के कुल 1,536 पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें विद्युत के 380 और यांत्रिक के 1,156 पद शामिल हैं। विद्युत पदों के लिए छह से 27 नवंबर और यांत्रिक पदों के लिए तीन से 25 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। भर्ती के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 में शामिल होना अनिवार्य है। इसके नॉर्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। विद्युत अभियांत्रिकी के 380 पदों में लोक निर्माण विभाग में 231, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में विद्युतकार के 56, राजकीय निर्माण निगम में 46 और विद्युत सुरक्षा निदेशालय में 34 पद हैं। यांत्रिक अभियांत्रिकी के 1,156 पदों में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में 458, राज्य सड़क परिवहन निगम में कारीगर (यांत्रिक) के 270 और सहायक भंडारपाल के 128 पद शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंता के 264 पदों पर भी भर्ती होगी। जेई यांत्रिक व विद्युत के 1536 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन नवंबर से अधिकांश पदों के लिए संबंधित शाखा में तीन वर्षीय डिप्लोमा जरूरी है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा सामान्यतः 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। कुछ पदों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष होगी। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी। सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क नहीं देना होगा, लेकिन 25 रुपये प्रक्रिया शुल्क देना होगा।

मुख्य परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी। प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक मिलेगा, जबकि गलत उत्तर पर एक-चौथाई अंक काटा जाएगा। चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार नहीं होगा। मुख्य परीक्षा के लिए अलग शुल्क देना होगा। यांत्रिक पदों के आवेदन में दो दिसंबर और विद्युत पदों के आवेदन में चार दिसंबर 2026 तक संशोधन किया जा सकेगा।

# कांग्रेस कार्यालय में जूते लहराए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व खफा

- पांच सदस्यों की टीम लगाएगी सच का पता

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में रविवार को हुए बवाल और जूते चलने के मामले में पार्टी ने जांच शुरू कर दी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय कमेटी पूरे मामले में तथ्य जुटा रही है। कार्यालय से सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मीडिया रिपोर्ट और विभिन्न तरह के वीडियो को इकट्ठा किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में रविवार को हुए बवाल के बाद प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। कमेटी में सचिव अभिषेक दत्त, अब्दुल हन्नान, पूर्व सांसद रवि वर्मा और शमीमा बानो को शामिल किया गया है। कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कमेटी ने मंगलवार को जांच शुरू कर दी है। कमेटी से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि पार्टी मुख्यालय के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी सुरक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा मीडिया में आई विभिन्न रिपोर्ट को भी इट्ठा किया जा रहा है। कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा तथ्य जुटाए जाएं। फिर फुटेज में दिखने वालों के बयान भी लिए जाएंगे।

# गांवों में खराब हैंडपंपों को जल्द करें ठीक : ओपी राजभर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

गांवों में खराब पड़े हैंडपंपों को जल्द मरम्मत कर ठीक करने और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के इंतजाम किए जाएंगे। हैंडपंप की मरम्मत के साथ उनका भौतिक सत्यापन, जियो टैगिंग व पेयजल की गुणवत्ता को भी जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। विभागीय समीक्षा बैठक में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अधिकारियों को इसके सख्त निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-टू के तहत फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से संबंधित कार्यों एवं आईईसी गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाए।

## छात्र आसानी से समझेंगे विज्ञान के कठिन पाठ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। यूपी में परिषदीय उच्च प्राथमिक स्कूलों के छात्रों को विज्ञान के कठिन से कठिन पाठ सरल ढंग से समझाने के लिए अब प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। छात्र विज्ञान के कठिन पाठ प्रोजेक्ट बनाकर आसानी से समझ सकेंगे।

261 मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया है। अब यह विज्ञान शिक्षकों को बताएंगे कि किस तरह प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा देकर छात्रों को कठिन पाठ आसानी से समझाया जाए।

## खबरें एक नजर में

### राज्यसभा सदस्य बने धनराज परिमल ने प्राप्त किया प्रमाण पत्र



**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव के अंतर्गत सोमवार को समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्याशी रहे धनराज परिमल नाथवानी को विशेष सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर अजीत कुमार वर्मा निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित 10 सदस्यों में से 9 सदस्यों ने 9 अक्टूबर को अपना प्रमाण पत्र विशेष सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर अजीत कुमार वर्मा से प्राप्त कर लिया था । लेकिन समाजवादी पार्टी के धनराज परिमल नाथवानी अक्टूबर को मौजूद नहीं थे ।धनराज परिमल नाथवानी ने सोमवार को अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र विशेष सचिव रिटर्निंग ऑफिसर अजीत कुमार वर्मा से प्राप्त किया। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी के 8 सदस्य मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जिनमें धर्मपाल सिंह, प्रकाश पाल , श्रुति गंगवार ,विद्यासागर सोनकर, प्रियंका सिंह रावत, राधाकांत ओझा ,गोपी कृष्ण पाण्डेय, राम प्रताप ससिंह चौहान तथा समाजवादी पार्टी की ओर से प्रोफेसर रामगोपाल यादव व धनराज परिमल नाथवानी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था ने सभी 10 के 10 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। धनराज परिमल नाथवानी के अलावा सभी 9 सदस्यों ने 9 अक्टूबर को अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया था और सोमवार को धनराज परिमल नाथवानी ने सचिव रिटर्निंग ऑफिसर अजीत कुमार वर्मा से प्राप्त किया।

### श्रीराम के वन गमन के दृश्य देख भाव विभोर हुए श्रोता



**लखनऊ।** मंगलवार को ऐशबाग के ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान मे चल रहे 'रामोत्सव 2026' के तीसरे दिवस की लीला का मंचन हर्षोल्लास के साथ आरंभ हुआ जहाँ श्रीराम और उनके चारों भाईयों की बारात की वापसी और नई बहुओं के स्वागत में अयोध्या वासी खुशी से नाचते गाते दिखाई देते हैं । श्रीराम के विवाह के पश्चात सब कुशल चल रहा था इसी बीच राजकुमार भरत अपने साथ शत्रुघ्न को लेकर ननिहाल चले जाते हैं । इधर महाराजा दशरथ अपने मंत्रिमंडल के साथ नए राजा को लेकर विमर्श करते हैं और सर्वसम्मति से श्री राम के राज्याभिषेक की घोषणा कर देते हैं, राज्याभिषेक की खबर अयोध्या में फैलते ही मंच पर अवध में हर्षोल्लास के दृश्य जीवंत हो उठते हैं । अगले दृश्य में राजतिलक से पूर्व राजा दशरथ श्रीराम को राजा के कर्तव्यों का ज्ञान देते हैं तो दूसरी और हर्ष में तीनों माताएं भी गदगद हैं ।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी सपा, हर दिन उजागर करेगी मतदाता सूची की खामी



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य की सियासत में मतदाता सूची को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर पहुंच गया है। सपा ने फैसला किया है कि चुनाव आयोग के विशेष अभियान के दौरान मतदाता सूची की एक खामी को हर दिन उजागर किया जाएगा। सोमवार से ही इस अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत सबसे पहले डुप्लीकेट मतदाता और नए मतदाताओं के नाम पर फर्जीवाड़ा पर फोकस किया जा रहा है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी ने अब यह तय किया है कि वह हर दिन मतदाता सूची की एक नई विसंगति को सार्वजनिक करेगी, ताकि एक पारदर्शी, निष्पक्ष और त्रुटिरहित चुनावी प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा सके। हर दिन एक नए मामले या विसंगति को जनता और मीडिया के सामने लाकर सपा एक तरफ जहां सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को भी इस मुहिम से सक्रिय करने में जुटी है।

सपा का कहना है कि जब हाल ही में विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी हुई है, जिसमें अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट हुए और मृत मतदाताओं को हटाया गया है। फॉर्म-6 भरवाकर नए मतदाता भी बनाए गए हैं तो अब एक माह के विशेष अभियान की कोई तुक नहीं समझ में आ रही है। वो भी तब, जब विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) भी होना है।

# आईआईएम छात्रों को अमेजन-अडानी का ऑफर

- सर्वाधिक घरेलू स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपए प्रतिमाह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ के विद्यार्थियों ने समर प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। सत्र 2026-28 के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट (पीजीपी-एबीएम) के विद्यार्थियों को 600 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर मिले हैं। प्लेसमेंट प्रक्रिया में 100 प्रतिशत सफलता दर्ज की गई। अमेजन, गूगल, गोल्डमैन सैक्स, जेपी मॉर्गन चेस, मैकिन्से एंड कंपनी और रिलायंस जैसी दिग्गज कंपनियों ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर दिए। इस दौरान सर्वाधिक घरेलू स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपये प्रति माह रहा, जबकि औसत स्टाइपेंड 1.72 लाख रुपये प्रति माह दर्ज किया गया। संस्थान के अनुसार, विद्यार्थियों का मध्यिका स्टाइपेंड 1.75 लाख रुपये प्रति माह रहा। प्लेसमेंट प्रक्रिया के पहले ही दिन 350 से अधिक ऑफर मिले। बैच के 75 प्रतिशत विद्यार्थियों को औसतन 1.5 लाख रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड मिला।

समर प्लेसमेंट प्रक्रिया में कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। नियमित भर्तीकर्ताओं में एक्सेंचर, आदित्य बिड़ला ग्रुप, एडोबी, अमेजन, अमेरिकन एक्सप्रेस, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, डेलॉइट, डॉयचे बैंक, गोल्डमैन सैक्स, गूगल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, जेपी मॉर्गन चेस, मैकिन्से एंड कंपनी, रिलायंस, प्रॉक्टर एंड गैंबल और वीजा शामिल रहीं। वहीं, पहली बार भर्ती करने वाली कंपनियों में फ्लिपकार्ट, स्विगी, कोका-कोला, आईबीएम, ग्रो, प्रेमजी इन्वेस्ट, बेयर, कमिंस, डीबीएस, एक्सपीडिया ग्रुप, जियोस्टार, अरविंद फैशन्स, फर्स्टसोर्स, रिन्यू पावर और समारा कैपिटल शामिल रहीं।

### कैप्टन स्मित मछार की वीरता को नमनः डॉ. निष्ठा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** कैप्टन स्मित मछार की वीरता एवं शूरता को नमन करते हुए उनके अभिनन्दन स्वरूप आर्य प्रतिनिधि सभा उ0प्र0 के तत्वावधान में एक वृहद यज्ञ आयोजित किया गया, जिसका ब्रह्मत्व वेदाचार्य डा0 निष्ठा विद्यालंकार ने किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य यज्ञमान का दायित्व सपत्नीक रामेन्द्र देव वर्मा ने निभाया। उपस्थित आर्यजनों ने यज्ञ में आहुतियाँ देकर कैप्टन मछार के स्वस्थ एवं दीर्घ आयु की कामना की। मुख्य वक्ता डॉ0 निष्ठा विद्यालंकार ने कहा कि कैप्टन स्मित एक भारतीय पायलट हैं जिन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए 30 सितम्बर को फ्लाई दुबई के एक विमान में सवार 174 से अधिक लोगों की जान बचाई।

# निबंधन शिविर में हुई 107 रजिस्ट्रियां

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




लखनऊ विकास प्राधिकरण में लगाए गये विशेष निबंधन शिविर में मंगलवार को 107 आवंटियों ने अपनी सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवायी। बिना किसी भागदौड़ के एक ही पटल पर फाइल तैयार हुयी और वहीं रजिस्ट्री हो गयी तो आवंटियों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की पहल पर आयोजित इस कैम्प की जमकर सराहना की। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि आवंटियों की सहूलियत के लिए 13 अक्तूबर से 15 अअक्तूबर, 2026 तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में विशेष निबंधन शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष शिविर में प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ही निबंधन विभाग की टीम भी उपस्थित रहेगी। शिविर के पहले दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में आवंटियों ने प्रतिभाग किया। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चली कार्यवाही के दौरान कुल 107 आवंटियों के पक्ष में सफलतापूर्वक निबंधन की कार्यवाही की गयी। इसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट्स, कानपुर रोड योजना, जानकीपुरम विस्तार, बसन्तकुंज, शारदानगर, गोमती नगर व प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं। इसमें विशेष रूप से पीएमएवाई, आश्रयहीन एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटियों ने उत्साह दिखाया। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि कैम्प में रजिस्ट्री के लिए कई नये आवेदन भी आए हैं, जिसके लिए फाइलें तैयार करायी जा रही हैं। वहीं, जिन आवंटियों ने अभी तक रजिस्ट्री के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें नोटिस भेजी जाएगी।

# मिशन शक्तिः महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

- हैदरगंज चौराहे पर तीन थानों की पुलिस ने चलाया अभियान
- हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को लखनऊ पुलिस के पश्चिमी जोन में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत बाजारखाला, सआदतगंज और तालकटोरा थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान हैदरगंज चौराहे पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# डिवाइस की वजह से स्टॉर्ट नहीं हुई कार, पकड़ा गया चोर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

तेलीबाग इलाके में दो चोर ने एक कार का शीशा तोड़ दिया। फिर कार को स्टॉर्ट करने की कोशिश की, लेकिन कार में लगी क्रूज कंट्रोल डिवाइस के चलते गाड़ी स्टॉर्ट नहीं हो सकी। यही नहीं कार का सायरन भी तेजी से बजने लगा। इस पर सो रहे परिजन जाग गए। उन लोगों ने पड़ोसियों की मदद से मौके से भाग रहे एक चोर को पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी को पीजीआई पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। तेलीबाग के नेपालगंज निवासी पीड़ित रवि सिंह के मुताबिक उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। सोमवार तड़के दो युवक पहुंचे। उन लोगों ने चालक और स्टेयररिंग की ओर से शीशा तोड़ दिया। फिर कार में अंदर जाकर उसे स्टॉर्ट करने की कोशिश की। पर, कार में क्रूज कंट्रोल डिवाइस लगी थी। इस वजह से रवि की कार स्टॉर्ट नहीं हुई, बल्कि कार में छेड़छाड़ के अलर्ट सिस्टम के तहत गाड़ी का सायरन तेजी से बजने लगा। कार स्टॉर्ट करने में नाकाम रहने पर आरोपी चोर भागने लगा। शोर सुनकर पीड़ित कार मालिक के साथ ही पड़ोसियों ने उन दोनों को दौड़ा लिया। दौड़ाने पर एक चोर रास्ते में पड़े तालाब में कूद गया। इस पर पीड़ित और स्थानीय लोग तालाब के चारों ओर उसका इंतजार करते रहे। कुछ देर बाद चोर तालाब से निकला। तब लोगों ने उस चोर को दौड़ाकर एक गली में पकड़ लिया, जबकि उसका चोर साथी कार के कागजात और अन्य सामान लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान लखीमपुर निवासी शाहरुख के रूप में हुई है।

**तैयारी** | जरूरी संसाधन विकसित करने पर 17.50 खर्च होंगे रुपए

# 56 जिलों में बनेंगे 62 डेटा सेंटर व लैब

- एआई लैब बनाने का फैसला
- प्रमुख सचिव ने कहा एआई लैब के लिए स्थान चयनित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



इंडिया एआई मिशन में यूपी की योगी सरकार भी जुट गई है। प्रदेश के 56 जिलों में 62 डेटा सेंटर और एआई लैब स्थापित की जाएंगी। संबंधित जिलों में संस्थानों का चयन कर लिया गया है। कई जिलों को डबल फायदा होगा। इन जिलों में दो लैब बनाई जाएगी। जरूरी संसाधन विकसित करने पर 17.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासनिक कामकाज इलेक्ट्रानिक्स आईटी विभाग देखेगा। नोडल एजेंसी अभी यूपीडेस्को है। अब इसे एआई मिशन देखेगा। पिछली कैबिनेट बैठक में एआई मिशन के गठन को मंजूरी दी गई है।

जनवरी में इंडिया एआई मिशन तथा प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के बीच एक एएमयू हुआ था। इसके तहत स्कूल स्तर पर छात्रों को कौशल प्रशिक्षण के लिए एआई लैब बनाने पर सहमति जताई गई थी। प्रदेश सभी 56 जिलों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को चयनित किया गया है। छह जिले ऐसे हैं, जहां दो-दो एआई लैब स्थापित होगी। बाकी में एक-एक का लैब प्रस्ताव है। गोंडा के मनकापुर स्थित राजा रघुराज सिंह डिग्री कॉलेज इकलौता संस्थान है, जिसे विशेष तौर पर चुना गया है।

उभरती तकनीकी नौकरियों, जिम्मेदार एआई के इस्तेमाल तथा कार्य स्थल पर जरूरतों के मुताबिक कौशल विकास एआई लैब का हिस्सा होगा। लखनऊ और गोरखपुर स्थित एनआईईएलआईटी केंद्रों में दो इंडिया एआई डाटा एवं एआई लैब स्थापित है। पीलीभीत में एक उद्योग के सहयोग से एआई लैब संचालित है।

प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स आलोक कुमार के अनुसार एआई लैब के लिए स्थान चयनित कर लिया गया है। प्रदेश में एआई मिशन के गठन को मंजूरी दे दी है। जल्दी ही चयनित केंद्रों में डाटा एवं एआई लैब स्थापित किए जाएंगे।

**यहां एक-एक लैब मंजूर**

अंबेडकर नगर, लखनऊ, अमेठी, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, बिजनौर, बदायूं, चंदौली, संभल, गोरखपुर, बरेली, देवरिया, रामपुर, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कानपुर नगर, हरदोई, हाथरस, झांसी, कन्नौज, वाराणसी, बागपत, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, संतकबीर नगर, प्रयागराज, जालौन, कुशीनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, मुजफ्फरनगर आदि जिलों को चयनित किया गया है।

# श्री बालाजी ज्वैलर्स पर बीआईएस की छापेमारी

- अवैध हॉलमार्क वाली ज्वैलरी जब्त
- वैध पंजीकरण के बिना आभूषण बेचने का मामला
- पांच सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की लखनऊ शाखा कार्यालय की टीम ने सोमवार, 12 अक्टूबर को खीरी जिले में हॉलमार्किंग नियमों के उल्लंघन के मामले में श्री बालाजी ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। पलिया-निघासन रोड स्थित नौगवां में की गई इस कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान से अवैध हॉलमार्क लगे सोने के आभूषण जब्त किए गए।

बीआईएस के अनुसार, जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित ज्वैलर्स के पास ब्यूरो का वैध पंजीकरण नहीं था। इसके बावजूद प्रतिष्ठान में हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की बिक्री की जा रही थी। इसे हॉलमार्किंग से जुड़े निर्धारित नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की गई।

छापेमारी बीआईएस की लखनऊ शाखा कार्यालय की पांच सदस्यीय टीम ने की। संयुक्त निदेशक शरद कुमार के नेतृत्व में उपनिदेशक जितेश कुमार और ब्यूरो के अन्य कर्मचारियों ने जांच अभियान को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान नियमों के विपरीत हॉलमार्क लगे आभूषण जब्त किए गए।

बीआईएस, लखनऊ के निदेशक एवं प्रमुख पीयूष एम. वासेकर ने कहा कि सोने के आभूषणों की गुणवत्ता और शुद्धता के संबंध में उपभोक्ताओं के हित सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ब्यूरो की ओर से बाजार में नियमित निगरानी और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी जौहरियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हॉलमार्किंग से संबंधित निर्धारित मानकों और नियमों का पूरी तरह पालन करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बीआईएस की इस कार्रवाई का उद्देश्य सोने के आभूषणों की शुद्धता सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं को भ्रामक या नियमविरुद्ध हॉलमार्क के जरिए होने वाली संभावित धोखाधड़ी से बचाना है।

# बाढ़ प्रभावित 3100 किसानों के खातों में पहुंचे 1.16 करोड़ रुपये

▸ विधायक जलालाबाद ने 40 किसानों को वितरित किए प्रतीकात्मक चेक

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद शाहजहांपुर।



बाढ़ से फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को राहत देने के लिए सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि निवेश अनुदान के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। विधायक हरिप्रकाश वर्मा और एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने 40 किसानों को चेक प्रदान किए। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि तहसील जलालाबाद क्षेत्र में अब तक 3100 बाढ़ प्रभावित किसानों के बैंक खातों में करीब 1 करोड़ 16 लाख रुपये कृषि निवेश अनुदान के रूप में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फसल क्षति का सर्वे लगातार जारी है। सर्वे पूरा होने के बाद पात्र किसानों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे फसल क्षति सर्वे के दौरान संबंधित लेखपालों को आवश्यक जानकारी देकर सहयोग करें, ताकि कोई पात्र किसान सरकारी सहायता से वंचित न रहे।

## शौच को गई नाबालिग किशोरी लापता, तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी मंगलवार सुबह करीब चार बजे दूसरे मकान में बने शौचालय में शौच करने गई थी । जब काफी देर तक नहीं लौटी तो उसने तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित मां ने गांव राई खुर्द निवासी अजीत पुत्र सागर अपने साथी पिंटू व अनीश के सहयोग से उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। लड़की व नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शिक्षा को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी बनाना आवश्यक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जीएफ कॉलेज के जन्तु विज्ञान विभाग की जूलॉजिकल सोसाइटी के तत्वावधान में बीएससी पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए रेशम उत्पादन सेरीकल्चर पर 20 दिनों से औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक दक्षता प्रदान करना तथा उन्हें रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी बनाना आवश्यक है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमीय ज्ञान के साथ व्यावसायिक कौशल प्रदान करते हैं और उन्हें स्वरोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के लिए तैयार करते हैं।जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरीब अंजुम रहमान ने कहा कि जूलॉजिकल सोसाइटी की यह पहल विद्यार्थियों के कौशल विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम प्रभारी डा. राजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को रेशम कीटों के जीवन चक्र, पालन-पोषण, पोषण संबंधी आवश्यकताओं,शहतूत की पत्तियों के महत्व, कोकून निर्माण तथा उनसे रेशम के रेशे प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है,साथ ही रेशम कीटों के स्वास्थ्य,रोग प्रबंधन,स्वच्छता और अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों के संबंध में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में डा.मो. शोएब,डॉ अरशद अली, डा. शाहिस्ता खान, डा. सौम्या शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## खबरें एक नजर में

### नारद मोह का प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** गांव महमदपुर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण व मानस सम्मेलन में यज्ञाचार्य निर्दोष अग्निहोत्री द्वार मंत्रोचारण कर अरणिमंथन के द्वारा अग्निदेव का प्राकट्य के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ जिसके साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला के परिक्रमा लगाए वहीं कथा व्यास प्रवीण दीक्षित ने नारदमोह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने श्रीरामचरित मानस जी में भगवान के अवतार के 5 कारणों का वरण है जिसमें दो बार भगवान को श्राप मिला और दो बार भगवान ने आशीर्वाद दिया भगवान ने महराज मनु और कश्यप अदिति जी को आशीर्वाद दिया था कि मैं आपका पुत्र राम बनकर आऊंगा और रक्षाराक्षस जालंधर की पत्नी सती वृंदा ने और देवर्षि जी नारद ने भगवान को श्राप दिया जिस कारण भगवान को राक्षसों का नाश करने के लिए मृत्युलोक में राम बनकर अवतरित होना पड़ा प्रसंग सुनकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे कथा व्यवस्थापक श्रद्धेय मिश्रा प्रदीप त्रिवेदी अंकित मिश्रा अनुज मिश्रा श्यामभुज त्रिवेदी वीरेश पाल आयुष मिश्रा राम मोहन तिवारी आशु तिवारी आदि रहे।

### नाबालिग छात्रा ने घर में फांसी लगा कर की आत्महत्या

**तिलहर - शाहजहांपुर।** इंटर मीडियेट की एक छात्रा का घर में ही फांसी लगा लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया । पुलिस पड़ताल में घटना की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव रैना में एक किशोरी के घर में ही फांसी लगा लेने की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी । कोतवाल प्रभाष चंद्र व हल्का इंचार्ज एसआई गौरव शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे। और शव को सील करवा कर देर रात पोस्टमार्टम को भिजवाया। कोतवाल ने बताया कि सोहमपाल की बेटी नगर के एक कॉलेज में इंटर मीडियेट की नाबालिग छात्रा । बकौल कोतवाल पीड़िता की माँ घर से बाहर गई हुई थी । इसी दौरान दोनों वहनों में कुछ कहा सुनी हुई। इसी के बाद यह घटना हुई

### संभव में आई दो शिकायतों का निस्तारण

**शाहजहांपुर।** सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जनसामान्य द्वारा जन–सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ–सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी–अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं–शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन–समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन–सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन–सुनवाई दिवस में 2 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर ही दोनों समस्याओं का निस्तारण कराया गया। जन सुनवाई दिवस में महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा नगर के जनसामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# सचिव ने हटवाया 50 से अधिक अस्थाई अतिक्रमण

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।



कृषि उत्पादन मंडी समिति जलालाबाद में सोमवार को मंडी सचिव विक्रम वाजपेई ने अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सब्जी मंडी में टीन शेड के बाहर टट्टर लगाकर बनाए गए अस्थाई गोदामों को हटवाया गया।

सचिव ने बताया कि सब्जी के लगभग 50 लाइसेंसी आढ़तियों ने टीन शेड के बाहर टट्टर लगाकर गोदाम बना रखे थे, इसके अलावा बिना लाइसेंस के लोगों ने भी कब्जा कर रखा था। इसको लेकर पहले नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। मंडी निदेशक के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। वहीं आढ़तियों का कहना था कि किसान का माल न बिकने पर उसे सुरक्षित रखने के लिए गोदाम बनाया था, क्योंकि मंडी परिसर में बेसहारा गोवंश घूमते हैं जो खुले में रखा माल खा जाते हैं। हालांकि सचिव के सख्त रुख को देखते हुए व्यापारियों ने खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। सचिव ने कहा कि व्यापारी व्यापार करें, लेकिन अस्थाई अतिक्रमण न करें।

# अवनी बनीं एक दिन की बीएसए जाना दफ्तर के कामकाज

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी विकासखंड भावलखेड़ा की कक्षा 8 की छात्रा अवनी को प्रतीकात्मक रूप से एक दिवस के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पदभार सौंपा गया। यह पहल बालिका सशक्तिकरण, बच्चों के प्रशासनिक और नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करने तथा मिशन शक्ति, बाल विकास अभियानों के तहत की जाती है। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी देने और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से अवनी को यह गौरवमयी अवसर प्रदान किया गया। एक दिन की बीएसए के रूप में अवनी ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर विभागीय कार्यप्रणाली को समझा, अधिकारियों, जिला समन्वयको एवं कर्मचारियों से संवाद किया तथा विभागीय प्राथमिकताओं का जायजा लिया। अवनी ने कहा कि हर वर्ग शिक्षित हो, बेटियां सशक्त हो और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़े। अवनी ने बताया कि शिक्षा विभाग का दायित्व बहुत जिम्मेदारी भरा होता है।

### श्रीराम के साथ वन गए लक्ष्मण और सीता चित्रकूट में निवास

**शाहजहांपुर।** महानगर के प्रसिद्ध एवं प्रख्यात फैक्ट्री स्टेट श्री रामलीला मंगलवार का शुभारंभ अपर महासचिव मदन मोहन त्रिपाठी ने अपनी धर्मपत्नी सहित माता की झांकी की आरती उतार कर किया । मंचन में दर्शाया गया अयोध्या में श्री राम जी के राजभिषेक की तैयारियां चल रही होती हैं तभी मंथरा माता कैकई को भड़काती और कहती है कि अगर श्री राम को राज्य मिल गया तो भरत को क्या मिलेगा और उन्हें उनके दो वचन याद दिलाती है जो राजा दशरथ ने उन्हें वचन दिया था है तभी कैकई माता को अपने दो वचन याद आ जाते हैं वे महाराज दशरथ से भरत को राजा व श्री राम को 14 वर्षों तक वन में निवास करने का वरदान मांग लेती हैं श्री राम वनवास जाते हैं उनके साथ उनकी भार्य सीता अनुज लक्ष्मण भी साथ चले जाते हैं। प्रभु श्रीराम वन पहुंचते हैं उनको निषाद राज जी मिलते हैं जो कि भीलो के राजा होते हैं वे उनकी सेवा करते हैं वंदना करते हैं प्रभु श्री राम माता सीता और लक्ष्मण जी सरयू तट पर पहुंचते हैं जहां उन्हें केवट मिलते हैं केवट उनको सरयू पार कराते हैं उसके बाद प्रभु चित्रकूट में निवास करते हैं इस मौके पर मंचन सचिव देवेश दिक्षित एवं ए के व्यास, निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निदेशक सुहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, पर्यवेक्षक सुरक्षा राम मोहन अग्निहोत्री, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री, भोजन व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना, मंच संचालक सतीश सक्सेना, आदि लोग उपस्थित रहे। आज के मंचन में दशरथ पैट्रिक दास, सुमंत कौशलेंद्र पांडे, वशिष्ठ संदीप आर्य, मंथरा निखिल राणा, कैकई अनामिका वर्मा, सुमित्रा लक्ष्मी सक्सेना, सीता रानी मिश्रा, उर्मिला लक्ष्मी सक्सेना, निषाद राज ईश्वरदीन, केवट पत्नी रजनी अग्निहोत्री, एवं नवनीत शर्मा, मनीष राणा, सौरभ, एलेक्स प्रिंस शिवम, हास्य अभिनेता बटेश्वर दयाल आदि लोगों ने किरदारों को निभाकर जीवंत किया।

## पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान

**महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरुक**

**मदनापुर, शााहजहांपु।** पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान, बाल सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का नेतृत्व मिशन शक्ति प्रभारी उदयवीर सिंह एवं थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने किया।

इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रीति, सोनम, रूबी, श्वेता, मीनू, अचल शर्मा और प्रियंका सहित पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, बाल संरक्षण तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर सावधानी बरतने और सुरक्षित आवागमन के महत्व को समझाया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देना, बालिकाओं को जागरूक बनाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और लोगों को नियमों के प्रति सजग बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मदनापुर पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और यातायात नियमों के पालन में सहयोग करें, ताकि समाज को अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।

# पहल ग्रुप के नि:शुल्क शिविर में 100 से अधिक लोगों के कानों की जांच

▸ पूर्व कमिश्नर कमल किशोर कठेरिया ने किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सामाजिक संस्था पहल ग्रुप द्वारा मानव सेवा सर्वोपरि के संकल्प के साथ सिविल लाइंस स्थित सेठ एन्क्लेव में नि:शुल्क कान जांच एवं श्रवण यंत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व कमिश्नर कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइज, नई दिल्ली कमल किशोर कठेरिया ने फीता काटकर किया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की। शिविर में बरेली से आई विशेषज्ञ टीम ने अत्याधुनिक डिजिटल मशीनों से 100 से अधिक लोगों के कानों की जांच की। जांच के बाद चिन्हित पात्र लोगों को अगले 15 से 20 दिनों के भीतर नि:शुल्क डिजिटल श्रवण यंत्र वितरित किए जाएंगे। संस्थापक अभिषेक डेनियल ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के महासचिव अमन सक्सेना और उनकी टीम का विशेष धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ सहयोगी एडवोकेट अनूप कुमार, विक्रांत बखिया, नेहा सक्सेना, जाहिद आलम, एडवोकेट राजपाल कठेरिया, राजपूत कठेरिया और कुंवरपाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कुलपति व कुलसचिव ने किया डॉ. कविता भटनागर की पुस्तक का विमोचन



**शाहजहांपुर।** एस एस विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता भटनागर द्वारा संपादित पुस्तक ÷भारतीय संगीत की विधाएँ÷ एक विमर्श÷ का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह व कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य ने किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विद्वानों, शोधार्थियों एवं संगीत साधकों के विचारों से समृद्ध यह पुस्तक संगीत के विद्यार्थियों, अध्यापकों, शोधार्थियों तथा संगीत प्रेमियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी । कुलसचिव श्री मौर्य ने कहा कि भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की दिशा में यह पुस्तक एक कड़ी का काम करेगी। पुस्तक की संपादक डा. कविता भटनागर ने बताया कि भारतीय संगीत की विधाएः एक विमर्श भारतीय संगीत की परंपरा, विविध विधाओं और सांस्कृतिक विरासत का एक शोधपरक संकलन है। इस पुस्तक में भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक तथा सुगम संगीत की विभिन्न धाराओं के साथ ऐतिहासिक, सैद्धांतिक , तकनीकी एवं व्यावहारिक दृष्टि से समग्र परिचय प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में संकलित शोधपरक लेख संगीत के सौंदर्यबोध, आध्यात्मिक आधार, सामाजिक सरोकारों तथा समकालीन संदर्भों का बहुआयामी विश्लेषण करते हैं।

# सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल 25 को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिले में सामाजिक सरोकार और भाईचारे की एक बेहद प्रेरणादायक तस्वीर सामने आने वाली है। आगामी 25 अक्टूबर को खिरनीबाग में 101 लड़कियों के सामूहिक विवाह का एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उक्त आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सर्वधर्म और सर्वजातीय भावना है, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों और जातियों की कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। कन्याओं का विवाह समारोह का आयोजन परी नमकीन परिवार की ओर किया जा रहा है। अनूठी यह पूरा आयोजन जाने-माने समाजसेवी विनय अग्रवाल परी नमकीन वाले की ओर से किया जा रहा है। बता दें कि विनय अग्रवाल का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानजनक विदाई देना और समाज में एकता का संदेश फैलाना है। नवविवाहित जोड़ों को मिलेंगे समुचित उपहार इस सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने वाले सभी 101 जोड़ों को उनके नए जीवन की शुरुआत के लिए आशीर्वाद के साथ-साथ गृहस्थी का आवश्यक सामान और समुचित उपहार भेंट किए जाएंगे, ताकि वे आत्मनिर्भरता और सुख के साथ अपने नए जीवन की शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम स्थल खिरनीबाग में पंडाल, खान-पान, सुरक्षा और मेहमानों के स्वागत के लिए पुख्ता तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन में शहर के तमाम गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद देंगे। यह आयोजन न केवल शाहजहांपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए सर्वधर्म समभाव और सामाजिक सहयाग की एक मिसाल बन रहा है।

## पुलिस ने रोजा में परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

▸ सीसीटीवी कैमरे व अलार्म की क्रियाशीलता जांची संदिग्धों से की पूछताछ

**रोजा,शाहजहांपुर।** नियंत्रण और बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार सुबह भावलखेड़ा की रोजा पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म की क्रियाशीलता परखी गई। साथ ही बैंक और एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों के साथ सर्किल अफसरों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में रोजा पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बैंक और एटीएम में तैनात सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति, एटीएम कक्षों में प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी उपकरणों की जांच की गई। बैंक कर्मियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। पुलिस ने बैंक परिसर में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की और आमजन से संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर डायल-112 या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने की अपील की। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र में चोरी, धोखाधड़ी और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए सतर्कता के तहत औचक चेकिंग की गई। उन्होंने कहा कि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी।

# पालिका सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म, काम पर लौट कर्मचारी

▸ दो सफाईकर्मियों को नौकरी से हटाए जाने व अन्य मांगों को लेकर हुई थी हड़ताल

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



आउट सोर्सिंग के दो सफाई कर्मियों को नौकरी से हटाए जाने व अन्य मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की शुरू हुई हड़ताल मंगलवार को ईओ सुनील कुमार से हुई वार्ता में हटाए कर्मियों को की नौकरी बहाल किए जाने के आश्वासन पर कर्मियों ने हड़ताल खत्म कर दोपहर बाद से कम पर लौट आए। गौरतलब है कि पालिका के टेंडर पर ठेकेदार सुनील कुमार शर्मा द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में बाधा डालने के चलते उक्त स्थल के निवासी आउट सोर्सिंग सफाई कर्मी पिता पुत्र को नौकरी से हटा दिया गया था। जिनकी वापसी को लेकर सफाई कर्मियों ने बीते दिन हड़ताल शुरू कर दी थी। नगर की सड़कों व गली गलियारों में में दो दिनों में ही स्थिति नारकीय हो गई । मंगलवार को सफाई कर्मियों के नेता नगर निगम के नामित पार्षद राम निवास व व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि के सानिध्य में पालिका में ईओ सुनील कुमार से वार्ता में ईओ ने दोनों कर्मियों की नौकरी बहाल किए जाने व अन्य मांगों पर शीघ्र विचार किए जाने का आश्वासन दिया । दोपहर बाद से सफाई कर्मी कम पर बापस लौट आए। इस मौक पर पंकज भारती, कुमार गौरव व तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# पुरुष वर्ग में जीएफ कॉलेज तो महिला वर्ग में विश्वविद्यालय का रहा दबदबा

▸ विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय परिसर में अंतरमहाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 06 टीमों ने प्रतिभाग किया। इनमें जीएफ कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज तिलहर तथा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय परिसर की टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता के सभी 4 मैचों के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, दमखम और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबलों में पुरुष वर्ग में जीएफ कॉलेज ने विश्वविद्यालय परिसर की टीम को 49-47 अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में विश्वविद्यालय परिसर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीएफ कॉलेज को 29-3 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेलों को विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन और टीम भावना के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में विवि के कुलानुशासक डॉ. आलोक कुमार सिंह तथा विशेषज्ञ के रूप में जिला स्टेडियम के कोच निशांत सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो अजीत सिंह चारग एवं उपसचिव डॉ प्रांजल शाही के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो कमलेश गौतम, राजकीय डिग्री कॉलेज तिलहर के टीम मैनेजर डॉ. शशि भूषण, आर्य महिला पीजी कॉलेज की टीम मैनेजर डॉ. रितु शर्मा, विश्वविद्यालय परिसर के टीम मैनेजर श्री अरुण कुमार, जीएफ कॉलेज के टीम मैनेजर डॉ. शमशाद अली, डॉ नीलू कुमार, डॉ मृदुल पटेल, डॉ राजीव यादव आदि ने सहभागिता की। मुकाबलों में रेफरी की भूमिका निर्भय सिंह एवं अंकित श्रीवास्तव ने निभाई।

## पीलीभीत में रामलीला कमेटी के हिसाब पर खूनी संघर्ष

# दो सगे भाइयों समेत तीन की हत्या

### चार साल के चंदे का हिसाब मांगने पर बढ़ा विवाद, लाइसेंसी राइफल और तमंचे से फायरिंग

- मुख्य आरोपी समेत आठ हिरासत में
- डीआईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**पीलीभीत (अमरिया)।**



रामलीला कमेटी के चंदे और चार साल के आय-व्यय का हिसाब मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद अमरिया कस्बे में तिहरे हत्याकांड में बदल गया। सोमवार रात दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट और फायरिंग में सर्राफा कारोबारी मोहित गुप्ता, उनके भाई अंकित गुप्ता और राहगीर कुणाल श्रीवास्तव की मौत हो गई, जबकि रोज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद कस्बे में सनसनी फैल गई। तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मंगलवार सुबह डीआईजी अजय साहनी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली।

पुलिस और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, अमरिया कस्बे में रामलीला कमेटी के चंदे और आय-व्यय के हिसाब को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कमेटी में करीब 20 से 22 लाख रुपये के चंदे का हिसाब चर्चा का विषय था। बताया गया कि नौ अक्टूबर को हुई बैठक में कौशल गुप्ता ने कमेटी अध्यक्ष सूरज गुप्ता से पिछले चार साल के चंदे का हिसाब मांगा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई थी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। विवाद बढ़ने पर फायरिंग शुरू हो गई। आरोप है कि लाइसेंसी राइफल और तमंचे से गोलियां चलाई गईं। इस दौरान अंकित और मोहित गुप्ता गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ मौजूद रोज गुप्ता भी घायल हुए, जबकि वहां से गुजर रहे कुणाल श्रीवास्तव को भी गोली लग गई। पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई, जहां अंकित गुप्ता और कुणाल श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल मोहित गुप्ता को बरेली रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी कौशल गुप्ता समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों में हर्षित गुप्ता, नरेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, रचित गुप्ता, राकेश अरोड़ा, आशु और विक्की मौर्य के नाम बताए गए हैं।

## सीडीओ ने सिउरा गौशाला में पौधरोपण कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

विकसित भारत जी राम जी योजनान्तर्गत ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं परिसम्पत्तियों का सृजन करने हेतु विशेष रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों में करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 80 श्रमिकों को नियोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में डीएम के माध्यम से विशेष रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन जनपद की ग्राम पंचायतों में किए जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को प्रदान किया गया। 1039 ग्राम पंचायतों में 82131 श्रमिकों का ई-मस्टर रोल निर्गत करते हुए 1871 कार्यों पर लगभग 7100 हजार से अधिक श्रमिकों को कार्य पर नियोजित किया गया।अभियान के दौरान विकास खण्डों में 121 तालाबों का जीर्णोद्वार, 913 चकरोडों पर मिट्टी कार्य, 222 नालों,गूलों की सफाई, 43 सीसी, इन्टरलॉकिंग, खडन्जा कार्यों, 15 ऑगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण तथा 11 गौशालाओं पर कार्य कराया गया। विशेष रोजगार सृजन



कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, नोडल अधिकारियों द्वारा कार्यों का मौके पर सत्यापन,निरीक्षण भी किया गया। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत सिउरा की गौशाला में वृक्षारोपण करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया।

## खबरें एक नजर में

### बैनामा के 7 साल बाद भी नाम दर्ज नहीं, महिला ने लगाई गुहार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अमृता देवी ने अपने आवासीय प्लॉट को नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज कराने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। अमृता देवी के अनुसार उन्होंने 4 जुलाई और 26 अगस्त 2019 को विश्वजीत बाल्मीकि, पार्वती बाल्मीकि और अमरजीत बाल्मीकि से प्लॉट का बैनामा कराया था। बैनामे की छायाप्रति नगर पालिका कार्यालय में जमा कर नाम दर्ज करने का अनुरोध किया, लेकिन 7 साल बाद भी अभिलेखों में नाम दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि 19 सितंबर 2026 को भी प्रार्थना पत्र दिया था। नगर पालिका के एक बाबू ने नाम दर्ज करने के एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। गरीब होने के कारण वह रिश्वत नहीं दे पाईं, इसलिए अब तक नाम दर्ज नहीं हो सका। उन्होंने अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई कर नाम दर्ज कराने की मांग की है।

### धौरहरा में तेंदुए का कहर, सात साल की मासूम को मार डाला

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के बौझिया गांव में सोमवार शाम करीब 7 बजे आंगन में खेल रही सात साल की बच्ची को तेंदुआ जबड़े में दबाकर उठा ले गया। पिता ने शोर मचाते हुए करीब 200 मीटर तक पीछा किया, लेकिन तेंदुआ गन्ने के खेत में घुसकर ओझल हो गया। रातभर तलाश के बाद मंगलवार सुबह 8-30 बजे बच्ची का क्षत-विक्षत शव घर से करीब 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में पड़ा मिला। घटना जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर की है, बच्ची का सिर धड़ से अलग मिला है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और गांव में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### आलू उत्पादकों के लिए बीज वितरण को उपलब्धः पाठक

**शाहजहांपुर।** जनपद के आलू उत्पादक कृषकों के लिए एक अच्छी खबर है। उद्यान विभाग की ओर से कृषकों में नगद मूल्य पर उच्च गुणवत्ता के आलू बीज वितरण के लिए आलू बीज का आवंटन हो चुका है। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि इच्छुक किसानों से अनुरोध है कि बीज प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आलू बीज की धनराशि का 25 प्रतिशत अंश अथवा सम्पूर्ण धनराशि कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी विकास भवन भूतल मे आवेदन कर सकते है। आलू बीज का वितरण प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू अभिलेख खतौनी की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। आलू की आवंटित प्रजाति में कुफरी बहार, सूर्या, ख्याति, मोहन, चिप्सौना बीज प्राप्राप्त हो गया है। आंवटित बीज की मात्रा 298 कुंटल आया है।

## मिशन शक्ति के तहत ट्रैफिक नियमों और महिला कल्याण योजनाओं पर जागरूकता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में ट्रैफिक नियमों और विभागीय योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, रेड लाइट का पालन, ओवरस्पीडिंग से बचाव और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग न करने के नियम समझाए। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई के बारे में भी चेताया। अमृता दीक्षित ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को



सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन और 1090 वूमेन पावर लाइन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सड़क और महिला सुरक्षा की नींव है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अवधेश सिंह, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान पंपलेट और पोस्टर भी वितरित किए गए।

## बिजली चोरी पर विद्युत विभाग की टीम का शिकंजा, चार लोग पकड़े गए

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

नगर में बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग की टीम ने अभियान चलाकर चार लोगों को कथित रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। कार्रवाई से नगर में बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया।

विद्युत विभाग की टीम ने जेई सतीश चंद्र के नेतृत्व में नगर में जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने चार लोगों को कथित रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। कार्रवाई के दौरान अनिल सिंह लाइनमैन रोहित सिंह और मधुरेश भी टीम के साथ मौजूद रहे।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर विद्युत कनेक्शन और आपूर्ति की स्थिति की जांच की तथा बिजली चोरी से संबंधित आवश्यक साक्ष्य जुटाए। टीम की कार्रवाई के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग की ओर से लगातार जांच अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जेई सतीश चंद्र की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई को बिजली चोरी रोकने की दिशा में विभाग की सक्रिय पहल के रूप में देखा जा रहा है। विभागीय टीम की सक्रियता से नगर में बिजली चोरी करने वालों में खलबली मची हुई है।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान, चूहा-छछूंदर से बचाव के बताए उपाय

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

शासन के निर्देश पर जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दूसरे चरण के तहत चूहा और छछूंदर से फैलने वाले रोगों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कृषि रक्षा विभाग की ओर से गांवों और स्कूलों में गोष्ठियां कर किसानों और ग्रामीणों को बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।अधिकारियों ने बताया कि लेप्टोस्पायरोसिस रोग चूहों के मूत्र से दूषित पानी और मिट्टी के संपर्क में आने से होता है, जबकि स्क्रब टाइफस संक्रमित माइट के काटने से फैलता है। इनके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द शामिल हैं। लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर



संपर्क करने की सलाह दी गई है।अभियान के तहत छह दिवसीय कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें साफ-सफाई, बिल निरीक्षण, रासायनिक नियंत्रण, दोबारा उपचार, बिल भराई और भूमि समतलीकरण तथा पुनः निरीक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लोगों को घरों और खेतों के आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे जागरूकता गोष्ठियों में हिस्सा लें और अपने घरों में सिट्रोनेला और लेमन ग्रास जैसे मच्छर रोधी पौधे लगाएं। साथ ही घर के आसपास पानी न जमा होने दें।

## सलावतनगर के विद्यार्थियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**

बांकेगंज के सलावत नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं मंगलवार को जलभराव की समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। विद्यार्थियों ने अधिकारियों को अपनी परेशानी बताते हुए जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर और स्कूल जाने वाले रास्ते पर लंबे समय से पानी भरा है। इससे उनका विद्यालय पहुंचना मुश्किल हो गया है और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्राओं ने बताया कि फरवरी में बोर्ड परीक्षा होनी है। ऐसे में नियमित पढ़ाई नहीं होने से पाठ्यक्रम छूट रहा है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो परीक्षा की तैयारी प्रभावित होगी और अच्छे अंक लाने में परेशानी होगी। विद्यार्थियों के मुताबिक, गोला में अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। एक बार निरीक्षण भी हुआ, लेकिन जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। इसी वजह से उन्हें जिलाधिकारी से गुहार लगाने के लिए कलेक्ट्रेट आना पड़ा।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में सरकारी बैठक में





मौजूद मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने विद्यार्थियों की बात सुनी और मंगलवार को ही पानी निकलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रानी, मेनका, बबली और राजेश समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनकर भाग रहे 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम भ्रमण पर थी, तभी मिर्जापुर चौराहे पर सूचना मिली कि तीन युवक लाल अपाचे से एक व्यक्ति का फोन छीनकर कलान की ओर भागे हैं। सूचना पर पुलिस थरिया बॉर्डर पहुंची तो पता चला कि स्थानीय लोगों ने मुबारकपुर चौराहे पर आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम. कुलदीप पुत्र जगमोहन, लालू पुत्र अखिलेश, अंकित पुत्र शिवकुमार निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर, हरदोई बताया। उनके कब्जे से एक वीवो मोबाइल और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। कागजात न दिखाने पर बाइक सीज की गई। इस संबंध में थाना मिर्जापुर पर मुअसं. 210/2026 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार, उ.नि. चंद्रपाल सिंह, उ.नि. बंटी कुमार, कां. राजकुमार, कां. कुलदीप रहे।

## सिलेंडर में लगी आग से मासूम की मौत, पांच झुलसे

- बमनपुरी मोहल्ले में खाना बनाते समय भड़की आग

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत (पूरनपुर)।**

पूरनपुर के मोहल्ला बमनपुरी में मंगलवार सुबह रसोई में लगी आग ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से पांच लोग झुलस गए, जबकि करीब दो साल की मासूम विष्टी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 10 बजे नरेश जोशी के घर में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग की चपेट में नरेश जोशी, उनकी पत्नी ज्योति, 14 वर्षीय बेटे वासु और नौ वर्षीय बेटी माही समेत पांच लोग झुलस गए। वहीं, सागर जोशी की दो साल की बेटी विष्टी भी हादसे का शिकार हो गई। बच्ची घर में खेलने आई थी, लेकिन आग की चपेट में आने से उसकी जान चली गई। हादसे



की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने राहत-बचाव में मदद करने के साथ ही अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थिति संभाली। घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पूरनपुर कोतवाल पवन पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। सिलेंडर में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। हादसे में मासूम की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## मोहम्मदी में 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे मुख्य अतिथि

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

मोहम्मदी के फुलकारी मैरिज लॉन में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। समाज कल्याण विभाग की ओर से मोहम्मदी और पसगवां ब्लॉक के कुल 191 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रों के साथ हिंदू जोड़ों ने सात फेरे लिए, वहीं मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे। इस दौरान सीडीओ, एसडीएम राजेश प्रताप सिंह, सीओ अरुण कुमार सिंह, बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे। सभी नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से उपहार दिए गए और जनप्रतिनिधियों ने भी आशीर्वाद दिया।



विवाह समारोह में बारातियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम जिला समाज कल्याण अधिकारी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र देशदीपक व पुत्र वधू लक्ष्मी उर्फ सोनी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्रीमती हीराकली पत्नी स्व. फूलचंद्र निवासी ग्राम भावलखेड़ा थाना रोजा, शाहजहांपुर।**

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मुनेंद्र सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **शेर सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी ग्राम गनपतपुर हरैया ज. पुवायां, शाहजहांपुर।**

### सूचना

मैं POOJA KUMARI मेरे पति अविनाश कुमार आर्मी नं.-4287017K रैंक-HAV, Vill-Hathder, Post-Sonagopalpur, P.s-Gaurichak, Distt-Patna, State- Bihar, Pin Code-800007 के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम PUJA SINGH त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक सही नाम POOJA KUMARI है। आधार नंबर 790924597333

## पीडीए पंचायतों से सामाजिक न्याय की अलख, गांव-गांव पहुंच रहीं दिव्या गंगवार

- संवैधानिक अधिकारों महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दों पर संवाद
- बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

समाजवादी पार्टी के पीडीए जन-जागरूकता अभियान के तहत बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार को जन पंचायतों और चौपालों का आयोजन किया गया। इन पंचायतों के माध्यम से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकारों, सामाजिक समानता तथा संविधान की मूल भावना पर चर्चा कर ग्रामीणों को जागरूक करने



का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार ने की। पंचायतों में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय और ग्रामीणों की समस्याओं जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। ग्रामीणों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने चर्चा में भाग लेकर अपने विचार रखे। दिव्या पी. गंगवार ने कहा कि पीडीए अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक समानता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान में निहित अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने और सामाजिक मुद्दों पर संवाद स्थापित करने की बात भी सामने आई। इस अवसर पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, भू देव गंगवार, ओमपाल गंगवार, राजेश गौतम, लाला राम कश्यप, अवनीश मौर्य, लोकेश कश्यप, मुन्ना लाल, अवि गंगवार, रूपेंद्र सिंह, अलक्षेन्द्र कश्यप, नरेश चंद्र भारती, अलीशेर, नफीस मोहम्मद, नाजिम अहमद, कलीम अहमद, आजाद मोहम्मद, बाबू भाई, देवेंद्र भारती, लाल राम भारती और अभिषेक गौतम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रास सांसद रामजी लाल का बीसलपुर में हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत (बीसलपुर)।**

समाजवादी पार्टी के 130-बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। बीसलपुर स्थित सपा कार्यालय पर विधानसभा से पार्टी के प्रबल दावेदार डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसमें सपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद तथा प्रदेश महासचिव रामजी लाल सुमन और जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। दोनों वरिष्ठ नेताओं के कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया।



कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक स्थिति और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई।

**बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोरः** स्वागत समारोह के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद किया और पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को बीसलपुर क्षेत्र में सपा की संगठनात्मक सक्रियता के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, हरिपाल नायक, अमित गौतम, उजाला बाबू, हाफिज इसरार, हाफिज नूर अली अजहरी, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक गंगवार, मोहित पटेल, अंशुल और विनय समेत कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

## भरोसे के संकट में विपक्ष

आंदोलन से सत्ता पाने की रणनीति तभी सफल होगी, जब मुद्दे जनता से जुड़े हों और राजनीतिक दल अपनी विश्वसनीयता साबित करें। लोकतंत्र में सरकार का विरोध करना, आंदोलन करना और सत्ता परिवर्तन की मांग उठाना राजनीतिक दलों का अधिकार है। लेकिन इस अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जनता केवल नारों से प्रभावित नहीं होती, वह राजनीतिक दलों के दावों, उनके आचरण और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों की प्रासंगिकता को भी परखती है। यही कारण है कि किसी आंदोलन की सफलता केवल भीड़ जुटाने या सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने से तय नहीं होती, बल्कि उसकी विश्वसनीयता से होती है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सामने आज यही सबसे बड़ी चुनौती है। चेन्नई में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का यह कहना कि सरकार विरोधी आंदोलन को सत्ता परिवर्तन के संघर्ष में बदलना है, विपक्ष की रणनीति को स्पष्ट करता है। सत्ता हासिल करना हर राजनीतिक दल का लोकतांत्रिक लक्ष्य हो सकता है, लेकिन इसके लिए अपनाए जाने वाले रास्ते का जनता से जुड़ना जरूरी है। यदि किसी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य सरकार को हटाना हो और जनता की वास्तविक समस्याएं पीछे छूट जाएं तो उसकी स्वीकार्यता सीमित होना स्वाभाविक है। राजनीति में सत्ता परिवर्तन का रास्ता अंततः जनता के विश्वास से होकर ही गुजरता है। विपक्ष ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को अपने आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बनाया है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इसे मताधिकार तथा कथित वोट चोरी से जोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं। निस्संदेह, मतदाता सूची में किसी भी वैध मतदाता का नाम छूटना गंभीर विषय है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले और किसी भी वास्तविक शिकायत का समयबद्ध समाधान हो। लेकिन इस संवैधानिक चिंता को राजनीतिक आरोपों से अलग रखकर देखना भी उतना ही आवश्यक है। विपक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में ठोस तथ्य प्रस्तुत करने चाहिए। केवल बार-बार बड़े आंकड़े दोहराने से आरोप प्रमाणित नहीं हो जाते। यदि किसी आंकड़े के पीछे स्पष्ट प्रमाण और विश्वसनीय अध्ययन नहीं है तो उसके लगातार प्रचार से राजनीतिक दल की साख बढ़ने के बजाय घट सकती है। राहुल गांधी की ओर से शुरू किए गए सत्याग्रह पोर्टल पर कथित वोट चोरी को प्रमुख मुद्दा मानने वाले लोगों की संख्या कम होने का दावा भी इसी संदर्भ में चर्चा में है। हालांकि, किसी पोर्टल पर दर्ज प्रतिक्रियाओं को पूरे देश की जनभावना का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जा सकता, लेकिन यह विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर अवश्य है। कांग्रेस की रणनीति पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह मतदाता सूची में सुधार के लिए जमीनी स्तर पर क्या कर रही है। यदि विपक्ष को लगता है कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हुए हैं तो उसके कार्यकर्ता ऐसे लोगों की पहचान कर सकते हैं। उन्हें आवश्यक दस्तावेज जुटाने, आपत्तियां दर्ज कराने और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखने में सहायता दी जा सकती है। इससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा और विपक्ष के आरोपों की वास्तविकता भी सामने आएगी। राजनीतिक दल यदि अपने प्रयासों से हजारों पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने में सफल होते हैं तो यह उनके लिए किसी भी नारे से अधिक प्रभावी उपलब्धि होगी। इससे उनकी गंभीरता और जनसेवा की भावना प्रमाणित होगी। इसके विपरीत, सड़कें रोकने, धरने देने और सरकार पर लगातार आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं निकलता। आंदोलन तभी सार्थक होता है, जब वह जनता की परेशानी कम करने का माध्यम बने। विपक्षी एकता की चुनौती भी कम नहीं है। राहुल गांधी के कथनों और एसआईआर को लेकर विपक्षी गठबंधन के भीतर अलग-अलग विचार सामने आने की चर्चा होती रही है। यदि सहयोगी दल किसी मुद्दे पर पूरी तरह सहमत नहीं हैं तो कांग्रेस को पहले उनके बीच सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। गठबंधन केवल साझा विरोध के आधार पर लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसे साझा कार्यक्रम, स्पष्ट नीति और जनता के सामने प्रस्तुत किए जाने वाले वैकल्पिक एजेंडे की जरूरत होती है। सरकार के विरुद्ध असंतोष का लाभ उठाने की उम्मीद करना अलग बात है और जनता के सामने शासन का भरोसेमंद विकल्प प्रस्तुत करना अलग। विपक्ष को यह समझना होगा कि केवल सत्ता विरोधी माहौल के सहारे चुनाव जीतने की रणनीति हमेशा सफल नहीं होती। जनता यह भी जानना चाहती है कि यदि उसे सत्ता सौंपी गई तो महंगाई, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे सवालों पर विपक्ष की योजना क्या होगी। राजनीतिक दलों के आंदोलनों की तुलना नए दबाव समूहों और छात्र संगठनों के प्रदर्शनों से भी की जा रही है।

### दो टूक




# स्टारलिंक की बेचैनी व भारत की डिजिटल संप्रभुता


कैलाश चन्द्र

अंतरिक्ष आधारित इंटरनेट अब दुनिया की तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है। भारत जैसे विशाल बाजार में इसकी संभावनाएं और भी व्यापक हैं। यहां करोड़ों उपभोक्ताओं, दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों, सीमावर्ती इलाकों और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के कारण सैटेलाइट इंटरनेट कंपनियों के लिए बड़े अवसर मौजूद हैं। ऐसे में एलन मस्क की स्टारलिंक, रिलायंस जियो, अमेजन लियो और भारती समूह से जुड़ी वनवेब के बीच प्रतिस्पर्धा का महत्व बढ़ जाता है।

अक्टूबर 2026 के पहले सप्ताह में भारत में स्टारलिंक की व्यावसायिक शुरुआत में देरी को लेकर एलन मस्क की तीखी टिप्पणियों ने इस प्रतिस्पर्धा को सार्वजनिक बहस के केंद्र में ला दिया। मस्क ने कुछ प्रभावशाली कारोबारी हितों पर स्टारलिंक के प्रवेश में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे भारतीय जनता के हितों के विरुद्ध बताया और बाद में मुकेश अंबानी के प्रभाव पर भी सवाल उठाया। राहुल गांधी की एक टिप्पणी पर मस्क ने धन्यवाद देते हुए प्रतिक्रिया दी। इन घटनाओं की रिपोर्ट भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में प्रकाशित हुई।

यह घटनाक्रम एक बड़े प्रश्न को सामने रखता है, भारत में डिजिटल सेवाओं का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा और वैश्विक कंपनियों की व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं तथा भारत के राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन कैसे बनाया जाएगा? अब मस्क की दलील का प्रमुख आधार यह है कि स्टारलिंक भारत के उन क्षेत्रों में उच्च गति वाला इंटरनेट पहुंचा सकता है, जहां पारंपरिक नेटवर्क की पहुंच सीमित है। उनकी कंपनी के अनुसार, प्रतिस्पर्धा बढ़ने से उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है।

इस दलील का एक व्यावहारिक पक्ष है। दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट की उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्थानीय कारोबार, प्रशासन और आपदा प्रबंधन के लिए उपयोगी हो सकती है। यदि स्टारलिंक भारत में आवश्यक सुरक्षा और नियामक शर्तें पूरी करके सेवा शुरू करता है, तो उससे इन




क्षेत्रों में अतिरिक्त विकल्प मिल सकते हैं लेकिन इस प्रकरण का दूसरा पक्ष भी है। भारत सरकार ने मस्क के भेदभाव संबंधी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सैटेलाइट संचार सेवाओं की नियामक व्यवस्था निष्पक्ष है।

सरकार के अनुसार, स्टारलिंक, जियो और भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब से संबंधित सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया चल रही हैं। अर्थात, इस विवाद को एक विदेशी कंपनी बनाम भारतीय कंपनी के रूप में प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं होगा। यहां व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, नियामक अनुपालन और सेवा शुरू करने की अनुमति का प्रश्न भी है।

भारत के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में जियो और स्टारलिंक के अलावा भी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। अमेजन लियो, जिसे पहले प्रोजेक्ट कुइपर कहा जाता था, अपनी सैटेलाइट इंटरनेट परियोजना के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता है। वहीं, भारती समूह की यूटेलसैट वनवेब में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। वनवेब की वैश्विक उपग्रह व्यवस्था और भारत में उसकी नियामक स्थिति उसे इस प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण भाग बनाती है। इन कंपनियों की योजनाओं, अनुमतियों और वास्तविक परिचालन क्षमताओं की तुलना करते समय एक ही मानक अपनाना चाहिए। किसी कंपनी की वैश्विक उपग्रह संख्या की तुलना दूसरी कंपनी की केवल भारतीय प्रस्तावित क्षमता से करना उचित नहीं होगा। इसी तरह, तकनीकी मूल्यांकन, लाइसेंस, स्पेक्ट्रम आवंटन और व्यावसायिक संचालन की अनुमति अलग-अलग चरण हैं। यह प्रतिस्पर्धा भारत के लिए एक अवसर भी है। यदि उचित नीति और पारदर्शी नियमन के माध्यम से कई सक्षम प्रदाताओं को काम करने का अवसर मिलता है, तो इससे तकनीकी नवाचार, सेवा की गुणवत्ता और उपभोक्ता विकल्प बढ़ सकते हैं। साथ ही, भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी कंपनी अपने वैश्विक आकार या आर्थिक शक्ति के आधार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं से ऊपर न हो।

भारत के सामने सबसे महत्वपूर्ण चुनौती किसी एक कंपनी को विजेता घोषित करना नहीं बल्कि ऐसा सैटेलाइट संचार तंत्र विकसित करना है, जो राष्ट्रीय हितों और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुकूल हो। इसके लिए पांच प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। पहली- नियामक प्रक्रिया में पारदर्शिता। सभी पात्र कंपनियों के लिए सुरक्षा, स्पेक्ट्रम, डेटा संरक्षण और परिचालन संबंधी आवश्यकताएं स्पष्ट होनी चाहिए। नियमों का पालन करने वाली कंपनियों को समयबद्ध निर्णय मिलना चाहिए, जबकि आवश्यक सुरक्षा जांच से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

दूसरी, घरेलू तकनीकी क्षमता। उपग्रह निर्माण, संचार उपकरण, ग्राउंड स्टेशन, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क प्रबंधन और संबंधित अनुसंधान में भारतीय उद्योग की भागीदारी बढ़नी चाहिए। केवल सेवा खरीदने के बजाय तकनीक विकसित करने की क्षमता भी महत्वपूर्ण है। तीसरी, सामरिक नियंत्रण और सुरक्षा। संवेदनशील संचार के लिए नियंत्रण व्यवस्था, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, संकट के समय सेवा की निरंतरता और नेटवर्क की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

चौथी, दूरदराज के नागरिकों तक पहुंच। सैटेलाइट इंटरनेट का मूल्यांकन कंपनियों की घोषित क्षमता से ही नहीं, बल्कि इस आधार पर भी होना चाहिए कि वह वास्तव में किन क्षेत्रों तक पहुंचता है, उसकी लागत क्या है और सामान्य नागरिक उसे वहन कर सकते हैं या नहीं। पांचवीं, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता हित। भारतीय कंपनियों को आगे बढ़ाने का अर्थ प्रतिस्पर्धा समाप्त करना नहीं होना चाहिए। घरेलू और विदेशी कंपनियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सकती है, बशर्ते नियम निष्पक्ष और राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हों।

आज अंतरिक्ष वैज्ञानिक खोज का क्षेत्र भर नहीं है। यह संचार, मौसम, नेविगेशन, आपदा प्रबंधन, कृषि, परिवहन और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी आधारभूत संरचना का हिस्सा बन चुका है। जिस देश के पास इस क्षेत्र में तकनीकी क्षमता, कुशल मानव संसाधन, मजबूत औद्योगिक आधार और स्वतंत्र निर्णय लेने की व्यवस्था होगी, वह भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिक विकल्पों के साथ आगे बढ़ सकेगा। इसमें नियंत्रण भारत का होना आवश्यक है। बाहरी हस्तक्षेप संकटों को निमंत्रण देगा।

भारत के लिए जियो की प्रस्तावित सैटेलाइट योजना इसी व्यापक संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यदि यह योजना सफल होती है तो यह घरेलू निजी क्षेत्र की क्षमता का विस्तार कर सकती है। यदि स्टारलिंक और अन्य प्रदाता आवश्यक अनुमतियों के साथ सेवाएं शुरू करते हैं तो वे भी भारत की कनेक्टिविटी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में योगदान दे सकते हैं। इन दोनों संभावनाओं में कोई अनिवार्य विरोधाभास नहीं है। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी व्यवस्था बना सकता है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग का लाभ मिले, घरेलू क्षमता विकसित हो, उपभोक्ताओं के विकल्प बढ़े और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी शर्तों पर भारत का नियंत्रण बना रहे।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# जंतर-मंतर पर प्रदर्शनों के खर्च से वित्तीय पारदर्शिता पर उठते सवाल


डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के पिछले दिनों हुए तीन प्रदर्शनों के खर्च को लेकर राजनीतिक और बौद्धिक हलकों में चर्चा हो रही है। मुख्य सवाल यह है कि इन आयोजनों के लिए धन कहां से जुटाया जा रहा है? क्या आम लोगों के छोटे-छोटे स्वैच्छिक योगदान से ऐसे प्रदर्शन आयोजित किए जा सकते हैं या इसके पीछे कोई दूसरी आर्थिक व्यवस्था भी है? इन सवालों का जवाब आरोपों और अनुमानों के बजाय तथ्यों तथा वित्तीय पारदर्शिता के आधार पर तलाशना जरूरी है। लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक संगठन को सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करने और जनसमर्थन जुटाने का अधिकार है। साथ ही, उसके आर्थिक संसाधनों और खर्च को लेकर सवाल उठाना भी स्वाभाविक है। विशेषकर तब, जब सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े आयोजन किये जाने की चर्चा हो, हालांकि केवल प्रदर्शन में जुटी भीड़ देखकर किसी संदिग्ध वित्तीय स्रोत का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

मीडिया में उपलब्ध जानकारियों के अनुसार, कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की है। संगठन की स्थापना से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी की डिजिटल मीडिया टीम के साथ काम किया और दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में संचार सलाहकार के रूप में भी सेवाएं दीं। उनकी यह पृष्ठभूमि राजनीतिक संचार, जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र में अनुभव को दर्शाती है लेकिन इससे उनकी वर्तमान आय, निजी आर्थिक स्थिति या संगठन के कार्यक्रमों में उनके व्यक्तिगत योगदान की जानकारी नहीं मिलती। इसी प्रकार, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता बताए जाने वाले सौरभ दास स्वतंत्र खोजी पत्रकार और सूचना का अधिकार कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। उपलब्ध विवरणों के अनुसार, उनकी आय का संबंध पत्रकारिता और विभिन्न मीडिया मंचों के लिए लेखन से है। वहीं, संगठन के रणनीतिकार और प्रवक्ता के रूप में चर्चित आशुतोष रांका आईआईटी कानपुर से पढ़े हैं और लंदन में मैकिन्से में सलाहकार के तौर पर काम कर चुके हैं। वह दिल्ली असेंबली फेलोशिप सहित जनहित से जुड़े कार्यों में भी भागीदारी कर चुके हैं। इन तीनों की शैक्षणिक और पेशेवर योग्यताएं उनके अनुभव का परिचय देती हैं लेकिन इनके आधार पर संगठन की आर्थिक क्षमता या किसी संदिग्ध वित्तीय स्रोत की पुष्टि नहीं की जा सकती। इसके लिए आय, व्यय और चंदे से संबंधित ठोस जानकारी आवश्यक है।

कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से कथित तौर पर कहा जाता है कि प्रदर्शनों का खर्च स्थल पर रखे दानपात्र, आम लोगों के स्वैच्छिक योगदान और शुभचिंतकों की सहायता से पूरा किया जाता है। कुछ लोगों को यह व्यवस्था



बड़े आयोजनों के खर्च के लिहाज से अपर्याप्त लग सकती है। लेकिन इस आशंका की पुष्टि के लिए वास्तविक खर्च और जुटाई गई राशि का विवरण जरूरी है। किसी प्रदर्शन की लागत प्रतिभागियों की संख्या, परिवहन, प्रचार सामग्री, ध्वनि उपकरण, बैनर, भोजन, पानी और आयोजन की अवधि पर निर्भर करती है। यदि प्रतिभागी अपने खर्च पर पहुंचते हैं, स्वयंसेवक बिना पारिश्रमिक काम करते हैं और प्रचार के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग होता है तो लागत कम भी हो सकती है। इसके विपरीत, व्यापक व्यवस्थाओं वाले कार्यक्रमों में खर्च बढ़ सकता है। इसलिए सवाल यह नहीं कि प्रदर्शन बड़ा था तो धन का स्रोत भी असामान्य ही होगा। असल सवाल यह है कि आयोजनों पर कितना खर्च हुआ, धन किस माध्यम से मिला और उसका हिसाब किस प्रकार रखा गया।

चर्चा में यह दावा भी सामने आता है कि संगठन का कोई पंजीकृत बैंक खाता नहीं है और उसे विदेशी फंडिंग नहीं मिलती। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना इन्हें अंतिम तथ्य मानना उचित नहीं होगा।

संगठन का पंजीकरण, बैंक खाते का संचालन, चंदा स्वीकार करने के नियम और विदेशी स्रोतों से धन प्राप्त करने की पात्रता अलग-अलग विषय हैं।

भारत में विदेशी अंशदान प्राप्त करने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के प्रावधान लागू होते हैं। किसी संगठन को विदेशी धन मिलने के आरोप की पुष्टि राजनीतिक संबंधों, विचारधारा या किसी नेता के पुराने पेशेवर जुड़ाव से नहीं की जा सकती। इसके लिए वित्तीय दस्तावेज, बैंकिंग रिकॉर्ड या सक्षम एजेंसियों की जांच जैसे ठोस आधार चाहिए। यदि संगठन छोटे स्वैच्छिक योगदान से कार्यक्रम आयोजित करता है तो आयोजनवार खर्च, प्राप्त चंदे और भुगतान का विवरण सार्वजनिक करना उसके लिए उपयोगी होगा। इससे समर्थकों का भरोसा बढ़ेगा और आलोचकों के सवालों का तथ्यपरक जवाब भी मिलेगा।

कुछ लोगों की ओर से यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि अभिजीत दीपके के आम आदमी पार्टी की डिजिटल मीडिया टीम में काम करने और कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनों के बीच कोई बाहरी राजनीतिक प्रभाव तो नहीं है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की घटनाओं के संदर्भ में अमेरिका की भूमिका को लेकर व्यक्त संदेह भी इस चर्चा से जोड़े जा रहे हैं। हालांकि, इन दोनों बातों को जोड़कर भारत में किसी संगठन के प्रदर्शन के पीछे विदेशी हाथ होने का निष्कर्ष निकालना तर्कसंगत नहीं है। बांग्लादेश की राजनीतिक घटनाओं को लेकर व्यक्त आशंकाएं अपने आप में भारत में किसी संगठन को विदेशी सहायता मिलने का प्रमाण नहीं हैं। इसी तरह, किसी राजनीतिक दल की डिजिटल मीडिया टीम में काम करने का पूर्व अनुभव भी विदेशी फंडिंग या बाहरी निर्देशों का सबूत नहीं है। विदेशी हस्तक्षेप की आशंका को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता लेकिन उसकी जांच प्रमाणों के आधार पर ही होनी चाहिए। संगठित प्रचार और बड़े प्रदर्शनों को देखकर सवाल उठाना स्वाभाविक है, मगर सवाल उठाने और आरोप सिद्ध करने के बीच स्पष्ट अंतर है।

कॉकरोच जनता पार्टी अपने तीनों प्रदर्शनों के खर्च, चंदे के स्रोत और नकद तथा डिजिटल योगदान का विवरण सार्वजनिक करके इस चर्चा को तथ्यपरक दिशा दे सकती है। दूसरी ओर, मीडिया और आलोचकों की जिम्मेदारी है कि वे अपुष्ट आरोपों को तथ्य के रूप में प्रस्तुत न करें। अंततः इस प्रकरण का समाधान न अंधसमर्थन में है और न ही बिना प्रमाण संदेह करने में। जरूरत है आय-व्यय के स्पष्ट हिसाब, वित्तीय स्रोतों की विश्वसनीय जानकारी और अनियमितता के प्रमाण मिलने पर निष्पक्ष जांच की। लोकतंत्र में प्रदर्शन की स्वतंत्रता जितनी महत्त्वपूर्ण है, उतनी ही जरूरी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही भी है। इसलिए सबसे अहम सवाल यही है कि राजनीतिक संगठनों के वित्तीय स्रोतों में पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाय।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# लाला हरदयाल : स्वतंत्रता संग्राम के बौद्धिक शिल्पकार

योगेश कुमार गोयल

भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल रणभूमि में शत्रुओं से लोहा लेने वाले वीरों की गाथा नहीं है बल्कि यह उन मनीषियों की साधना का भी दस्तावेज है, जिन्होंने विचारों की शक्ति से गुलामी की नींव हिलाने का साहस किया। लाला हरदयाल ऐसे ही अद्वितीय क्रांतिकारी थे, जिनके लिए ज्ञान व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का साधन नहीं, राष्ट्रीय मुक्ति का माध्यम था। 14 अक्तूबर को अमर क्रांतिकारी लाला हरदयाल की जयंती हमें उस विलक्षण क्रांतिकारी का स्मरण कराती है, जिसने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं, प्रतिष्ठित शैक्षणिक अवसरों और सुरक्षित भविष्य की संभावनाओं से ऊपर राष्ट्र के स्वाभिमान को स्थान दिया। उनके लिए ज्ञान केवल बौद्धिक उपलब्धि या व्यक्तिगत उत्कर्ष का माध्यम नहीं बल्कि अन्यायपूर्ण सत्ता को चुनौती देने और जनमानस में स्वतंत्रता की चेतना जगाने का सशक्त अस्त्र था।

सैन फ्रांसिस्को से प्रकाशित गदर समाचारपत्र की क्रांतिकारी हुंकार से लेकर विदेशों में बसे भारतीयों को संगठित करने के प्रयासों तक, उनका जीवन इस सत्य का साक्ष्य है कि स्वतंत्रता की लड़ाई केवल रणभूमि में तलवार उठाकर नहीं बल्कि विचारों की प्रखरता, लेखनी की निर्भीकता और संगठन की शक्ति से भी लड़ी जाती है। लाला हरदयाल उन विरल मनीषियों में थे, जिन्होंने अपनी विद्वत्ता को राष्ट्र की धरोहर और अपने जीवन को स्वतंत्रता के महायज्ञ की आहुति बना दिया। उनकी जयंती केवल अतीत के गौरव का स्मरण नहीं बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का अवसर है, जो ज्ञान को कर्म, विचार को संकल्प और राष्ट्रभक्ति को त्याग से जोड़ती है।

**लाला हरदयाल जयंती (14 अक्तूबर) पर विशेष**

14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली के एक साधारण कायस्थ परिवार में जन्मे हरदयाल माथुर बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनकी मेधा का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेंट स्टीफेंस कॉलेज से संस्कृत में स्नातक और फिर सरकारी वजीफे पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जाने तक





उनकी शैक्षणिक यात्रा स्वर्णाक्षरों में लिखी गई। लेकिन जिस समय अन्य युवा ब्रिटिश हुकूमत की चाकरी कर ऊंचे पदों के स्वप्न देख रहे थे, उस समय हरदयाल के भीतर स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अग्नि प्रज्ज्वलित हो रही थी। उन्होंने अनुभव किया कि फिरंगियों की शिक्षा पद्धति भारतीयों को केवल 'बाबू' बनाने के लिए है, न कि राष्ट्र के निर्माण के लिए। इसी बोध ने उन्हें ऑक्सफोर्ड की छात्रवृत्ति और विलायती सुख-सुविधाओं को लात मारने पर विवश कर दिया।

लाला हरदयाल का व्यक्तित्व विरोधाभासों का एक सुंदर समन्वय था। वे जहां एक ओर संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे, वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन और राजनीति के भी गहरे जानकार थे। उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय अमेरिका में 'गदर पार्टी' की स्थापना के साथ शुरू होता है। जब वे अमेरिका और कनाडा में बसे प्रवासी भारतीयों से मिले तो उन्होंने उनकी आंखों में छिपे उस अपमान को पढ़ा, जो उन्हें गुलाम देश का नागरिक होने के कारण झेलना पड़ता था। हरदयाल ने समझा कि भारत की आजादी की लड़ाई केवल सीमाओं के भीतर रहकर नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद की जड़ों पर प्रहार करके भी लड़ी जा सकती है। 1913 में उन्होंने 'गदर' समाचारपत्र का प्रकाशन शुरू किया, जिसके पहले अंक के शीर्षक 'अंग्रेजी राज का दुश्मन' ने ही फिरंगियों की नींद उड़ा दी थी।

उनका लेखन कोई साधारण गद्य नहीं था बल्कि वह सोई हुई आत्माओं को झकझोरने वाला संगीत था। वे लिखते थे, 'देश के वीरों, हमें सिपाही चाहिए; सिपाही, जो अपनी जान दे सकें। हमें सेनापति चाहिए, जो रणनीतियां बना सकें।'

उनके शब्द सीधे दिल पर चोट करते थे। गदर आंदोलन ने केवल सिखों या पंजाबियों को ही नहीं बल्कि हर उस भारतीय को एक सूत्र में पिरो दिया, जो विदेश में रहकर भी अपनी मिट्टी की खुशबू के लिए तरस रहा था। हरदयाल ने सिखाया कि संगठन की शक्ति क्या होती है। उनके प्रयासों से ही करतार सिंह सराभा और विष्णु गणेश पिंगले जैसे वीर योद्धा तैयार हुए, जिन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया।

हरदयाल जी के विचार केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं थे। वे एक महान समाज सुधारक और तर्कशास्त्री भी थे। उनकी पुस्तक 'हिंट्स फॉर सेल्फ कल्चर' आज भी उन युवाओं के लिए एक मार्गदर्शिका है, जो अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहते हैं। वे मानते थे कि शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक उन्नति के बिना कोई भी राष्ट्र महान नहीं बन सकता। उनकी विद्वत्ता का लोहा दुनिया मानती थी, वे एक साथ कई भाषाओं के ज्ञाता थे और उनकी स्मरण शक्ति के किस्से आज भी किंवदंती की तरह सुने जाते हैं।

इस महान क्रांतिकारी का मार्ग कांटों से भरा था। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जब उन्होंने जर्मनी के सहयोग से भारत को स्वतंत्र कराने की योजना बनाई तो ब्रिटिश खुफिया तंत्र उनके पीछे हाथ धोकर पड़ गया। उन्हें एक देश से दूसरे देश शरण लेनी पड़ी। कभी स्विट्जरलैंड, कभी जर्मनी, तो कभी स्वीडन, निर्वासन का यह दुख उन्होंने केवल इसलिए सहा ताकि भारतमाता की बेड़ियां काटी जा सकें। लंबी यात्राओं और निरंतर संघर्ष ने उनके शरीर को जर्जर कर दिया था लेकिन उनके विचारों की प्रखरता अंत तक कम नहीं हुई। 4 मार्च 1939 को अमेरिका के फिलाडेल्फिया में रहस्यमयी परिस्थितियों में इस महामानव का निधन हो गया। यद्यपि वे अपनी आंखों से भारत को स्वतंत्र होते नहीं देख सके लेकिन उन्होंने स्वतंत्रता की जो मशाल जलाई थी, उसी की लौ में 1947 का सूर्योदय हुआ। लाला हरदयाल ने सिखाया कि देशभक्ति केवल नारों में नहीं बल्कि त्याग और निरंतर स्वाध्याय में बसती है। वे एक ऐसे 'ऋषि-क्रांतिकारी' थे, जिन्होंने अपनी बुद्धि को राष्ट्र का कवच बनाया। उनके विचार आज भी हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता का मूल्य निरंतर सतर्कता और बौद्धिक श्रेष्ठता है। उनकी स्मृति हमारे हृदय में सदा उस ध्रुव तारे की तरह चमकती रहेगी, जो अंधकार में डूबी मानवता को मार्ग दिखाता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एसआई अभिषेक त्रिवेदी को दी भावभीनी विदाई

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद राठ कोतवाली स्थानांतरित हुए उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी को मंगलवार को भावभीनी विदाई दी गई। कोतवाली परिसर में आयोजित समारोह में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और नगर के लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान माहौल भावुक हो गया। समारोह में एसडीएम करनवीर सिंह, सीओ राजकुमार पांडेय और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### किराने की दुकान से अवैध पटाखे बरामद, दुकानदार फरार



**मौदहा (हमीरपुर)।** त्योहारों से पहले प्रशासन ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को मौदहा नगर के इलाही तालाब पार इलाके में एसडीएम करनवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ एक किराने की दुकान पर छापा मारकर पटाखों की बोरियां बरामद कीं। कार्रवाई के दौरान दुकानदार मौके से फरार हो गया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि इलाही तालाब पार स्थित अजय गुप्ता पुत्र लखन गुप्ता की किराने की दुकान में बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण और बिक्री की जा रही है। छापेमारी के दौरान दुकानदार पटाखों के भंडारण और बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। कार्रवाई होते देख दुकानदार ने पटाखों से भरी कुछ बोरियां दुकान के पीछे स्थित इलाही तालाब में फेंक दीं और मौके से भाग निकला। प्रशासनिक टीम ने दुकान में रखी तथा तालाब में फेंकी गई पटाखों की बोरियों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, फरार दुकानदार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई के दौरान कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### एसपी ने कुरारा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण



**कुरारा (हमीरपुर)।** पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को कुरारा थाने का वार्षिक निरीक्षण कर अभिलेखों, साफ-सफाई और पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने डिजिटल मालखाने और वहां रखे सामान के रखरखाव की स्थिति देखी। इसके बाद कार्यालय में अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर डेस्क और पुलिसकर्मियों की बैरक का निरीक्षण किया। आरक्षी आवास, मेस और थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी। पुलिस अधीक्षक ने थाने में मौजूद ग्राम चौकीदारों से संवाद कर सरकार की ओर से उनके वेतन में की गई बढ़ोतरी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने, साइबर अपराधों की रोकथाम और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी प्रिंस दीक्षित सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### महिला सशक्तीकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बरुआसागर(झांसी)।** डॉ. आर.पी. रिछारिया महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा रेली निकालकर कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील भटनागर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास का विषय ही नहीं बल्कि मजबूत और प्रगतिशील समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर छात्राओं ने महिला सुरक्षा, समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी जागरूकता फैलाने में सक्रिय सहभागिता की।कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, समान अवसर और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति निगम,डॉ अरुण मिश्रा,डॉ कल्पना द्विवेदी,डॉ सचिन सिंह,डॉ एस के श्रीवास्तव,आर एन विश्वकर्मा,विजय तिवारी, पुरुषोत्तम साहू ,विनय यादव,मेहर प्रकाश यादव धर्मेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा के लिए मानकों का पालन जरूरी: एसके सिंह

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में विश्व खाद्य दिवस के तहत खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के वरिष्ठ निदेशक एस.के. सिंह ने कहा कि सुरक्षित खाद्य पदार्थों के लिए उत्पादन से लेकर भंडारण, परिवहन और वितरण तक स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन जरूरी है।उन्होंने खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, जीएमपी, जीएचपी और एचएसीसीपी के महत्व की जानकारी दी। कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन इंजी. अंजलि श्रीवास्तव ने किया और डॉ. रवि कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### ई-कॉमर्स से कारोबार बढ़ाएं उद्यमी: सीडीओ

**झांसी।** विकास भवन में आयोजित वॉलमार्ट वृद्धि कार्यशाला में सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने ओडीओपी, ओडीओसी और एमएसएमई उद्यमियों को ई-कॉमर्स से जुड़कर कारोबार बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वॉलमार्ट प्रतिनिधि अंशुल गुप्ता, विकास त्यागी और सुष्मिता गौड़ ने फ्लिपकार्ट पर पंजीकरण और उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान उद्यमियों का पंजीकरण भी कराया गया।कार्यशाला में उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी सहित 60 उद्यमियों ने भाग लिया।

### दुर्गा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**बांदा।** शारदीय नवरात्र के मौके पर जहां देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं शाम होते ही शहर में जगह-जगह सजे दुर्गा पंडालों में दर्शनार्थियों का रेला निकल पड़ता है। शहर के में वैसे तो करीब तीन सैकड़ा से अधिक देवी पंडाल सजाए गए हैं, लेकिन सबसे मनोरम छटा बीते 47 वर्षों से महेश्वरी देवी मंदिर के पास स्थित महेश्वरी देवी बाल समाज के दुर्गा पंडाल में देखने को मिलती है। यहां मां दुर्गा विशालकाय प्रतिमा के साथ विद्यादायिनी मां सरस्वती और मां काली की प्रतिमाएं विराजमान हैं। कमेटी के उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा बताते हैं कि 47 साल पहले सरंक्षक स्व.रविप्रकाश चेपू ने यहां झांकी सजाने की शुरूआत की थी, जो देवी भक्तों की प्रेरणा से अनवरत चल रही है। पंडाल संचालन में कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश शिवहरे, उमेश सोनी, राजू गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, व्यवस्थापक राकेश रंजन रक्कू, धीरू विश्वकर्मा, प्रद्युम्न गुप्ता कुक्कू, अखिल सोनी, इंद्रप्रकाश आदि का अथक परिश्रम मां की झांकी को अनूठा सौंदर्य प्रदान करता है।

### यौन शोषण में बाल अपचारी को पुलिस ने पकड़ा

**बांदा।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने 17 वर्षीय बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। आरोपी किशोर को बच्ची का रिश्तेदार बताया जा रहा है। बालिका की मां की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बिसंडा थाना के एक गांव निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ गुटखा लेने के बहाने गलत काम किए जाने की सूचना दी थी। महिला की तहरीर पर आरोपी बाल अपचारी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित कई सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। मर्का पुलिस ने बाल अपचारी को संरक्षण में लिया।

# उद्योग बंधु बैठक में सख्ती, बिना अनुमति अनुपस्थित अधिकारियों का रुकेगा वेतन

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें निवेशकों की समस्याओं, औद्योगिक गतिविधियों और स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमी विकास अभियान, ओडीओपी और एक जनपद एक व्यंजन योजनाओं के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैंकों और विभागों को समन्वय बनाकर पात्र आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बैठक में संबंधित विषयों की जानकारी रखने वाले अधिकारी या अधिकृत प्रतिनिधि ही शामिल हों। बिना पूर्व अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का संबंधित दिन का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एलडीएम, यूपीसीडा और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने को घर-घर जाएंगे बीएलओ



**हमीरपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ पुरानी और वर्तमान मतदाता सूची का मिलान कर छूटे मतदाताओं की पहचान करेंगे और घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। पात्र नागरिकों को नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरने में सहायता दी जाएगी। प्रत्येक बीएलओ सप्ताह में 20 से 25 मतदाताओं से संपर्क कर एक माह में कार्य पूरा करने का प्रयास करेगा। पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं, आश्रयहीन व्यक्तियों और वंचित वर्गों को जोड़ने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय कर अभियान में सहयोग करने की अपील की।

### स्नातक एमएलसी चुनाव में 23 अक्टूबर को मतदान पहचान पत्र अनिवार्य

**झांसी।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होगा। रिटर्निंग ऑफिसर एवं मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि मतदान के दौरान फर्जी मतदान रोकने के लिए मतदाताओं को निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि पहचान पत्र उपलब्ध न होने पर मतदाता आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सरकारी सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक-पार्षद पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थान का पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की डिग्री या डिप्लोमा का मूल प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड सहित आयोग द्वारा मान्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकेंगे।

## सात इंच गहराई पर मिली पाइपलाइन एडीएम ने जताई नाराजगी



**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के कार्यों के औचक निरीक्षण में पाइपलाइन जमीन से मात्र सात इंच नीचे मिली। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजय सिंह ने मिश्रीपुर के मजरा छोटा सिमरा और बड़ा सिमरा में पेयजल योजनाओं की जांच की। छोटा सिमरा में हरि कंपनी द्वारा बिछाई जा रही पाइपलाइन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली। एडीएम ने जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता को जांच कर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बड़ा सिमरा में कई नलों की टोटियां गायब मिलीं। कुछ ग्रामीण पाइपलाइन के पानी से वाहन धोते और खेतों की सिंचाई करते पाए गए। एक ग्रामीण ने नाली की सफाई के दौरान जेसीबी से नल और स्टैंड क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायत भी की। एडीएम ने कमियों की जांच, सुधार और पेयजल की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 352 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

### कुछेछा में आयोजित समारोह में 345 हिंदू व सात मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय डिग्री कॉलेज, कुछेछा में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न विकासखंडों के कुल 352 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इनमें 345 हिंदू और सात मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। समारोह में नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने सभी नवदंपतियों को सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक नवीन गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी मौदहा श्वेता तिवारी, सुमेरपुर के खंड विकास अधिकारी एसके श्रीवास्तव, राठ के खंड विकास अधिकारी मनोज गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह तथा गोहांड के खंड विकास अधिकारी विनोद पांडेय मौजूद रहे। अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों के सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह का संचालन सर्वेश द्विवेदी और जलीस खान ने किया।

# शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को लेकर बैठक, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर मंथन

### शिक्षित एवं संगठित समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज, समथर(झांसी)।



कस्बा समथर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य परम पूज्य बाबा बालक दास जी ने समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ सामाजिक बैठक की। बैठक में शिक्षा के महत्व, बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान समाज को शिक्षित, संगठित एवं जागरूक बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का प्रमुख आधार है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।इस अवसर पर सामाजिक एकता, शैक्षणिक जागरूकता और नई पीढ़ी के बेहतर भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने और बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया।

## पटकाना में मां काली के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु , देर रात तक लगी रहीं कतारें

समृद्धि न्यूज, गुरसराय (झांसी)।



नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं पटकाना मोहल्ले में स्थापित ऐतिहासिक मां काली के भव्य पंडाल में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर रात तक भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर मां के दर्शन किए और आरती में शामिल होकर आशीर्वाद मांगा। पुजारी अभिनव शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद भव्य आरती हुई। भीड़ को देखते हुए समिति ने व्यवस्थाएं कीं और लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की। सुरक्षा के लिए गुरसराय थाना पुलिस तैनात रही।इस दौरान समिति अध्यक्ष पंकज आर्या, उपाध्यक्ष गगन यादव, सार्थक नायक व अनुज झा, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित समिति के सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन में करंट आने से लाइनमैन की मौत

समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी, महोबा।

शटडाउन के बाद भी हाई टेंशन लाइन में काम कर रहे लाइनमैन की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई है मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महोबकंठ थाना क्षेत्र के घटेरा गांव निवासी संविदा लाइनमैन विजय सिंह राजपूत (32) वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। वह नई

### भरवारा पावर हाउस का लाइनमैन महोबकंठ क्षेत्र में कर रहा था कार्य

हाईटेंशन लाइन पर सटडाउन लेकर काम कर रहे थे, तभी करंट की चपेट में आ गए। यह जानकारी उनके पारिवारिक भाई रामसिंह हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण विजय को सीएचसी पनवाड़ी ले गए, जहां डॉक्टर रविंद्र भारती ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विजय अपने पीछे चार साल की बेटी मिस्टी और दो साल के बेटे सुशांत को छोड़ गए हैं। उनकी मां हरकुंवर और पत्नी छाया का बुरा हाल है। सवाल उठ रहा है कि शटडाउन लेने के बाद भी लाइन में करंट कैसे आया। हादसे की असली वजह और जिम्मेदार कौन है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। पनवाड़ी के जूनियर इंजीनियर श्रीकांत नामदेव ने बताया कि विजय भरवारा पावर हाउस में तैनात थे। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान: केजीबीवी की कक्षा 7 की छात्रा पल्लवी बनीं एक दिन की बीएसए



**उरई(जालौन)।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत बालिकाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने की अनूठी पहल की गई। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), मंडोरा की कक्षा 7 की छात्रा पल्लवी को मंगलवार को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), जालौन के पद पर आसीन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना साथ ही आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में विद्यालय, विकास खंड, तहसील, जिला व मंडल स्तर पर बालिकाओं को एक दिन के लिए विभिन्न प्रमुख पदों पर आसीन कर प्रशासनिक व नेतृत्व संबंधी अनुभव प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। पल्लवी को एक दिन के लिए बीएसए की भूमिका प्रदान करना बालिकाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला समन्वयक नैना सेंगर, जिला समन्वयक दीपेश कुमार सिंह, जिला समन्वयक अमित कुमार, जिला समन्वयक मनीष सिंह परिहार, जिला समन्वयक प्रवीण कुमार, जिला समन्वयक अजातशत्रु राजपूत , एसआरजी अभिलाष तिवारी, कस्तूरबा वार्डन महिमा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# देश में अघोषित इमरजेंसी जैसे हालात: चिंतामणि

### पीडीए चौपाल लगा कर 2027 में अखिलेश को सीएम बनाने की अपील

समृद्धि न्यूज, महोबा।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व आईएएस अधिकारी चिंतामणि मंगलवार दोपहर 3 बजे महोबा पहुंचे। सपा कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अंशु शिवहरे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और पीडीए चौपाल में केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत में चिंतामणि ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण और सामाजिक न्याय खतरे में हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जनता के वोट देने के अधिकार को कमजोर करने की साजिश की जा रही है चिंतामणि ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों को मिले अधिकार बाबा साहब के संविधान की देन हैं। उन्होंने कहा कि संविधान और वोट का अधिकार सुरक्षित रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो पीड़ित है, वही पीडीए है। समाजवादी पार्टी जनता को जागरूक करने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रही है। चिंतामणि ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत सरकार बनाएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

# भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का फूंका प्रतीकात्मक पुतला

### महिला पत्रकार से कथित दुर्व्यवहार पर जताया विरोध

समृद्धि न्यूज, बांदा।



भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महिला पत्रकार से कथित दुर्व्यवहार का विरोध जताते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। भाजपाइयों ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा काटा और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। इस दौरान महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता की अगुवाई में मंगलवार को महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महिला पत्रकार से कथित दुर्व्यवहार का विरोध जताते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे भाजपाइयों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के व्यवहार पर नाराजगी जताई। इस मौके पर मंजू देवी, रीता गुप्ता, हीरा गुप्ता, वन्दना त्रिपाठी, उमा गुप्ता, पूनम, संध्या, रूपा चौहान, अमित सेठ भोलू आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बांदा।** कानपुर देहात जिले के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा गांव के मजरा बैजूपुरवा निवासी शिवम (24) पुत्र रामकिशोर सोमवार को अपने साथी रामकिशुन से मिलने तिंदवारी आया था। रात को दोनो बाइक में बैठकर गांव लौट रहे थे। जसईपुर के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया। यहां शिवम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसकी जेब से मिले मोबाइल नंबर पर परिजनों को सूचना दी। मृतक के मामा ने बताया कि शिवम राजकोट में काम करता था।

# अग्रसेन जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

### नीट उत्तीर्ण करने पर तान्या अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार देर रात श्रीराम पैलेस में महाराजा अग्रसेन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार और नपा जालौन अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल मौजूद रहे। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए। नृत्य प्रतियोगिता में अरस्या अग्रवाल प्रथम, अक्षिता अग्रवाल द्वितीय और पिहू अग्रवाल तृतीय रहीं। फैंसी ड्रेस में आर्या अग्रवाल प्रथम, वेद्या द्वितीय और देवांश व आद्या अग्रवाल संयुक्त रूप से तृतीय रहे। नीट उत्तीर्ण करने पर तान्या अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य विजेताओं और प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में एकता, सहयोग और संस्कारों को बढ़ावा देने व नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया गया।आयोजन में नपा प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, पुनीत गोयल, उमेश, प्रवीण, महेंद्र, कंचन, कृष्णा, स्तुति अग्रवाल मौजूद रहीं।

## बीएड की छात्रा ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी काजल (18) पुत्री रामबाबू ने मंगलवार की सुबह कमरे के अंदर सीलिंग हुक पर दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मां अनीता ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि काजल अतर्रा से बीएड कर रही थी। मंगलवार को सुबह मंदिर पूजा करने गई थी। वापस लौटने के बाद उसकी मां अपनी परचून की दुकान खोलने आ गई। पिता ई-रिक्शा चलाने चला गया। सूना मौका देख फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।


**कार्यालय ग्रा0पं0 कनासी वि0ख0 नवाबगंज, फरु0**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 13/10/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत कनासी विकास खण्ड नवाबगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 14/10/2026 से दिनांक 21/10/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 21/10/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 14/10/2026 से दिनांक 21/10/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अरविन्द के घर से तालाब तक नाली कार्य | 2.7 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रा0विद्यालय गुलरिया कक्षों में बरामदा कार्य व रसोई में मरम्मत कार्य | 2.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रशासक/प्रधान (महेन्द्र सिंह) ग्राम पंचायत कनासी, नवाबगंज सचिव (बृजेश सिंह)**

# ग्राम प्रहरियों को कर्तव्य निर्वहन के लिए किया प्रेरित

## सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने ग्रामीण सुरक्षा में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को बताया अहम



**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**

जनपद बरेली में आयोजित ग्राम प्रहरी (चौकीदार) सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज में लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, मुख्य विकास अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ की उपस्थिति में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक जयमंगलकन्नौजिया ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस तथा आमजन के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्राम प्रहरियों सेअपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को तत्काल स्थानीय पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरियों की सजगता से ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में काफी मदद मिलती है।

वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने ग्राम प्रहरियों को पुलिस विभाग और ग्रामीण जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की समय पर सूचना देना, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करना तथा पुलिस-जन संवाद को प्रभावी बनाना ग्राम प्रहरियों की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। उन्होंने सभी ग्राम प्रहरियों से पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम प्रहरियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया।

# सभी 882 ग्राम पंचायत में आयोजित होंगे कैंप

**अब तक आयोजित 244 कैंप में 26854 पशु हुए लाभान्वित**

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पशुपालन विभाग आपके द्वार कार्यक्रम जारी है। पशुपालन विभाग द्वारा प्रतिदिन 14 ग्राम पंचायतो में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कैंपों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण ,उपचार, बंध्याकरण, कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ एजाज अहमद के अनुसार जनपद के सभी 882 ग्राम पंचायतो में 31 दिसंबर 2026 तक कैंप का आयोजन कर पशुओं को कैंप के माध्यम से इलाज,जांच, कृत्रिम गर्भाधान, बंध्याकरण एवं छोटे शल्य चिकित्सा सुविधा को प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 12 विकास खंडो में प्रतिदिन 14 टीम पहुंचकर कैंप का आयोजित कर रही है।

अब तक 244 ग्राम पंचायत में कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें 2598 पशुओं की जांच व चिकित्सा, 667 पशुओं का बंध्याकरण तथा 13821 गोवंशीय पशु को एफएमडी का टीकाकरण तथा 9666 पशुओं को एल एस डी का टीका लगाया गया है। वहीं 102 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया है। इस आयोजन में प्रतिदिन 1962 एम वी यू( मोबाइल वेटरनरी यूनिट )द्वारा दो कैंप आयोजित किया जा रहा है।सी वी ओ डॉ अहमद के अनुसार पशुपालक कैंप में अपने पशुओं को लाकर सुविधा प्रदान करें।

# माफिया अतीक अहमद से जुड़ी जमीन पर बनेंगे गरीबों के आशियाने

**15 अक्टूबर को सीएम योगी करेंगे भूमि पूजन**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कसारी-मसारी में गरीब परिवारों को अपना आशियाना मिलने की उम्मीद जगी है। माफिया अतीक अहमद से जुड़ी बताई जा रही जमीन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कराया गया था। अब इसी जमीन पर गरीबों के लिए आवास बनाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि इस परियोजना से प्रयागराज के बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की योजना है। 15 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परियोजना का भूमि पूजन किया जाना प्रस्तावित है।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिया कड़ा निर्देश



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर माह सितंबर में विभिन्न विभागों की प्राप्त ग्रेडिंग एवं रैंकिंग तथा जनपद में संचालित विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग वार प्रगति की समीक्षा करते हुए बी, सी एवं डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को अपनी रैंकिंग में तत्काल सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी लंबित एवं निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध है, उनमें बिना किसी अनावश्यक विलंब के तेजी लाई जाए। संबंधित अधिकारी परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराएं।

## कृषि विवि के कार्य माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश

निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली परियोजना है। इसके निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्लासरूम, बाउंड्री वॉल, हॉस्टल, लाइब्रेरी सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को अक्टूबर माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विश्वविद्यालय का कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है।

# महिला सम्मान मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

**प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस मुर्दाबाद' के लगाए नारे**

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़ी 11 छात्राओं की शिकायतों और कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजम की बर्खास्तगी के बाद उठे विवाद को लेकर मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शुभलक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में जुटीं महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस मुर्दाबाद' के नारे लगाए। महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष संध्या त्रिपाठी ने कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस को इस प्रकरण पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान केवल राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता, गंभीरता और जवाबदेही भी दिखाई देनी चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। राजनीतिक दलों को महिला अधिकारों के सवाल पर स्पष्ट और जिम्मेदार रुख अपनाना चाहिए। और प्रकरण से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और पीड़िताओं को न्याय दिलाने की मांग की। शुभलक्ष्मी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दे रही है।जिला महामंत्री वंदना तिवारी ने भी इस प्रकरण को महिलाओं के सम्मान और संस्थागत जवाबदेही से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मामले पर अपना पक्ष स्पष्ट करने तथा महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से लेकर न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन में प्रज्ञा मिश्रा, अंजुला अग्रहरी, कमलेश जायसवाल, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. फरीदा इरम, ऋतु गुप्ता, रेशमा समेत महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रही।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**




मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक कार्य और पुलिस सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर विपरीत परिस्थितियों में सफलता हासिल करने वाली छात्राओं का भी उत्साहवर्धन किया गया।तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए

चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और संवेदनशील गर्भवती महिलाओं के उपचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. रोमा गुप्ता को सम्मानित किया गया। वहीं, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य तथा चिकित्सा देखभाल के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए स्टाफ नर्स सुनीता श्रीवास्तव और बबीता भारती को सम्मान प्रदान किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं भी सम्मानित की गयी।छात्राओं को शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में योगदान के लिए राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फरेंदा की प्रवक्ता ज्योति सिंह और प्रधानाचार्य अनामिका पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ओलंपियाड में चयनित कक्षा चार की छात्रा सौम्या पासवान तथा शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद हाईस्कूल में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा निधि यादव को भी सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धियों को अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायी बताया गया।महिला सशक्तीकरण में योगदान देने वाली काउंसलरों का सम्मान किया गया।

महिलाओं से संबंधित घरेलू उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों के समाधान के साथ महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए काउंसलर प्रियंका सिंह, रतना तिवारी और संजा देवी को सम्मानित किया गया।

# खबरें एक नजर में

## कात्यायनी का यूपी अंडर-19 टीम में चयन

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** शहर की उभरती महिला क्रिकेटर कात्यायनी पाठक का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। वह मुंबई में आठ अक्टूबर से आयोजित अंडर-19 महिला टी-20 ट्रॉफी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कात्यायनी के चयन से उनके परिवार में खुशी की लहर है।
नैनी के विनायक नगर निवासी कात्यायनी दाएं हाथ की बल्लेबाज एवं ऑफ ब्रेक गेंदबाज हैं। वह केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर प्रशिक्षक अमर चौधरी और हृदय नारायण पांडेय के निर्देशन में क्रिकेट का नियमित अभ्यास करती हैं। मैदान पर निरंतर मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। कात्यायनी के पिता जेके पाठक और माता किरण पाठक हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## त्योहार पर उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगा दो सिलेंडर

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।** जनपद के 254362 उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को शासन दो चरण में दो -दो गैस सिलेंडर ईंधन उपलब्ध कराएगा। लाभार्थी को स्वयं भुगतान कर भरा गैस सिलेंडर लेना होगा तदोप्रांत केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से ईंधन का मूल्य भेजा जाएगा।उल्लेखनीय है कि अक्टूबर से दिसंबर के मध्य प्रथम चरण में एक-एक सिलेंडर ईंधन प्राप्त होगा वही जनवरी से मार्च के बीच दूसरे चक्र का सिलेंडर ईंधन लाभार्थी को मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही के अनुसार लाभार्थी को ईंधन मूल्य भुगतान कर सिलेंडर प्राप्त करना है इसके बाद केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जाएगा। उज्ज्वला योजना के लाभार्थी त्योहार के मौसम में शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## आज प्रयागराज आयेंगे सीएम योगी

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 अक्टूबर को प्रयागराज आयेंगे। इस दौरान वह इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र के मतदाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी की सभा गुरुवार 15 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे गर्वनमेंट प्रेस मैदान पर होगी। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे। मतदाता सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया गया है कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत से लग जाएं। कार्यक्रम को लेकर सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से कुली की मौत

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक कुली की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, कुली चलती ट्रेन के सामने कूद गया था। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। कुली की मौत के बाद उसके साथियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने थाने का घेराव शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान और घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर एक कुली चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और यात्रियों के बीच भी इस घटना को लेकर चर्चा होने लगी। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पूर्व विधायक गजाधर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, डीह रायबरेली।**



राजनीति के प्रख्यात गुरु पूर्व विधायक स्व गजाधर सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि ब्लॉक मुख्यालय पर उनके अनुज पुत्र जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के द्वारा ब्लॉक परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी गई उसके पश्चात उपस्थित सलोन विधायक अशोक कुमार,खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजलि दी।

इस अवसर पर स्व गजाधर सिंह के जीवन चरित्र व राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला गया। कभी जनपद में डीह ब्लॉक जनपद में सबसे पिछड़ा हुआ ब्लॉक था जिसे अपने राजनीतिक सफर में स्व गजाधर सिंह ने अथक प्रयास करते हुए विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में शिक्षा, चिकित्सा, मार्ग व पानी आदि के विकास कार्यों को करा कर जनपद ही नहीं प्रदेश में ब्लॉक का नाम ऊंचा किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह, प्रधान विनय सिंह राजकुमार सिंह अखिलेश बहादुर सिंह, अकबाल बहादुर सिंह, बंटेश सिंह अशोक यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा,मनोज साहू आंसू सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे से फोड़े गुब्बारे, आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कप्तानगंज पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कप्तानगंज पुलिस ने विपिन पाण्डेय पुत्र रामहरख पाण्डेय, निवासी सेमरा, थाना कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर, उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया। आरोप है कि उसने अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर अवैध तमंचे से गुब्बारे फोड़े थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कप्तानगंज में मु0अ0सं0 388/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

शासन के निर्देशों के क्रम में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन रविन्द्रनगर धूस के प्रांगण में महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा महिला पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रो. वीणा, श्रीमती रीता यादव, श्रीमती प्रियंका चौरसिया, प्रीति सिंह, वंदना कुशवाहा, सुश्री साक्षी पाण्डेय, सुनीता पाण्डेय एवं मीरा शुक्ला को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गृह विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति प्रभारी अर्चना सिंह, महिला उपनिरीक्षक सुश्री दीपशिखा, पूर्णिमा सरोज एवं प्रीति वर्मा तथा महिला आरक्षी प्रियंका सिंह, श्रीमती वंदना, मंजूषा, प्रियंका यादव, ममता, सोनी चौरसिया, सुश्री ज्योति कुमारी, पूजा यादव एवं अर्चना यादव को महिला सुरक्षा एवं संबंधित दायित्वों के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देना तथा समाज में महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

# ट्रक की टक्कर से घायल युवक की मौत दो घायल

**समृद्धि न्यूज,अमावां रायबरेली।**

मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर सोमवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल चालक ट्रक समेत मौके से भागने में कामयाब रहा। जिसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के राही गांव निवासी अजय कुमार 30 वर्ष अपने साथी रंजीत कुमार व रिश्तेदार सुरेंद्र के साथ सोमवार की रात 8 बजे रायबरेली शहर की ओर जा रहा था। तभी स्कूल के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने अजय की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान अजय कुमार को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है।

# ई रिक्शा पलटने से दो लोग घायल

**ऊंचाहार-रायबरेली।** ई रिक्शा मोड़ते समय बाइक सवार के चपेट में आने के बाद ई रिक्शा पलट गया, जिसमें दोनों चालक घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जगतपुर कस्बा निवासी जाहिर मोहम्मद उम्र 45 वर्ष ई रिक्शा चालक है,मंगलवार को ई रिक्शा की मरम्मत करवाने कस्बे के बस स्टैंड आया था, इसी दौरान ई रिक्शा की मरम्मत के बाद मिस्त्री द्वारा चेक करने के दौरान अचानक ई रिक्शा मोड देने के बाद ई रिक्शा पलट गया जिसमें बगल में खड़े ई रिक्शा चालक जाहिर व पीछे से आ रहे बाईक सवार कंदरावा निवासी राज उम्र करीब 20साल चपेट में आकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ अतुल पाण्डेय ने बताया कि दोनों घायलों का इलाज किया गया है।

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम प्रहरी अहम: मनोज कुमार

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली।**



मुख्यमंत्री ने आज रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले प्रदेश के 68,000 ग्राम प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनपद रायबरेली में राना बेनी माधव बख्श सिंह ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, मनोज कुमार पाण्डेय ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्राम प्रहरियों ने देखा और सुना। इसके उपरांत पुलिस सहयोग एवं अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान देने वाले जनपद रायबरेली के 10 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्राम प्रहरी पूरी सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए गांवों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्राम प्रहरियों के मानदेय में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें सम्मान प्रदान करने की पहल की गई है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम, क्षेत्राधिकारी सुजीत राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार का शीशा तोड़कर 1.33 लाख रुपये की सोने की चेन चोरी

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस इलाके में दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर करीब 1.33 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन चोरी करने का मामला सामने आया है। प्रतापगढ़ के कुंडा निवासी अनीता देवी अपने परिवार के साथ प्रयागराज आई थीं। उन्होंने एसपी मार्ग स्थित एक ज्वेलर्स से 1,32,950 रुपये की सोने की चेन खरीदी थी और उसे अपनी ऑल्टिगा कार की आगे वाली सीट के नीचे रख दिया था। इसके बाद अनीता देवी अपने पति, बेटे और भाई उमा लाल के साथ बिरयानी खाने के लिए रेस्टोरेंट चली गईं। जब परिवार वापस लौटा, तो कार का शीशा टूटा मिला और उसमें रखी सोने की चेन गायब थी।
घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने डायल-112 पर सूचना दी और सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# सरकारी वकील को अनपढ़ कहना पीआरओ को पड़ा भारी

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

**हाईकोर्ट ने एसएसपी आजमगढ़ समेत तीन को किया तलब**

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सरकारी वकील के साथ अभद्र टिप्पणी करना आजमगढ़ पुलिस कप्तान के पीआरओ को भारी पड़ गया। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने सख्त नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार, महाराजगंज थानाध्यक्ष और एसपी के ~~क्कह~~ रूपेश कुमार सिंह को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। मामला महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक वायरल वीडियो केस से जुड़ा है। सचिन यादव की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान विवेचक को पहले ही एलबीडब्ल्यू जारी हो चुका है। सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता अनुराग पांडेय ने कोर्ट को बताया कि एसपी के पीआरओ रूपेश सिंह ने फोन पर बातचीत के दौरान उन्हें अनपढ़ कहा। इस पर कोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया और टिप्पणी की कि पुलिस की कार्यशैली और सरकारी वकील के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने तीनों अधिकारियों को अगली तारीख पर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# वर्षों पुराने रावण दहन स्थल का विवाद सुलझा

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर देउरवा में रावण दहन एवं होलिका दहन स्थल की जमीन को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की पहल पर सुलझा लिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों और संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर मामले की जानकारी ली और आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया।

विवाद के समाधान के लिए मौके पर अपर जिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार, सदर तहसीलदार पंकज कुमार शाही, सदर क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम, अपर न्यायिक तहसीलदार विवेक कुमार श्रीवास्तव तथा भिटौली थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनी और आपसी सहमति बनाने की दिशा में पहल की। इसके बाद वर्षों से चले आ रहे विवाद का समाधान हो गया।रावण दहन एवं होलिका दहन स्थल की जमीन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुए इस समाधान से गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला। बैठक में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह, सोहन चौधरी, सनी साहनी, अनिल यादव, ओसियर यादव, ग्राम प्रधान विनोद, श्याम वेद त्रिपाठी, दिनेश चौहान, गोलई यादव, महेंद्र मणि त्रिपाठी, श्यामसुंदर चौहान सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# उनका कद ऐसा है कि सभी 403 सीटों पर रहते हैं प्रत्याशी: केशव

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से प्रयागराज की शहर उत्तरी विधानसभा सीट से 2027 का चुनाव लड़ने को लेकर पत्रकारों द्वारा सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा कि लोगों ने उनका कद ऐसा बना दिया है कि वह प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी रहते हैं। श्री मौर्य मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा में ऐसा नहीं है कि कोई खुद ही प्रत्याशी बन जाए। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा में अंतिम रूप से संसदीय बोर्ड तय करता है कि किसे किस सीट से चुनाव लड़ना है। जब प्रत्याशियों की सूची जारी हो जाएगी, तभी इस सवाल का जवाब देना उचित होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा का कोई कार्यकर्ता यह नहीं बताता कि उसके मन में क्या है। उन्होंने विधान परिषद चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी में कई लोग दावेदार थे, लेकिन अंतिम फैसला पार्टी ने किया कि कौन विधान परिषद का चुनाव लड़ेगा। केशव मौर्य के इस बयान के बाद शहर उत्तरी विधानसभा सीट से उनकी उम्मीदवारी को लेकर अटकलों पर फिलहाल विराम नहीं लगा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्याशी तय करने का अंतिम अधिकार पार्टी के संसदीय बोर्ड के पास है।

# काफिले की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, हेड कांस्टेबल की मौत

## पूर्व सांसद का काफिला जा रहा था इटावा से कन्नौज, आते समय हुआ हादसा, एक सिपाही और ड्राइवर गंभीर

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

इटावा से कन्नौज आते समय कन्नौज के पूर्व बीजेपी सांसद के काफिले की स्कार्ट गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में एक हेड कांस्टेबल (सिपाही) की मौत हो गई, जबकि एक अन्य सिपाही के साथ गाड़ी का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल सिपाही और ड्राइवर का उपचार तिर्वा मेडिकल कॉलेज (हॉस्पिटल) में जारी है। यहां पूर्व सांसद के साथ मामले की जानकारी पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस कप्तान विनोद कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। हादसा मंगलवार की दोपहर दो बजे के करीब लखनऊ



आगरा एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन 145 के करीब हुआ।

जानकारी के मुताबिक कन्नौज के पूर्व बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक मंगलवार की दोपहर अपने स्कार्ट के साथ इटावा से कन्नौज वापस लौट रहे थे। दोपहर दो बजे के करीब जैसे ही पूर्व सांसद का काफिला एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 145 पर पहुंचा, इसी दौरान उनके काफिले की एक स्कार्ट गाड़ी (स्कॉर्पियो) अनियंत्रण के कारण डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद सांसद के काफिले की अन्य गाड़ियों में सवार लोगों में हड़कंप मच गया। पूर्व सांसद सहित काफिले में शामिल सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। सूचना पर स्थानीय पुलिस बल और एक्सप्रेस वे यूपीडा टीम के अलावा एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को हटवाकर किनारे कराया गया था। दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे स्कार्ट के लोगों को कड़ी मशक्कत करके बाहर निकालने के बाद उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज (हॉस्पिटल )भेजा गया। हादसे की खबर पर जिले के डीएम और पुलिस कप्तान भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां एक सिपाही हेड कांस्टेबल फतेहपुर निवासी अभिषेक त्रिपाठी की मौत की पुष्टि डाक्टरों ने कर दी। जबकि एक अन्य घायल सिपाही एटा जिला निवासी कुंअर पाल और ड्राइवर औरैया जिले के निवासी शरद प्रकाश का उपचार जारी था। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को कानपुर हायर हॉस्पिटल के लिए मेडिकल कॉलेज से रिफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान घायल सिपाही और ड्राइवर की हालत नाजुक बनी हुई थी। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षकर्मियों की मानें तो हादसा पूर्व सांसद की गाड़ी से सौ मीटर दूर पीछे चल रही गाड़ी में हुआ।

# कक्षा 8 की गुंजा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



मिशन शक्ति के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कुअरपुर बनवारी में एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र ने कक्षा 8 की छात्रा कुमारी गुंजा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका नियुक्त किया। गुंजा ने प्रार्थना सभा से लेकर विद्यालय के समस्त प्रशासनिक व शैक्षिक उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र ने कहा, मिशन शक्ति का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना है। आज गुंजा को प्रधानाध्यापिका बनाकर हमने उन्हें नेतृत्व का प्रत्यक्ष अनुभव कराने का प्रयास किया है। ऐसी गतिविधियों से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। हमें गर्व है कि हमारी छात्राओं में इतनी क्षमता है। सहायक अध्यापिका रश्मि तिवारी ने भीना मंच गतिविधि के अंतर्गत बालिका अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण पर चर्चा की तथा महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन कराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है और पदेन कर्तव्यों व उत्तरदायित्वों को नजदीक से जानने का अवसर मिलता है। एक दिन की प्रधानाध्यापिका गुंजा ने कहा सभ्य समाज के निर्माण एवं सकारात्मक बदलाव के लिए महिलाओं व बालिकाओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र सहित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक श्यामवीर सिंह, विनोद राठौर, शैलेष मिश्रा, रश्मि तिवारी, अटलबिहारी दीक्षित, नरगिस बानो, रावेंद्र प्रताप सिंह, अर्चना पाल, उपमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक समुदाय के रक्षा के लिए विजय दिलायें: डॉ. दिलीप

गुरसहायगंज। विधान परिषद के द्विवार्षिक शिक्षक निर्वाचन को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने कमर कस ली है। आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में विधान परिषद सदस्य हेतु संगठन ने पं. डॉ. दिलीप कुमार आमोरिया को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। मंगलवार को नगर के मोहल्ला गाधीनगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित स्वागत समारोह में प्रत्याशी डॉक्टर दिलीप कुमार अमौरिया ने कहा कि शिक्षक साथियों के नाम जारी अपील में कहा गया है कि ओमप्रकाश शर्मा अमर रहें, पंचानन राय अमर रहें और शिक्षक एकता जिंदाबाद के नारे के साथ शिक्षक समुदाय के हितों की रक्षा के लिए आगामी संघर्ष में ऐतिहासिक विजय दिलानी है। अपील पत्र में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा गया है कि आप अवगत हैं कि विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन आसन्न हैं और निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति प्रकाशित हो चुकी है। ऐसे में सभी शिक्षक एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अपने साथी पं. डॉ. दिलीप कुमार आमोरिया को विजयी बनाने की दिशा में प्रयत्नशील हों।

# छात्राओं ने संभाली कमान, दीक्षा बनी प्रधानाध्यापिका



**मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने निभाई सहायक शिक्षिकाओं की भूमिका**

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

मिशन शक्ति अभियान के छठवें चरण के तहत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में छात्राओं को नेतृत्व और जिम्मेदारी निभाने का अवसर दिया गया। कक्षा चार की छात्रा दीक्षा ने प्रधानाध्यापिका की भूमिका निभाते हुए विद्यालय संचालन की कमान संभाली। वहीं, अन्य छात्राओं ने सहायक शिक्षिकाओं की जिम्मेदारी निभाकर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अवधनारायण ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए यह गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान छात्राओं ने सबसे पहले दैनिक प्रार्थना और बालसभा का आयोजन कराया। इसके बाद शिक्षकों, रसोइयों और विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने, विद्यालय में साफ- सफाई तथा मध्याह्न भोजन (एमडीएम) व्यवस्था का जायजा लेने के साथ कक्षाओं में शिक्षण कार्य भी किया। रेखा, जेबा बानो, संध्या, आकांक्षा, उजाला, रिया, अनुष्का, अश्वी, अंशिका, छाया, आराध्या, मानवी, जागृति और अनाविया मंसूरी ने सहायक शिक्षिकाओं की भूमिका निभाई।

## नवागंतुक बीईओ ने ग्रहण किया कार्यभार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक ने बीआरसी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बीआरसी स्टाफ के साथ बैठक कर लंबित कार्यों की समीक्षा की। यहां तैनात रहे खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी का स्थानांतरण कन्नौज के लिए हो गया है। उन्होंने बीआरसी कर्मियों को विभागीय पेंडिंग शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरपी टीम के साथ बैठक कर निपुण भारत मिशन, एसएएफवीआर सर्वे , असेसमेंट की विद्यालय वार समीक्षा की। मीटिंग समाप्त होने के पश्चात सभी पांचों आरपी अच्युत त्रिपाठी, सुशील दुबे, राजेश कुमार, योगेश यादव, अर्चना चतुर्वेदी ने माल्यार्पण कर खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव, केआरपी रावेंद्र राजपूत, नोडल शिक्षक गौरव अग्निहोत्री, नोडल शिक्षक सौरभ माथुर, दिव्यांशु त्रिपाठी, राजीव निगम, अभिनीत राजपूत ने भी खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# समान वेतन को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर छिबरामऊ और सौरिख ब्लॉक क्षेत्र के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर विरोध प्रदर्शन किया और शासन से मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। सीएचसी छिबरामऊ परिसर में एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अध्यक्ष डॉ. पवन त्रिपाठी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हाथों में मांगों से संबंधित नारे लिखी तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से संविदा पर कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित किया जाए और समान कार्य



के लिए समान वेतन की व्यवस्था लागू की जाए। कर्मचारियों ने कहा कि एनएचएम के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं और वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांगों के संबंध में लिखित आश्वासन मिलने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है।धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान डॉ. अभिषेक बाजपेयी, डॉ. प्रशांत दीक्षित, डॉ. विभांशु चतुर्वेदी, डॉ. सोनम दीक्षित, डॉ. श्रुति शाक्य, महामंत्री मनोज कुमार, शमशाद, विकास चतुर्वेदी, श्याम कुमार, रागिनी सिंह, मधुबाला पाल, ज्योति यादव, रमन नारायण सिंह, विधान शुक्ला, सरिता शाक्य, प्रीति शर्मा, स्वाती दीक्षित, सुमन शाक्य, रीता और राजीव यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## धार्मिक गीतों पर बच्चों के नृत्य ने मोह लिया मन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे दुर्गा महोत्सव में बाल कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर बेहतरीन समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों से जमकर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने मां दुर्गा की आरती की। जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा मां दुर्गा की कृपा से यह महोत्सव सफल हो रहा है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक गीतों पर नृत्य न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखता है, बल्कि युवा पीढ़ी में भक्ति और संस्कारों का संचार भी करता है। समाज को एकजुट रखने और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। मैं सभी बाल कलाकारों और आयोजकों को बधाई देता हूं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष वर्मा, नगर अध्यक्ष गौरव, जिला कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नीरज भाटिया व अतुल वर्मा, पूर्व नगर महामंत्री संजीव चौहान, शैलेंद्र सिंह गौर, शरद गुप्ता, गौरव गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव, डॉक्टर सौरभ गोयल आदि ने मां दुर्गा की आरती की। अनुज गुप्ता, आशीष, लक्की वर्मा, गौरव, विमलेश, अन्नू आदि ने आयोजन में सहयोग किया।

## भाकियू (भानु) ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।** बहवलपुर बिजली फीडर पर कथित भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने आर–पार के संघर्ष का फैसला लेकर 16 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे बिजली विभाग के घेराव का ऐलान किया है। ग्राम बहवलपुर में भारतीय किसान यूनियन (भानु) की महत्वपूर्ण बैठक बैठक में बहवलपुर बिजली फीडर से जुड़ी समस्याओं, कथित भ्रष्टाचार, अवैध वसूली तथा विभागीय कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने कहा संगठन के संज्ञान में लगातार ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि बिजली कनेक्शन जोड़ने के नाम पर उपभोक्ताओं से पैसे वसूले जाते हैं। आरोप है कि कुछ लाइनमैन घर–घर जाकर अवैध धनराशि वसूलने का प्रयास करते हैं। वहीं, बिजली बिलों में त्रुटियों के निस्तारण एवं संशोधन के नाम पर भी उपभोक्ताओं से पैसे लिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इसके अतिरिक्त ट्यूबवेल संचालित करने वाले किसानों को भी विद्युत संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों और ग्रामीणों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन द्वारा समय–समय पर इन समस्याओं से संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है, लेकिन शिकायतों का प्रभावी समाधान नहीं होने से किसानों एवं कार्यकर्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी के विरोध में 16 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात: 10 बजे छिबरामऊ स्थित बिजली विभाग का घेराव कर विशाल आंदोलन किया जाएगा। संगठन की मांग है कि बहवलपुर बिजली फीडर की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध वसूली की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हो, दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए तथा किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# उपाध्यक्ष ने उठाई डीआईओएस में पद सृजन की मांग

**पांच पदों के भरोसे चल रहा डीआईओएस कार्यालय**

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।

शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जनपद औरैया इकाई ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री को ज्ञापन पत्र सौंप कर समस्या के निशान की मांग उठाई गई है। यह यह जानकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने दी।

उन्होंने आगे बताया कि महासंघ का कार्यालय नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया में स्थित है। संगठन पंजीकृत संख्या 312/2023 के तहत कार्यरत है। पत्र पर प्रदेश वरिष्ठ



उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला पुष्पक शुक्ला, जिला सचिव सुनील कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष ध्रुव पाण्डेय और संघर्ष समिति अध्यक्ष ओमपाल सिंह यादव के नाम अंकित हैं।

विषय है - वर्ष 1997 में नवसृजित जनपद औरैया के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कर्मचारियों के पद सृजन एवं तैनाती किए जाने के सम्बन्ध में। पत्र में ससम्मान अवगत कराया गया है कि नवसृजित जनपद औरैया इटावा से विभाजित होकर वर्ष 1997 में सृजित किया गया था। नवीन जनपद के अस्तित्व में आने पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय औरैया में केवल 01 आशुलिपिक, 01 लेखाकार, 01 कनिष्ठ सहायक एवं 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कुल 05 पद ही सृजित किए गए हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के समस्त अन्य जिलों में 02 प्रधानलिपिक, 04 वरिष्ठ सहायक, 02 कनिष्ठ सहायक, 01 आशुलिपिक, 05 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद सृजित हैं। यानी औरैया को आज तक अन्य जिलों के बराबर स्टाफ ही नहीं दिया गया। जनपद औरैया के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पद सृजन न होने से शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं का समयान्तर्गत निस्तारण नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में जनपद औरैया में 60 अनुदानित विद्यालय, 17 राजकीय विद्यालय और लगभग 225 वित्तविहीन विद्यालय संचालित हैं।

# लाखों के जेवरात सहित हजारों रुपये की हुई चोरी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

कोतवाली क्षेत्र के रामखेड़ा गांव में देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। चोर छत के रास्ते घर में घुसे और परिवार के सोते समय वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र पातीराम ने बताया कि सोमवार सुबह उठने पर कमरे में रखा बक्सा खुला मिला और सामान बिखरा पड़ा था। बक्से का ताला टूटा देखकर वह हैरान रह गए। जांच करने पर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और 39 हजार रुपये गायब मिले। पीड़ित के अनुसार, यह नकदी 30 तारीख को ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए रखी गई



थी। चोरी हुए सामान में सोने के झुमके, टॉप्स, दो चेन, चार चूड़ियां, छह अंगूठियां, तीन जोड़ी पायल, खंडवा, बच्चों के मंगलसूत्र, माथे का बेदा समेत अन्य जेवरात शामिल हैं। पीड़ित ने चोरी गए जेवरात की कीमत करीब 10 से 13 लाख रुपये बताई है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रेमपुर चौकी पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। चौकी प्रभारी विशेष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस जांच कर रही है।

# बिजली विभाग ने बकायेदारों के कनेक्शन काटे, मीटर उखाड़े

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

बिजली बिल जमा न करने वाले बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग ने बड़ा चेकिंग अभियान चलाया है। मुख्यालय से प्राप्त बकायेदारों की सूची के आधार पर नगर में विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की और बिजली बिल की रकम जमा न करने वालों के विद्युत कनेक्शन काट दिए तथा मीटर उखाड़कर जब्त कर लिए।

अधिशासी अभियंता की मौजूदगी में अवर अभियंता करन जायसवाल तथा स्टाफ प्रदीप पांडेय, बबलू और कौशेंद्र राजपूत सहित टीम ने कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए। टीम ने मीटर भी उखाड़कर अपने कब्जे में ले लिए। इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के



बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। कई उपभोक्ता बिल जमा करने के लिए विभाग के कार्यालय पहुंचने लगे हैं। अधिशासी अभियंता राधाकृष्ण ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना बिल जमा किए बिजली का उपयोग करने वालों और लंबे समय से बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग अब कोई नरमी नहीं बरतेगा। बकाया राशि समय पर जमा न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि विभाग का राजस्व सुरक्षित रहे और ईमानदार उपभोक्ताओं को सही सेवा मिल सके। विभाग की इस मुहिम से नगर में बिजली बिल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। अधिकारी लगातार निगरानी रखे हुए हैं और आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे।

# फर्जी दरोगा बन ठगी में लिप्त जालसाज गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

ठगी और जालसाजी के मामले में जेल जाने और बाहर आने के बाद भी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से ठगी करने वाले फर्जी दरोगा बने जालसाज को कन्नौज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर 30 लाख रुपए का कर्ज थाए जिसको चुकाने के लिए वह अपना उपरोक्त कारोबार कर रहा था।

जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली कन्नौज के शहर स्थित तिर्वा क्रासिंग के निकट रेलवे लाइन के पास सड़क से कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ सूचना पर सरकारी पुलिस वर्दी में एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। मामले में जानकारी दी गई किए पकड़ा गया जालसाज युवक फतेहगढ़



फर्रूखाबाद जिले के थाना मोहम्मदाबाद के गांव रठौरा नगला नीयू निवासी संजीव पुत्र अशोक कुमार है। इसके पास से पुलिस ने यूपी पुलिस की दरोगा की खाकी वर्दी पैंट शर्ट वर्दी के दो क्लैप, पीतल के चार स्टार, यूपी पुलिस के दो बैज, एक सीटी डोरी, एक आईडी कार्ड, एक नेम प्लेट, एक पेन, दो मोबाइल फोन, एक सौ पचास रुपए नकद, एक पिट्ठू बैग बरामद किया है। पुलिस की पूंछताँछ में पकड़े गए युवक ने बताया किए उस पर 30 लाख रुपए का कर्ज था जिसको चुकाने के लिए वह दरोगा की फर्जी वर्दी पहनकर और बर्दी का रौब दिखाकर लोगों से ठगी करता था। पकड़े गए आरोपी ने आगे बताया किए वह खुद को एंटी करप्शन ब्यूरो का दरोगा बताता था। बता दें किए उपरोक्त आरोपी बीते वर्ष 2024 में कानपुर नगर के थाना कल्याणपुर में भी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से ठगी करने के मामले में गिरफ्तार होने के बाद जेल जा चुका है। आरोपी ने बताया कि जेल से छूटने के बाद वह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। पकड़े गए जालसाज दारोगा ने बताया किए करीब पांच माह पूर्व कन्नौज शहर के तिर्वा क्रॉसिंग के पास किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। मंगलवार को भी वह सरकारी वर्दी में ही एक व्यक्ति पर रौब झाड़ रहा था।

# आपदा से बचाव के नारों से गूंजा विद्यालय, गौरव ने मारी बाजी

**अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर निकाली जागरूकता रैली**

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर जनता आदर्श इंटर कॉलेज, नेरा में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेरा युवा भारत, कन्नौज के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आपदा से बचाव और सुरक्षा के संदेश लिखे।

इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर लोगों को आपदा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के




स्वयंसेवक नीलेश कुमार ने विद्यार्थियों को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताते हुए कहा कि संकट के समय घबराने के बजाय समझदारी से काम लेना चाहिए। विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन विभाग की भूमिका से भी अवगत कराया गया।प्रतियोगिता में गौरव शर्मा ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और शिवा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज यादव तथा आपदा मित्र शिवम सक्सेना और सत्यम राजपूत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

## 23 को एमएलसी चुनाव, 20 केंद्रों पर मतदान




**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन–2026 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मतदान कार्मिकों और स्टैटिक सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश- पालन करने के निर्देश दिए। जिले में 23 अक्टूबर को 20 मतदान स्थलों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के आठ और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 12 मतदान स्थल शामिल हैं। निर्वाचन के लिए 26 मतदान पार्टियां और 12 स्टैटिक सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। डीएम ने मतदान सामग्री प्राप्त करते समय मतदाता सूची, मतपेटी, मुहर और सील का सूची से मिलान करने को कहा। मतदाताओं के पहचान पत्रों का सत्यापन करने के बाद ही मतदान की अनुमति देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से सवाल पूछकर तैयारियां परखीं। साथ ही डायरी और मतपत्र लेखे सहित सभी अभिलेख सावधानी से भरने को कहा।इस दौरान सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एक नवंबर को मेगा कैंप, पात्रों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**प्री-कैंप में लाभार्थियों का होगा चयन, दस्तावेजों की प्रकिया समय से पूरी करने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

पात्र और जरूरतमंद लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए एक नवंबर को मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम रविंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश ने



निर्देश दिए कि मेगा कैंप से पहले प्री-कैंप आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को चिह्नित किया जाए।

साथ ही उनके आवेदन भरवाने और जरूरी दस्तावेजों से जुड़ी प्रक्रिया समय से पूरी कराई जाए, ताकि कैंप में अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कैंप के व्यापक प्रचार-प्रसार, विभागीय स्टॉल की व्यवस्था और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

अधिकारियों से कहा गया कि तैयारियों में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तवा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय कुमार मिश्र समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़




# पिपरगांव की छात्रा पायल दीक्षित बनीं एक दिन की जिलाधिकारी



शिकायतें सुनती सांकेतिक डीएम पायल दीक्षित मौजूद डीएम

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने, उनमें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरगांव में कक्षा-06 में अध्ययनरत छात्रा पायल दीक्षित पुत्री राजेश दीक्षित किसान को एक दिन के लिए प्रतीकात्मक जिलाधिकारी बनाया गया। प्रतीकात्मक जिलाधिकारी पायल दीक्षित का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी की भूमिका का निर्वहन करते हुए जनसुनवाई में आए छह फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छात्रा को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तथा जनसेवा के दायित्वों को करीब से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत, पुलमंडी से छोटी जेल चौराहे तक अतिक्रमण एवं जाम की समस्या, खेती की जमीन पर कब्जे की शिकायत, सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत, छेड़खानी के झूठे मामले में फंसाए जाने की शिकायत आवास उपलब्ध न होने की शिकायत को सुना। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने एक दिन की प्रतीकात्मक जिलाधिकारी पायल दीक्षित को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पायल दीक्षित को एक दिन की प्रतीकात्मक जिलाधिकारी बनाकर उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझने तथा जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया से परिचित होने का अवसर प्रदान किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित होती है। बालिकाएं समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं और उन्हें समान अवसर प्रदान कर सशक्त बनाना आवश्यक है। एक दिन की डीएम बनी छात्रा पायल दीक्षित ने बताया कि मेरा सपना है कि मैं भी एक दिन आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करुं।

## डीएम ने कार्यों का निरीक्षण कर ग्राम पंचायत गांधी में श्रमदान कर चलाया फावड़ा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विकसित भारत-जी राम जी योजनान्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित विशेष रोजगार सृजन दिवस अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत गांधी में श्रमिकों के साथ श्रमदान किया तथा फावड़ा चलाकर चल रहे विकास कार्यों में सहभागिता की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला परियोजना निदेशक/उपायुक्त श्रम रोजगार एवं खंड विकास अधिकारी राजेपुर भी कार्यस्थल पर उपस्थित रहे। डीएम ने मौके पर उपस्थित महिला श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, कार्य की स्थिति तथा योजना के अंतर्गत मिलने वाली मजदूरी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने महिला श्रमिकों से विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत उपलब्ध रोजगार के अवसरों, कार्यस्थल पर सुविधाओं तथा मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित महिला श्रमिकों रामा देवी, विमला एवं काजल आदि ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से मजदूरी उनके खाते में प्राप्त होती है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित रोजगारपरक कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा पात्र श्रमिकों को योजना का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए। ग्राम रोजगार सेवक गांधी द्वारा जानकारी दी गई कि नौसारा से दहेलिया डामर रोड तक मिट्टी कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की लंबाई 937 मीटर तथा चौड़ाई 05 मीटर है। कार्य की अनुमानित प्राक्कलन लागत 2,54,327 रुपये है, जिससे लगभग 790 मानव दिवस सृजित होंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राशिद अली ने बताया कि विकासखंड राजेपुर की 81 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत-जी राम जी योजनान्तर्गत 132 कार्य वर्तमान में संचालित हैं।

### फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा, किसानों से किया संवाद



श्रमदान कर फावड़ा चलाती डीएम

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण, फैमिली आईडी तथा फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में पंचायत सहायक, कानूनगो एवं उपजिलाधिकारी अमृतपुर से विस्तृत जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने उन किसानों से दूरभाष पर वार्ता की, जिन्होंने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होंने किसानों से रजिस्ट्री न कराने के कारणों तथा इसमें आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, ताकि समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जा सके। ग्राम प्रशासक रीतू पाठक द्वारा गांव में आरआरसी सेंटर के निर्माण में आ रही समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। डीएम ने मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी अमृतपुर को निर्देशित किया कि प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो सके और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पंचायत स्तर पर संचालित सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## नवरात्रि के तीसरे दिन मंदिरों में हुई मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना



बढ़पुर मंदिर में लगी भक्तों की भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से मां की आराधना कर मुरादें मांगी। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन जारी रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन भक्तों ने मां के तीसरे स्वरुप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मां ममता की सागर हैं। उनकी महिमा निराली है। अपने भक्तों का उद्धार करती हैं और दुष्टों का संहार करती हैं। धार्मिक मत है कि शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धा भाव से मां चंद्रघंटा की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। इसी क्रम में भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। नगर के मठिया देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित माता शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित में वैष्णो देवी मंदिरों में खासी भीड़ देखी गयी। पौ फटते ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन चलता रहा। बज रहे घंटा घड़ियालों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं घरों में महिलाओं ने मां की आराधना कर शाम को भजन कीर्तन व देवी जागरण किये। मंदिरों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो पल-पल पर अपनी नजर बनाये रहा।

## डीएम ने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र एवं सचिवालय का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने तहसील अमृतपुर के विकासखण्ड राजेपुर अंतर्गत ग्राम शेराखार गोटिया में निर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तथा ग्राम पंचायत कमालुद्दीनपुर स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। डीएम ने संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन एवं ग्राम पंचायतों के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया। ग्राम शेराखार कोटिया में निर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ठोस अपशिष्ट के समुचित संग्रहण, पृथक्करण एवं निस्तारण की व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। ग्राम पंचायत स्तर पर कूड़े का नियमित संग्रहण किया जाए तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करके नियमानुसार निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे गांवों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बना रहे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। डीएम ग्राम पंचायत कमालुद्दीनपुर स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सचिवालय की व्यवस्थाओं एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित कार्यों की जानकारी ली। ग्राम पंचायत सचिवालय में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े तथा उनकी समस्याओं का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ग्राम पंचायतों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन एवं जनसुविधाओं की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर देखती डीएम

## खबरें एक नजर में

### लूट को पुलिस मान रही संदिग्ध, नहीं दर्ज किया मुकदमा

**कंपिल।** सर्राफा व्यापारी से नकदी और सोने की चेन लूटने की शिकायत पर तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। उधर, क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में रोष है। मोहल्ला माझगांव निवासी सतीश चंद्र वर्मा की गांव सिवारा में सराफा की दुकान है। सोमवार देर शाम दुकान बंद कर घर लौटते समय कंपिल-सिवारा मार्ग पर बाइक सवार एक व्यक्ति ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, पास के खेत में मौजूद दूसरे व्यक्ति ने डंडे से उन पर हमला किया। उन्होंने पांच हजार रुपये नकद और करीब दो लाख रुपये कीमत की सोने की चेन लूटे जाने की शिकायत की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। मंगलवार दोपहर पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने पेट्रोल पंप समेत आसपास के स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। सीओ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है और मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज न होने से भाजपा नेताओं में नाराजगी पीड़ित सतीश चंद्र वर्मा भाजपा के कंपिल मंडल उपाध्यक्ष शिवम सोनी के पिता हैं। तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने को लेकर क्षेत्र के भाजपा नेताओं में नाराजगी बताई जा रही है।

### हेपेटाइटिस-बी का टीका न मिलने पर युवक ने किया हंगामा

**कायमगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण की व्यवस्था को लेकर भारी हंगामा देखने को मिला। विल्सडी गांव के रहने वाले अंशुल अपने नवजात शिशु को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगवाने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। जब अंशुल कक्ष नंबर-5 में पहुंचे, तो वहां तैनात एएनएम सैलवी ने बताया कि आशाओं का धरना चल रहा है और उन्होंने कोल्ड चैन में ताला डाल रखा है, जिसके कारण टीका नहीं लगाया जा सकता। टीका न मिलने की बात सुनकर अंशुल अपना आपा खो बैठे और धरने पर बैठी आशा बहुओं के खिलाफखरी-खोटी सुनाने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब आशा संगिनी अध्यक्ष शिप्रा अपनी टीम के साथ कक्ष नंबर-5 में पहुंच गईं। उन्होंने युवक के साथ तीखी भाषा का प्रयोग किया और हाथापाई पर उतारू हो गईं, जिससे कक्ष में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अन्य लोगों और समझदार नागरिकों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। इस दौरान आशा संगिनी ने एएनएम सैलवी से भी यह स्पष्ट किया कि यदि वैक्सीन कोल्ड चैन में उपलब्ध है, तो उसे नियमों के तहत बच्चों को लगानी चाहिए, इस तरह मना नहीं किया जाना चाहिए।

### राम बरात में उमड़ा आस्था का सैलाब, निकली 29 झांकी

**कायमगंज।** नगर में देर शाम श्रीराम लीला समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य राम बरात निकाली गई। जिसने पूरे शहर को राममय कर दिया। बरात का भव्य आगाज शिवाला भवन गंगा दरवाजा से हुआ। समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, संजय बंसल, पवन गुप्ता, दीपक राज अरोड़ा, नीरज अग्रवाल और अमित सेठ ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतारकर बरात को रवाना किया। बरात में कुल 29 दिव्य झांकियां शामिल थीं, जिनमें भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, गुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, राधा-कृष्ण, माता दुर्गा, हनुमान जी, गणेश जी, लक्ष्मी नारायण, अयोध्या राम मंदिर, सालासर हनुमान, बालाजी, महाकाल, महाकाली, बांके बिहारी और शनिदेव के स्वरूप शामिल रहे। बरात शिवाला भवन से चलकर लोकमन, गुड़ मंडी, मुख्य चौराहा, पृथ्वी दरवाजा, ट्रांसपोर्ट चौराहा, जटवारा, गल्ला मंडी, श्यामा गेट, बजरिया, पुल गालिब, छपटी और पटवांगली होते हुए भूसा चौराहे पर संपन्न हुई। पूर्व पालिकाध्यक्ष मिथलेश अग्रवाल ने अपने आवास पर बरात का भव्य स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्बा चौकी इंचार्ज इमरान फरीद, कांस्टेबल सुरेश कुमार, विजय गुर्जर, सचिन, धर्मेंद्र तिवारी, हर्षित वाजपेई, मुंशी धर्मवीर पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात रहे।

## अवैध खनन करने पर जेसीबी को लिया कब्जे में

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत वेग के मजरा कोमल में दबंगई के बल पर निजी खेत से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन में लगी जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोमल निवासी अमित कुमार पुत्र जंगी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गाँव के निकट ही उनकी पैतृक ज़मीन स्थित है, जो कि उनकी माता मुन्नी देवी के नाम पर दर्ज है। गाँव के ही निवासी राम रतन पुत्र श्रीराम जबरन जेसीबी मशीन लगवाकर उनकी निजी ज़मीन पर अवैध रूप से खनन करवा रहे थे। जब उन्होंने अपनी ज़मीन पर हो रहे अवैध खनन का विरोध किया, तो आरोपी पक्ष के लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए उन्हें मौके से भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तथा हल्का प्रभारी दरोगा दीपक त्रिवेदी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस ने जब अवैध खनन कर रहे जेसीबी चालकों से खनन से संबंधित वैध अनुमति पत्र और प्रपत्र माँगे, तो वे कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सके।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने जेसीबी मशीन को तुरंत अपने कब्जे में ले लिया और उसे थाने ले आए।



पुलिस द्वारा पकड़ी गयी जेसीबी

### दबंगों ने धान की फसल काटी

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर न्यायालय के आदेशों को ठेंगा दिखाने का मामला सामने आया है। गांव त्योरी इस्माइलपुर निवासी जयप्रकाश दुबे का जमीन के एक टुकड़े पर कब्जे को लेकर डुढियापुर निवासी रामसरन यादव से लंबे समय से विवाद चल रहा है। जयप्रकाश दुबे ने अपनी डुढियापुर स्थित जमीन पर धान की फसल बोई थी। सोमवार सुबह तड़के लगभग पांच बजे रामसरन यादव पक्ष के लोगों ने दबंगई दिखाते हुए जयप्रकाश के खेत में खड़ी धान की फसल जबरन काट ली। जब घटना की जानकारी जयप्रकाश के परिजनों को हुई, तो उनकी रिश्तेदार लक्ष्मी तिवारी पुत्री संजीव तिवारी तुरंत मौके पर पहुंचीं। वहां मौजूद दबंगों ने उनका विरोध करने पर लक्ष्मी तिवारी के साथ अभद्रता व गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। इसके बाद दबंगों ने उन्हें धमकी देकर मौके से भगा दिया। जमीन को लेकर न्यायालय द्वारा पूर्व में ही यथास्थिति बनाए रखने का स्थगन आदेश जारी किया गया था। पुलिस ने गांव डुढियापुर निवासी आरोपियों रामरतन यादव, श्यामवीर, अशोक और पंकज के खिलाफनामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दुकानों पर कब्जे और फर्जी दस्तावेज से बिजली कनेक्शन लेने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थान मऊदरवाजा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मानिकपुर निवासी रघुनंदन सिंह (58 वर्ष) ने अपने भाई, भतीजों और बिजली विभाग के अधिकारियों पर षड्यंत्र रचकर दुकानों पर अवैध कब्जा करने और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बिजली कनेक्शन करवाने का आरोप लगाया है। इस मामले में न्याय पाने के लिए पीड़ित ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की शरण ली है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, वादी रघुनंदन सिंह की माता स्व0 दुलारी देवी ने ग्राम मानिकपुर में 10 दुकानों का निर्माण कराया था और अपने पांचों पुत्रों को दो-दो दुकानें आवंटित कर दी थीं। वादी का आरोप है कि उनके छोटे भाई कृपाल सिंह और भतीजों प्रवीन व अमन ने व्यवसाय करने के बहाने उनसे उनकी हिस्से की दो दुकानें ली थीं, लेकिन जब वादी ने दुकानें वापस मांगी, तो उनके साथ गाली-गलौज की गई, जान से मारने की धमकी दी गई और दुकानें खाली करने से साफ इनकार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उनके भाई कृपाल सिंह और उनके बेटों ने बिजली विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जी व कूट रचित हलफनामा तैयार कराया। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र या स्वामित्व दस्तावेज के सुमन देवी के नाम पर घरेलू बिजली कनेक्शन जारी करवा दिया गया। जब इस संबंध में आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की गई, तो आरोपी कर्मचारियों ने सांठ-गांठ कर उस घरेलू कनेक्शन को आनन-फानन में कमर्शियल कनेक्शन में बदलकर फर्जी तरीके से निस्तारण दर्शा दिया। आरोप यह भी है कि शपथ पत्र पर नोटरी अधिवक्ता के दस्तखत व तस्दीक भी फर्जी तरीके से किए गए हैं। न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रवीन कुमार पुत्र कृपाल सिंह, अमन कुमार पुत्र कृपाल सिंह, कृपाल सिंह पुत्र लाखन सिंह, मो0 शमीम अहमद उप खण्ड अधिकारी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड, सुशील कुमार अवर अभियन्ता, प्रवल मिश्रा संविदा कर्मी को आरोपी बनाया गया।

## तीर्थनगरी में धूमधाम से निकाली गई प्रभु श्रीराम की बारात

**पुष्पवर्षा कर मुस्लिम समाज ने बढ़ाया भाईचारा**

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।**

पौराणिक धरती कंपिल प्रभु श्रीराम की बरात के स्वागत में पूरी तरह धर्ममय हो उठी। गाजे-बाजे और जयघोषों के बीच नगर की सड़कों पर उतरी भव्य शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मर्यादा पुरुषोत्तम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा, वहीं रास्ते भर स्थानीय नागरिकों ने फूलों की बारिश कर बरातियों का अभिनंदन किया।

आयोजन की शुरुआत रामलीला मैदान में विधिवत पूजन-अर्चन से हुई। जहाँ सोमवार शाम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उदयपाल सिंह यादव तथा कायमगंज निवासी समाजसेवी सुरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से रामदरबार की महाआरती की। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों को उत्तरीय भेंट कर उनका सत्कार किया, जबकि संचालन महामंत्री आर्येंद्र कुमार सिंह ने किया। पूजन उपरांत प्रथम पूज्य विघ्नविनाशक गणेश जी की अगुवाई में झांकियों का कारवां आगे बढ़ा। यात्रा में शिव-शक्ति, आदिशक्ति मां दुर्गा, महर्षि कश्यप व वैकुंठनाथ विष्णु सहित करीब 75 देवस्वरूपों की सजीव झांकियों और अखाड़ों के करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक समरसता की बेहद खूबसूरत तस्वीर भी सामने आई।

मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों रावेज खां, हिकमत उल्ला, प्यारे मियां व आवेज खां सहित दर्जनों लोगों ने बरात मार्ग पर खड़े होकर फूलों की बरसात की। इतना ही नहीं, उन्होंने आयोजकों को साफा बांधकर, शॉल व पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया और कौमी एकता का पैगाम दिया। यह कारवां पट्टी मदारी, मुख्य बाजार, थाना रोड और गंगा मार्ग से होता हुआ प्रसिद्ध रामेश्वर नाथ धाम पहुँचा, जिसके बाद कालेश्वर नाथ मार्ग की ओर प्रस्थान कर गया। मंदिर परिसर में पंडितों के सस्वर वेदमंत्रों के मध्य प्रभु राम और माता जानकी का पाणिग्रहण संस्कार पूर्ण हुआ।

जिसमें समिति अध्यक्ष ने कन्यादान का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इस मांगलिक प्रसंग पर रामलीला प्रबंध समिति अध्यक्ष नीरज कुमार पाण्डेय, आर्येंद्र यादव, राघव चंद्र शुक्ला, प्रभात द्विवेदी, नितिन मिश्रा, ऋषभ गुप्ता, उपेंद्र सिंह लोधी, महेश राठौर, आदेश वर्मा, चमन द्विवेदी, रामू पाठक, रामेत वर्मा, गुड्डन सक्सेना, रजनेश राजपूत, प्रणव शर्मा सहित भारी संख्या में भक्तगण व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बारात में राम-सीता व लक्ष्मण के स्वरूप

## शटरिंग मजदूरी को लेकर खूनी संघर्ष दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगला उम्मेद गांव में लिंटर की शटरिंग मजदूरी के विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले और विवाद इतना बढ़ा कि पूरा गांव सकते में आ गया। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के लोग लहूलुहान हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी धनीराम के मकान पर चल रहे लिंटर की शटरिंग के कार्य के दौरान उत्पन्न हुए दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई जो कुछ ही देर में हिंसक झड़प में बदल गई।

नगला उम्मेद निवासी 25 वर्षीय बंटी पुत्र धर्मवीर का आरोप है कि शटरिंग का काम कर रहे भटासा गांव निवासी 21 वर्षीय रिंकू पुत्र रामनाथ ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से रिंकू का कहना है कि वह शांतिपूर्वक अपना शटरिंग का काम कर रहा था, तभी अचानक बंटी वहां आया और बिना किसी वाजिब कारण के गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे भी चोटें आई। मारपीट की इस घटना के तुरंत बाद दोनों ही पक्ष कायमगंज कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायती पत्र देकर न्याय और सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई।

## एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनीं छात्रा मुस्कान

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तीकरण और उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से विकासखंड कार्यालय परिसर स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर एक अनूठी पहल की गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरमौर बांगर की होनहार छात्रा मुस्कान को सांकेतिक रूप से एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी संभालते ही छात्रा मुस्कान एक्शन मोड में नजर आई।

उन्होंने खंड शिक्षा कार्यालय के विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद सभी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे शासकीय कार्यों को सुचारु, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से निपटाएं। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने जब प्रभारी बीईओ मुस्कान से उनके कार्यकाल, प्राथमिकताओं और अनुभवों के बारे में जानकारी ली, तो छात्रा ने आत्मविश्वास से भरा जवाब दिया। मुस्कान ने कहा मैं भविष्य में खूब मन लगाकर पढ़ाई करूंगी और कड़ी मेहनत के बल पर इस पद को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने छात्रा का उत्साहवर्धन किया और नारी सशक्तीकरण के संदेश को रेखांकित किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक सुशील कुमार, लेखाकार सनोज कुमार, क्षितिज कुमार, राहुल कुमार उपस्थित रहा।

### कक्षा 5 की छात्रा मुस्कान बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापक

**नवाबगंज।** प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने अपनी कुर्सी पर कस्बा निवासी और विद्यालय की कक्षा 5 की मेधावी छात्रा मुस्कान को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक नियुक्त किया। मुस्कान ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा दें और पूरी निष्ठा के साथ मन लगाकर पढ़ाएं, जिससे सभी बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, वसीम अख्तर, प्रज्ञानंद शाक्य मौजूद रहे।




सांकेतिक प्रधानाध्यापक छात्रा मुस्कान

## पुरस्कार वितरण संग एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राकेश सारस्वत एवं विशिष्ट अतिथि अंजुम दुबे अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देखकर पुरस्कार किया गया।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन से सिद्धार्थ कृष्ण अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर योगेश शुक्ला सचिव जिला एथलीट एसोसिएशन, अवनीन्द्र सक्सेना सचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन, शैलेश मिश्रा कोषाध्यक्ष, संजीव कटियार, राजीव बाजपेई, मोहम्मद अहमद, अभिषेक मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, सुहानी, वीना यादव, प्रकृति वर्मा, ज्योति कठेरिया, निशित सक्सेना, अरुण कुमार यादव, विमलेश, सपना यादव, नागेंद्र सिंह, मनीष आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं अंडर-16 में गोला फेंक बालिका में प्रथम फरिया पठान, द्वितीय देंवांसी, तृतीय आध्या सक्सेना रही। अंडर-16 बालिका लंबी कूद में प्रथम शिवांकी, द्वितीय अनिका सिंह, तृतीय फरिया पठान रही। अंडर-16 बालक लंबी कूद प्रथम-हर्ष राजपूत, द्वितीय अबुजर, तृतीय ओम कटियार रहे। गोला फेंक बालक में प्रथम सूर्याश, द्वितीय हर्ष मिश्रा, तृतीय प्रणय राजपूत रहे।



मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी

# भाजपा ने की संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा

**शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक मंगलवार को आवास विकास स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला संगठन प्रभारी एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की।

नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि संगठन के प्रत्येक अभियान एवं कार्यक्रम की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, सक्रियता और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। मंडल प्रभारियों का दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र में सभी कार्यक्रमों एवं अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर प्रमुखता से आयोजित करने पर जोर दिया। शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर को मतदान प्रस्तावित है। प्रत्येक 20 मतदाताओं पर जिम्मेदारी संभाल रहे। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि जनपद में सेवा संकल्प अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर अमित कठेरिया, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर विभवेश सिंह तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर संजय गिहार को नियुक्त किया गया है। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेई, श्वेता दुबे, रश्मि दुबे, शिव मोहन सिंह, सर्वेश कुशवाहा, नीरज अवस्थी, अनुराग सिंह, प्रतिभा राजपूत, महेंद्र राजपूत, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी उपस्थित रहे।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नरेंद्र सिंह राजपूत

## मंडल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जनपदीय टीम रवाना

**फर्रुखाबाद।** मंडल एथलेटिक्स प्रतियोगिता, माती स्पोर्ट्स स्टेडियम अकबरपुर कानपुर देहात के लिए जनपद से एथलेटिक्स टीम रवाना हुई। जिसमें लगभग 45 छात्र, 45 छात्राये मंडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने बताया प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 अक्टूबर से प्रारंभ होकर समापन 15 अक्टूबर को होगा, प्रतियोगिता तीन दिवसीय होगी। प्रतियोगिता में विजेता होने वाले छात्र-छात्राएं स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता पंडित मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में खेलेंगे। मंडल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर देवेश कुमार तथा घनश्याम विंद का चयन हुआ। टीम मैनेजर तथा टीम कोच के रूप में सुब्रत शाक्य, दीपावली कुमार, संध्या सिंह, प्रवेश रत्न शाक्य, रजनीश शिवा, सत्येंद्र सिंह, धनंजय सिंह, राकेश कुमार, इंजाज अहमद सिद्दीकी, अनिकेत भारद्वाज, शुभम मौर्य आदि प्रमुख रूप से टीम के साथ प्रतियोगिता में जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने सभी टीम कोच, मैनेजर एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की विजई होने वाले छात्र-छात्राओं को जनपद में भी सम्मानित किया जाएगा।

# बैंक मैनेजर पर लगा भुगतान में देरी का आरोप

**उद्योग व्यापार मण्डल ने की डीएम से शिकायत**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल मोहम्मदाबाद ने बैंक ऑफ इंडिया मोहम्मदाबाद शाखा की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपिका भास्कर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। व्यापार मण्डल ने बैंक मैनेजर पर रिश्वत मांगने, ग्राहकों के साथ अनुचित व्यवहार करने और भुगतानों में अनावश्यक विलंब करने के मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे और महामंत्री नरसिंह वर्मा ने दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि मोहम्मदाबाद के कई व्यापारियों और महिला व्यापारियों से शाखा प्रबंधक की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। सरकारी ऋण योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृत कराने या फाइलों को आगे बढ़ाने के बदले कथित रूप से रिश्वत की मांग की जाती है तथा ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। जब व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने शाखा प्रबंधक से वार्ता की, तो उन्होंने संबंधित शिकायतकर्ताओं के नाम पूछे। गांधी नगर निवासी सावित्री देवी पत्नी मोहनलाल कठेरिया का नाम दिया गया। शाखा प्रबंधक ने दो दिन के भीतर उनके पैसे जारी करने का आश्वासन दिया था। पीड़िता पिछले लगभग 45 दिनों से अपने ही पैसों के भुगतान के लिए, भटक रही। इसको लेकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, संजय रस्तोगी, मोहम्मदाबाद नगर अध्यक्ष बृजेश दुबे, सुभाष गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# मिशन शक्ति योजना के तहत राधिका बनीं प्रधानाध्यापक


विद्यालय में शिक्षकों के साथ सांकेतिक प्रधानाध्यापिका

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में कक्षा पांच की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी राधिका एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनी।

प्रधानाध्यापिका की कुर्सी पर बैठते ही उसे जिम्मेदारी का अहसास हुआ। राधिका ने बच्चों को नियमित स्कूल समय से आने की बात कही। स्कूल प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने राधिका से पूंछा कि कुर्सी पर बैठ कर कैसा लगा। राधिका ने बताया कि बहुत अच्छा लगा और भविष्य में वह भी शिक्षिका बन कर बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, मेमवती, आशा, उमा के अलावा वोल्टास कंपनी के इंजीनियर नवीन खां उर्फ टिंकू ने राधिका को बधाई दीं।

# अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सर्व समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


विरोध प्रदर्शन करते सर्व समाज के लोग

13 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले आरोपी सिली सिंह उर्फ सापा पर कार्रवाई न होने से आक्रोशित सर्व समाज के लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी की दी। पीडब्लूडी तिराहे पर सभी लोगों ने इकट्ठे होकर वहां से विशाल जुलूस की शक्ल में फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। साथ में लोग नारे लगा रहे थे ब्राह्मण समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। डीएम ने भरोसा दिलाया की जल्द इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी समाज के विरुद्ध अगर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो कानून कार्रवाई करेगा।

भईयन मिश्रा ने कहा कि ऐसे समाज विरोधी तत्वों की जगह जेल में है जो समाज को आपस में लड़ाने का काम करते हैं, यह समाज के दुश्मन है, किसी भी समाज के लिए शारीरिक रूप से गलत भाषा का इस्तेमाल करना बहुत गलत है, हम सब एक हैं एक रहेंगे, समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई हो इसके लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। कमलेश पाठक ने कहा हमारा समाज में सामाजिक समरसता बनी रहे इसके के लिए आवश्यक है इस जैसे समाज विरोधी तत्वों को प्रशासन कार्रवाई करके जेल में डालें। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष अंगद पांडे उर्फ कोमल ने कहा यह आदतन अपराधी है और अपराधी की जगह बाहर न होकर जेल होनी चाहिए, क्योंकि ऐसे व्यक्ति समाज में सिर्फऔर सिर्फ अराजकता फैलाएंगे। मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे ने कहा हमारा संगठन ऐसे लोगों के विरुद्ध जो समाज में अराजकता फैलाते हैं, प्रशासन ऐसे लोगों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करें, जिससे कि यह लोग समाज में गंदगी न फैला पाए। इस मौके पर व्यापारी नितिन गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, मुनीष चंद्र मिश्रा, रामवीर शुक्ला, श्यामेंद्र दुबे नीरज, अनिल द्विवेदी, विजय शुक्ला, डॉ0 मिथिलेश पाठक, अभिषेक दुबे, रत्नेश पांडे, विष्णु मिश्रा, कार्तिकेय शुक्ला, अनुज मिश्रा, श्याम मोहन शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, नंदराम दुबे, बंटू दुबे, मनीष यादव, हेमंत शाक्य, राजीव वर्मा, बाबू अग्निहोत्री, दीपक बाजपेई, ओम निवास पाठक, शिवेंद्र दीक्षित, विपिन अवस्थी, लव बाजपेई, अनुज तिवारी, शिवेंद्र बाजपेई, राहुल दीक्षित, राम रघुवंशी, पंकज दुबे, दिलीप अग्निहोत्री, मंजुल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


प्रधानाध्यापक बनी अंशिका

# छात्रा अंशिका बनीं प्रा.वि. अलीगढ़ की एक दिन की प्रधानाध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ की उत्कृष्ट छात्रा अंशिका पुत्री भूपेंद्र सिंह को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाध्यापक बनाया गया। एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक का पद संभालते ही छात्रा अंशिका के चेहरे पर बेहद खुशी दिखाई दी। एआरपी वागीश विक्रम यादव ने बताया कि महानिदेशक मोनिका रानी के निर्देशों के क्रम में पूरे प्रदेश में छात्राओं को प्रतीकात्मक/सांकेतिक रूप से प्रधानाध्यापक बनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की भावना को जाग्रत करना है। विद्यालय प्रांगण में साजिद खान, शिवम अवस्थी और सुनीता देवी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने छात्रा की सराहना करते हुए बताया छात्रा अंशिका हमारे विद्यालय की एक अत्यंत उत्कृष्ट और मेधावी छात्रा है।

# खबरें एक नजर में

## शीतला माता मंदिर धाम में हुआ 108 मातृ शक्ति पूजन


मातृ शक्ति पूजन कार्यक्रम में मौजूद लोग

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** शहर की आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था जय माँ पराशक्ति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के तृतीय दिवस मंगलवार को बढ़पुर स्थित ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर धाम में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। संस्थापक प्रशांत तिवारी और सह-संस्थापक गौरव राठौर की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 108 मातृ शक्ति सुहागिनों पूजन के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस पूजन अनुष्ठान में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रिंकी, मीरा, आशा दीक्षित, सोनी दुबे, लक्ष्मी तिवारी, सरिता राठौर, रश्मि तिवारी, उर्मिला शर्मा मौजूद रही। विश्व की सुख-शांति और कल्याण के लिए शीतला माता की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर माता के जयकारों और भक्तिमय भजनों से गूंज उठा। महाआरती में मृदुल तिवारी, नरेश गुप्ता, पीयूष तिवारी, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, वारिज राजपूत, सुनील दुबे, राजेश शर्मा, मयंक मिश्रा, शैलेश शुक्ला, प्रवीन दुबे, ओम कुमार, हरी ओम सिंह मौजूद रहे। सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## हरियाणा में पत्रकारों की हुई गिरफ्तारी के विरोध में उपजा ने दिया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** हरियाणा में पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के बैनर तले पत्रकारों ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार को सौंपा। पत्रकारों ने अतुल अग्रवाल, सौरभ उपाध्याय और सुदेश नैन मौर की गिरफ्तारी के पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराने की मांग की। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की भी आवाज उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष सूर्या बाजपेई, जितेंद्र दुबे, अनुभव मिश्रा, अमित सक्सेना, दिलीप कटियार, विश्वप्रकाश चतुर्वेदी, राजीव, ऋषि सेंगर आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## मंडल स्तरीय चयन ट्रायल 21 अक्टूबर को

**उन्नाव।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष 2026, 27 के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 से 29 अक्टूबर 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम भी प्रतिभाग करेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सभरवाल द्वारा जानकारी दी गई कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में लखनऊ मंडल की टीम के गठन हेतु मंडल स्तरीय चयन ट्रायल दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09 बजे चौक स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। अतः मंडलीय ट्रायल हेतु जिला स्तर पर ट्रायल दिनांक 16 अक्टूबर 2026 को सुबह 8 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम उन्नाव में आयोजित किया जाएगा। चयन, ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ पात्रता प्रमाण-पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण-पत्र सक्षम स्तर से निर्गत एवं प्रमाणित कराकर लाना अनिवार्य होगा। खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ चयन स्थल पर उपस्थित होना होगा।

## मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंजा



**बांगरमऊ,उन्नाव।** शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू होने के प्रथम दिन जहां घरों में कलश स्थापना के साथ देवी मंदिरों में भी पूजा अर्चना शुरू हो गई। वहीं आज शारदीय नवरात्रि के तृतीय दिवस नगर के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना व देवी दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। वहीं कई देवी मंदिरों में चल रही देवी भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों को देखा जा सकता है। शारदीय नवरात्रि पर्व के तृतीय दिवस आज सुबह से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया। जहां देर शाम तक दर्शन व पूजन करने वाले भक्तों का ताँता लगा रहता है। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंजता रहा। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता के मंदिर पहुंच कर बड़ी संख्या में लोगों ने दर्शन किए और विधि-विधान के साथ पूजन- अर्चन किया। भक्तों ने माता को प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। देवी मंदिरों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया।

## श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म की लीला का हुआ मंचन

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित रामलीला मैदान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के दूसरी रात भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार की रात मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म की अलौकिक लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। जिसे देखकर पूरा पांडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। श्री रामलीला महोत्सव में भव्य मंच पर ज्यों ही राजा दशरथ के महल में चार पुत्रों के जन्म का दृश्य उपस्थित हुआ, ढोल-नगाड़ों और शहनाइयों की मधुर ध्वनि के बीच बधाइयां बंजने लगीं। श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे पंडाल को गुब्बारों और रंग-बिरंगी विद्युत लड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया गया था। मंच पर चार सुंदर झूले सजाए गए थे। जिनमें चारों भाइयों के बाल स्वरूप में कलाकार विराजमान थे। यह दृश्य इतना मनोहारी था कि हर भक्त अपने आप को अयोध्या में जन्म स्थली पर ही मौजूदगी का एहसास कर रहा था। इसके पूर्व श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह श्गोलूश् ने आरती उतार कर भगवान श्री राम और लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म की लीला का शुभारंभ कराया।

## आरोपी शिक्षक के खिलाफ पीड़िता ने उठाई कार्रवाई की मांग



**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जयराम का पुरवा की रहने वाली भानमती पत्नी राधे श्याम लोधी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया की उनका नाती अर्पित उम्र करीब 9 वर्ष जो उनके यहां रहकर श्री राम प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर मिट्ठनपुर खुराना पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 का छात्र है। उन्होंने आरोप लगाया की 3 अक्टूबर को विद्यालय में उनके नाती से कुर्सी लाने के लिए कहा गया उनका नाती तीन चार बार कुर्सी लाया और फिर कुर्सी लाने से इन्कार कर दिया तो विद्यालय के अध्यापक ने उनकी डंडों से पिटाई किया। इस दौरान उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उसका सिर कुर्सी से टकरा दिया जिससे उनके नाती का सर फट गया जिसके चार टांके लगे हैं। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस चौकी में किया था लेकिन उन्होंने यह आरोप लगाया कि अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने अब पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि दोषी शिक्षक के खिलाफजांच करवाकर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाए ताकि फिर किसी अन्य छात्र के साथ इस तरीके की घटना ना हो सके। इस अवसर पर छात्र अर्पित की मां गौरी देवी भी मौजूद रही।

# 70वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

स्पोर्ट्स स्टेडियम में 70वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (सत्र 2026-27) का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका अलका गौड़ द्वारा जिलाधिकारी का बैच अलंकरण एवं कैप अलंकरण कर सम्मान किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात एन0एन0सी0/स्काउट की टुकड़ी द्वारा भोला सिंह जिला क्रीड़ा सचिव एवं प्रदीप सिंह चौहान की अगुवाई में मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफऑनर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा गुब्बारे एवं कबूतर उड़ाकर एकता एवं शांति का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए खेल के महत्व, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवन शैली पर प्रेरक उद्बोधन दिया और कहा कि खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि द्वारा खेलों के विधिवत शुभारम्भ की आधिकारिक घोषणा करते हुए सीनियर वर्ग की 800 मीटर बालक वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के परिणाम आने पर सह जिलविद्यालय निरीक्षक अविनाश, कमल सिंह चौहान प्रधानाचार्य रेवाड़ी, संतोष सिंह चौहान प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज असोथर द्वारा बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत करते हुए शुभाशीष एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य, रेल बाजार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवराम जी,जिला व्यायाम शिक्षक बेसिक दिलीप कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका बेसिक सीमा सिंह, कमाल अहमद, हरिशंकर, अतुल सिंह, मृदुल शुक्ला, शैलेंद्र तिवारी, विजयकरण श्रीवास, विक्रम सिंह, मनोज कुमार, आलोक सिंह, महेंद्र सिंह आदि व्यायाम शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। परिणामों की श्रृंखला में सबजूनियर-बालक में 600 मी0 एवं 400 मी0 दौड़ में लक्ष्य कम्पोजिट स्कूल जहानाबाद देवमई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही 100 मी दौड़ में योगेंद्र कुमार पंडित दयाशंकर इंटर कॉलेज भैंसोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में क्रमशः 600 मीटर दौड़ में वर्षा ज्ञानदीप जहानाबाद देवमई 400 मीटर दौड़ में आकांक्षा मिश्रीलाल मेवा लाल इंटर कॉलेज रनूपुर 100 मीटर दौड़ में कशिश शहीद माल्या देवमई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

बांगरमऊ माढ़ापुर मार्ग स्थित कल्याणी नदी पुल पर दो बाइको की आमने सामने जोरदार टक्कर में एक बाइक सवार दूधिये की की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक सवार की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया स आज दोपहर बाद परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर पहुँचे। जहां शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिव दुलार पुरवा मजरे चाहलहा निवासी श्रुतिमान ऊर्फचुन्नी यादव 32 वर्ष के पिता जगतनरायण यादव बांगरमऊ में नानामऊ रोड मोहल्ला शुक्लाना में दूध डेरी खोले हुए है।



श्रुतिमान ऊर्फ चुन्नी प्रतिदिन सुबह और शाम को बाइक से दूध के डिब्बे लादकर बांगरमऊ डेरी पर आता था और वह घरों में भी दूध बांटा करता था। बताया जाता है कि आज सोमवार देर शाम लगभग 7 बजे अपने गांव से बाइक पर दूध के डिब्बे लादकर बांगरमऊ आ रहा था स तभी बांगरमऊ - माढ़ापुर रोड स्थित कल्याणी नदी पुल के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक सवार भिखारीपुर कस्बा निवासी विशाल 18 वर्ष पुत्र संतोष कुमार घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुँचे दूसरी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल श्रुतिमान ऊर्फ चुन्नी को भी सरकारी एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल रात्रि में ही भेज दिया था। मंगलवार दोपहर में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन लगभग डेढ़ बजे शव घर लेकर पहुँचे। मां माधुरी व पिता जगतनरायण यादव अपने युवा पुत्र का शव देख अचेत होकर गिर गए।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कल से

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया हैं कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उन्नाव द्वारा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (वी.बी.वाई.एल.डी.) 2026 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव (कल्चरल ट्रैक) का आयोजन दिनांक-16 अक्टूबर 2026 को स्थान-डी.एस.एन. पी.जी. कालेज, उन्नाव में किया जाना है। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे, आयु की गणना 17 अगस्त, 2026 से की जायेगी। प्रतिभागी का जनपद का निवासी होना अथवा जनपद में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। एक प्रतिभागी एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है तथा प्रतिभाग करने के पूर्व प्रतिभागी का माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। युवा उत्सव में निम्न विधाएँ आयोजित की जायेगी। जनपद स्तर पर विजयी होने वाले प्रतिभागी माह-नवम्बर, 2026 में मण्डल एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेगें, राज्य स्तर के विजयी प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिनांक-12 जनवरी, 2027 (स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती) पर प्रधानमंत्री से सम्वाद कार्यक्रम के साथ भारत मण्डपम नई दिल्ली में प्रतिभाग करेगें।

## आज और कल होगा विशाल ग्रामोत्सव का आयोजन

**असोहा, उन्नाव।** माँ पूर्वी देवी मंदिर में दो दिवसीय ग्रामोत्सव मेले का आयोजन होगा। आयोजन के दौरान होंगे विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगें। क्षेत्र के सेरवईया गांव स्थित माँ पूर्वी देवी मंदिर प्रांगण में विगत वर्षों की भांति आगामी 15,16 अक्टूबर को दो दिवसीय विशाल ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा , कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी सतीस त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामोतस्व मेले का शुभारंभ हवन पूजन कन्या भोज। उन्होंने बताया कि 15 तारीख को लखनऊ की सोनू ,हरि संकीर्तन पार्टी द्वारा दिन में रात्रि में मथुरा ,हरियाणा ,व्रन्दाबन कलाकरो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे ,16 अक्टूबर को भंडारे के उपरांत सांस्कृतिक विभाग से आये कलाकरो द्वारा आल्हा एवम अन्य कार्यक्रम होंगे ।आयोजक सतीस त्रिपाठी ने बताया कि 15 अक्टूबर को ही पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह का भी आगमन है ,छेत्र के लोगो से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर माँ के दरबार मे माथा टेकने व प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह कार्यक्रम आयोजको ने किया है।

# एक दिन की जिलाधिकारी बन तान्वी तिवारी ने सुनीं शिकायतें

**जिलाधिकारी के रूप में कार्य करके आज मैं बहुत खुश हूं, मैं वादा करती हूँ कि आईएस बनकर देश की सेवा करूंगी**

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

आज कलक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन के मिशन शक्ति के विशेष अभियान के छठवें चरण के द्रष्टिगत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नवाबगंज की कक्षा 9 की छात्रा तान्वी तिवारी एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनी। महिलाओं बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से एक दिन के लिए जिला अधिकारी बन तान्वी तिवारी ने जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना जी की उपस्थिति में फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारी को शिकायत के त्वरित निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर छात्रा तान्वी तिवारी ने सरोजिनी पत्नी सुशील बाबा निवासी ग्राम सरोसी थाना कोतवाली सदर के दबंग अराजक तत्वों द्वारा प्रार्थिनी का घर गिराए जाने संबंधी, सुनील कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नाना टीकुर पोस्ट राथपुर थाना अजगैन के पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरण, प्रार्थी प्रेम प्रकाश के ग्राम पंचायत अटवा मोहाल ओसिया विकासखंड सफीपुर उन्नाव के द्वारा ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की जांच संबंधी प्रकरण, ग्राम बिरसिंहपुर में गौशाला इंटर लॉकिंग एवं अन्य विकास कार्यों की धनराशि में गंभीर वित्तीय अनियमितता सहित राजस्व विकास पुलिस व अन्य विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतों को सुना जिसमे 03 का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।



एक दिन के लिए जिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए तान्वी तिवारी ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए तन्वी तिवारी ने बताया कि आज मैं बहुत खुश हूं और मैं वादा करती हूँ कि आईएस बनकर देश की रक्षा करूंगी।

## विधायक ने किया भारत मोबाइल शोरूम का शुभारम्भ



**मियाँगंज,उन्नाव समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के उन्नाव संडीला मार्ग पर बड़ा चौराहा मियाँगंज स्थित सुनील राजपूत व अनिल राजपूत के भारत मोबाईल शोरूम का क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने हवन पूजन कर विधि विधान से फीता काटकर शुभारम्भ किया और सुनील राजपूत व अनिल राजपूत को नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। भारत मोबाईल के संचालक सुनील राजपूत व अनिल राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा उचित मूल्यों में हर ब्रांड के फोन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पूर्व ब्लाक प्रमुख बलवीर यादव, प्रकाश राजपूत, सुरेश कन्नौजिया, शीबू अहमद सदस्य प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश, नामित शभासद राधेश उर्फगोविंदा मौर्या, निखिल गुप्ता, शकील खान, मो तलहा खान, सन्दीप गुप्ता, फर्रुख खान, शाफैज उर्फबाबू खान, सुमेर राजपूत, अंकित, उमेश मौर्या, हरिश्चन्द्र राजपूत, करन, अंताप वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक निर्वाचन के माइक्रो आब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

सुल्तानपुर। गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद निर्वाचन–2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में माइक्रो आब्जर्वरों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र तिवारी ने माइक्रो आब्जर्वरों को उनके कार्य एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए मतदान प्रक्रिया का निष्पक्ष अवलोकन करने और निर्धारित प्रपत्र पर सूचना आब्जर्वर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने रोल प्ले के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने प्रथम मतदान अधिकारी के दायित्व और लिफाफे तैयार करने की प्रक्रिया बताई। वहीं, मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने मतदान अधिकारी द्वितीय की जिम्मेदारी, मतपत्र, अमिट स्याही तथा टेंडर और चैलेंज वोट के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण व्यवस्था की देखरेख कर रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 13 माइक्रो आब्जर्वरों ने प्रतिभाग किया। पीपीटी तैयार करने और संचालन में वकील अहमद व विपिन यादव ने सहयोग किया। इस दौरान प्रदीप यादव, कालिका पाण्डेय और रामतीर्थ ने भी व्यवस्थाओं में योगदान दिया।

### दो बाइकों की टक्कर में घायल अधेड़ की मौत



सुल्तानपुर। अयोध्या–प्रयागराज मार्ग पर पटना चौराहे के पास सोमवार शाम दो बाइकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के दमोदरा (दसमड़ा) निवासी भगवत प्रसाद(52) पुत्र स्वर्गीय रामबली बाइक से हैदरगंज थाना क्षेत्र के अमलिहा स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। पटना चौराहे के पास उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान भगवत प्रसाद ने दम तोड़ दिया मृतक अपने पीछे पत्नी शांति, चार बेटे भूपेंद्र (25), अभय (22), धीरेन्द्र (19), महेंद्र (16) और बेटी सृष्टि (14) को छोड़ गए हैं। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### पालिकाध्यक्ष ने नवनिर्मित भवन का किया औचक निरीक्षण

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद के पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को पालिका परिसर में नवनिर्मित भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मिली कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने भवन में मिली कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही शेष सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन का उपयोग सुचारु रूप से किया जा सके। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज, निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक सुधार कार्यों पर गंभीरता से ध्यान देने को कहा।

### नवजात की मौत के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

चांदा, सुल्तानपुर। चांदा कोतवाली पुलिस ने न्यू आयुषी पॉली क्लीनिक में प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में मंगलवार को तीसरे आरोपी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को जिला न्यायालय भेज दिया। चांदा कस्बे स्थित न्यू आयुषी पॉली क्लीनिक में प्रसव ऑपरेशन के बाद नवजात की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया था। प्रसूता की मां राजकुमारी की तहरीर पर चांदा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने पहले क्लीनिक संचालक दंपती डीके यादव और रंजना यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।पुलिस के अनुसार, तीसरा आरोपी कथित चिकित्सक बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र रामपूर्ति शुक्ला निवासी लंबरदार का पुरवा, कोतवाली नगर, सुल्तानपुर है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा, उपनिरीक्षक मेहराज खान, कांस्टेबल सर्वजीत मौर्य और परविंदर सिंह शामिल रहे।

### थ्री व्हीलर की टक्कर से घायल युवक की मौत



सुल्तानपुर। दियरा चौराहे के पास सोमवार देर शाम थ्री व्हीलर की टक्कर से घायल बाइक सवार दो युवकों में एक की मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी आदित्य पांडेय (30) पुत्र रामचंद्र और विनोद कुमार (28) पुत्र शंभू प्रसाद बाइक से दियरा बाजार जा रहे थे। चौराहे से करीब सौ मीटर आगे थ्री व्हीलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त कर रही पुलिस ने दोनों को सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया, जहां आदित्य को मृत घोषित कर दिया गया। विनोद की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ भेजा गया।पुलिस ने दुर्घटना में शामिल थ्री व्हीलर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

### अलग-अलग मारपीट में महिला समेत 7 लोग घायल

कुंडा–प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई अलग–अलग झगड़ा व मारपीट में महिला समय सात लोग घायल हो गए। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बरई मियां का पुरवा गांव निवासी बांकेलाल पटेल तथा राघव राम पटेल पुत्रगण छोटेलाल पटेल दोनों भाइयों के बीच रंजिशन गाली–गलौज व मारपीट गई हो गई। एक पक्ष से बांके लाल 50 वर्ष पत्नी शिव लली 47 वर्ष बेटी पिंकी 23 वर्ष तथा दूसरे पक्ष से राघवराम पटेल 46 वर्ष पत्नी रामजसी 45 वर्ष मारपीट में घायल हो गई। हथिगवां थाना क्षेत्र के लौंवा सुखदेव निवासिनी उमा देवी 33 वर्ष पत्नी बवाली पटेल को मामूली विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बरई पश्चिम पट्टी गांव निवासिनी रिजवाना बानो 30 वर्ष पत्नी शेख मोहम्मद खान मारपीट में घायल हो गई। सभी घायल वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### महिला समेत दो को सर्प ने डंसा

कुंडा–प्रतापगढ़। अलग–अलग क्षेत्र में महिला समेत दो लोगों को सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। महेशगंज थाना क्षेत्र के मैनेजमेंट थाना के तिरछा गांव निवासी शिवलाल पटेल 55 वर्ष पुत्र राम भरोसे पटेल तथा कुंडा व कोतवाली नगर क्षेत्र के हनुमत नगर निवासिनी विद्या देवी 67 वर्ष पत्नी अमर नाथ को सोमवार की रात्रि में घर के अंदर सोते समय सर्प ने डस लिया। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया है।

### विभिन्न सड़क हादसों में महिला समेत 6 लोग घायल

कुंडा–प्रतापगढ़। अलग–अलग थाना क्षेत्र के विभिन्न सड़क हादसों में महिला समेत 6 लोग घायल हो गए। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मौली जिल्ला गांव निवासी सत्यम 28 वर्ष पुत्र सिद्ध नाथ यादव, बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सरियावां नीमिहन नाथ गांव निवासी संजय कुमार 31 वर्ष पुत्र राम सजीवन बाइक से जाते समय रास्ते में अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गए। बाबूगंज बाजार निवासी मुन्ना मोदनवाल 45 वर्ष पुत्र उमाकलाल मोदनवाल, महेशगंज थाना क्षेत्र के गिरस्था आजाद नगर निवासी माता बदल सरोज 65 वर्ष पुत्र बाबूलाल सरोज तथा पत्नी दिवास सरोज 18 वर्ष पुत्र स्वामी नाथ सरोज बाबूगंज बाजार निवासी रितेश केसरवानी 22 वर्ष पुत्र मनोज केसरवानी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती कराया गया है।

### अपहरण व पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी गिरफ्तार

कुंडा–प्रतापगढ़। हथिगवां पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मुकदमे में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की रघुराज पटेल 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरिलाल पटेल, निवासी कोंडरा जीत, थाना बाघराय का निवासी नहै। वह थाना हथिगवां में दर्ज मुकदमे में वांछित था। उसके खिलाफबीएनएस की धारा 137(2), 87, 351(3), 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5स्ध्6 के तहत मामला दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने एक लड़की को भगाकर ले जाने की बात स्वीकार की। इसी मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### इक्कीस लाख रुपये से मां भद्रकाली सरोवर का होगा सौंदर्यीकरण



कुंडा–प्रतापगढ़। बाबागंज स्थित सिद्धपीठ मां भद्रकाली मंदिर परिसर में स्थित सरोवर का 21 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत निधि से धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य अमित मिश्र आजाद ने सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। राजा भैया ने जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल को सरोवर का सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला पंचायत निधि से 21 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य संकठा प्रसाद मिश्र, अरविंद कुमार शुक्ला, रामचंद्र पांडेय रामू, सत्येंद्र द्विवेदी, अविनाश मिश्र, आशुतोष पांडेय, मूलचंद्र जायसवाल, पवन शुक्ला बबन, देशराज पांडेय और कृपाशंकर तिवारी सहित मंदिर के पुजारी त्रिभुवन नाथ शर्मा ने राजा भैया, गोपाल भैया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीएचसी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 28 एनएचएम कर्मचारी

- सीएमओ ने लगाई फटकार, वार्ड में दिन के अनुसार नहीं मिली चादर

समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण के औचक निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। एनएचएम के 28 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं वार्ड में निर्धारित दिन के अनुसार चादर नहीं बिछी थी। साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। इसके बाद भर्ती वार्ड और प्रसव कक्ष पहुंचकर अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवाओं और अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्टाफ नर्स रेनू मिश्रा के वार्ड में बेड पर निर्धारित दिन के अनुसार चादर नहीं मिलने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. वेदांत यादव को प्रसव के बाद बीएचटी और मंत्रा से संबंधित अभिलेख पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने टीकाकरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को सीबीसी जांच की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिमेष, डॉ. आरती यादव, डॉ. यहिया, फार्मासिस्ट संजीव श्रीवास्तव समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई पूरी

- 26 अक्टूबर को आएगा नेता प्रतिपक्ष पर फैसला



सुल्तानपुर। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के मौजूदा गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपीएमएलए कोर्ट में चल रहे मानहानि के मुकदमे में मंगलवार को सुनवाई पूरी कर ली गई ।फैसला आने के तिथि और कोर्ट की प्रक्रिया के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी एमपीएमएलए कोर्ट में मौजूद रहेंगे। कोर्ट में आज केस की सुनवाई पूरी होने के बाद केस की फाइल आर्डर में भेज दी गई है ।फैसले की तारीख 26 अक्टूबर को राहुल गांधी के कोर्ट में उपस्थिति की बात की पुष्टि राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने की । बता दे कि वर्ष 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह पर राहुल गांधी द्वारा की गई थी अभद्र टिप्पड़ी से जुड़ा हुआ है।राहुल गांधी की टिप्पड़ी से नाराज वादी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया है।राहुल गाँधी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट में लिखित दाखिल किये गए जवाब की पत्रावाली के पैरा 18 पर अमित शाह को लेकर की गई टिप्पड़ी को राहुल गांधी द्वारा दिया जाना स्वीकार किया गया है।

### स्वास्थ्य सखी चयन परीक्षा में 74 अभ्यर्थी शामिल

चांदा, सुल्तानपुर। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा परिसर में स्वास्थ्य सखी के चयन के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 97 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 74 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 23 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। एडीओ आईएसबी (ग्राम विकास) विनोद कुमार सिंह ने कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी निभाई। प्रश्न पुस्तिकाओं के वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में अनिल कुमार पटेल, शिवांश दूबे और उमेश सिंह ने सहयोग किया।उत्तर पुस्तिकाओं की जांच एडीओ आईएसबी विनोद कुमार सिंह और कोऑपरेटिव के अखिलेश कुमार ने की। परीक्षा के दौरान विभिन्न क्लस्टरों की पदाधिकारी लालती, पुष्पा, कंचन, कैलाशी, हौंसला, मीना और सुनीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा संपन्न कराई गई।

## अवैध निर्माण को प्रशासन ने किया सील

- शहर के शाहगंज चौराहे का मामला



सुल्तानपुर। शहर के शाहगंज चौराहे के बाल मुकुंद रोड पर स्थित एक जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के सख्त निर्देश के बाद उपजिलाधिकारी सदर गरिमा सौनकिया ने कानूनगो और नगर कोतवाल को मौके पर भेजकर सीलिंग की कार्यवाही की गई । उल्लेखनीय है कि पीड़ित इंद्र प्रकाश पाण्डेय ने आज मंगलवार को जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि अभिषेक बरनवाल आदि बनाम राज्य का एक मुकदमा आयुक्त न्यायालय में चल रहा है। इस मुकदमे में उपजिलाधिकारी व जिलाधिकारी द्वारा विपक्षी अभिषेक बरनवाल के दावों को खारिज करते हुए 19 अप्रैल 25 को अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है। जिसके खिलाफ कमिशनरी में मामले को उलझाने के लिए वाद दायर कर दिया। जिसके बाद अभिषेक बरनवाल व अन्य साथी चोरी छिपे निर्माण कार्य कर रहे है। मामले की गंभीरता को देख डीएम ने एसडीएम सदर को तत्काल अवैध निर्माण को सील करने का आदेश दिया। एसडीएम ने कानूनगो आईपी सिंह और कोतवाल सुरेश नारायण मिश्र को भेजकर अवैध निर्माण को सील कर दिया । नगर कानूनगो आईपी सिंह ने सीलिंग की पुष्टि की है ।

# दुर्गापूजा और दशहरा पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

- मंडलायुक्त और डीआईजी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



दुर्गापूजा, दशहरा और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। मंडलायुक्त राजेश कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमेन बर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने पीपीटी के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और पूजा पंडालों, दशहरा स्थलों व विसर्जन मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर कमियां समय से दूर कराने के निर्देश दिए। डीआईजी ने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा आयोजकों और शांति समितियों से संवाद बनाए रखने को कहा। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, अलग प्रवेश-निकास मार्ग, पार्किंग और यातायात डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अग्निशमन उपकरण, विद्युत सुरक्षा, एंबुलेंस, चिकित्सा टीम, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और विसर्जन स्थलों पर बचाव संसाधनों की उपलब्धता पर जोर दिया गया। सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम सक्रिय रखने और सोशल मीडिया पर अफवाहों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह, एसपी विनीत जायसवाल, सीडीओ विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्रा से छेड़खानी व अभद्रता करने वाले दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



नगर के भंगवा चुंगी चौराहे पर पुलिस चौकी के समीप एक छात्रा के साथ छेड़खानी और अभद्र व्यवहार करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को धर दबोचा है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस कार्रवाई के बाद आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार संध्या समय भंगवा चुंगी चौराहे पर एक छात्रा उपस्थित थी। इसी दौरान दुपहिया वाहन पर सवार दो युवक छात्रा के आसपास चक्कर लगाने लगे और उसका रास्ता रोककर उससे दूरभाष क्रमांक मांगने लगे तथा अमर्यादित आचरण करने लगे। छात्रा ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए निकट स्थित पुलिस चौकी की ओर कदम बढ़ाए। छात्रा को चौकी की तरफ जाते देख दोनों मनचले युवक भयभीत होकर तुरंत वहां से भाग निकले। पीड़िता द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने आसपास स्थापित गुप्त निगरानी कैमरों के चलचित्र खंगाले और पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। शिनाख्त के पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुभाष पाल पुत्र दिनेश पाल (निवासी अकारीपुर, थाना मांधाता) और दक्ष पाल पुत्र शोभनाथ (निवासी भवानीगढ़ ताला, थाना रानीगंज) को गिरफ्तार कर लिया। नगर कोतवाली की महिला सुरक्षा दल और मज्जू अभियान दल की प्रभारी महिला अधिकारी संगीता के नेतृत्व में पुलिस दल ने मंगलवार को दोनों अभियुक्तों को घटना स्थल से पकड़कर कोतवाली पहुंचाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नियमों के अनुरूप सख्त विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रामलीला में हुआ माता सीता के जन्म का मंचन

सुलतानपुर। संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामलीला मैदान में नगर (कुशभवनपुर) की रामलीला के पांचवें दिन अयोध्या के कलाकारों ने माता सीता के जन्म की कथा का रोचक मंचन किया। मंचन में मिथिला में अकाल पड़ने पर राजा जनक द्वारा ऋषि–मुनियों से सलाह लेने का प्रसंग दिखाया गया। अकाल दूर करने के लिए राजा जनक स्वयं हल लेकर खेत जोतने पहुंचे। इसी दौरान हल की नोक एक स्वर्ण कलश से टकराई, जिसमें दिव्य कन्या मिली। राजा जनक ने कन्या को अपनी पुत्री स्वीकार कर उसका नाम सीता रखा। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. अजय तिवारी रहे। वरिष्ठ ट्रस्टी मुन्ना लाल जायसवाल, डॉ. गरिमा सिंह, सुषमा मिश्रा, सियाराम अग्रहरि, निशा त्रिपाठी, शशांक शेखर मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इसौली विधानसभा में लगेंगी 91 हाईमास्ट लाइटें

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



इसौली विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 91 हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। दीपावली के अवसर पर प्रस्तावित इस पहल से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुदृढ़ होने और लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव और विधानसभा महासचिव रियाज अहमद खान ने बताया कि विधायक मोहम्मद ताहिर खान क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयासों से विद्युत व्यवस्था सुधारने, नए ट्रांसफार्मर लगवाने, पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और जर्जर विद्युत तार बदलवाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत, सीसी सड़क निर्माण और सार्वजनिक स्थलों पर सोलर लाइट लगाने की दिशा में भी पहल की गई है। प्रस्तावित 91 हाईमास्ट लाइटों की स्थापना से क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## मां चण्डिका धाम में रिटायर्ड दरोगा की जेब से नकदी व जरूरी कागजात गायब

समृद्धि न्यूज़, संडवा चंद्रिका–प्रतापगढ़।

अंतू थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल मां चण्डिका देवी धाम में मंगलवार की सुबह उचक्कों ने सेवानिवृत्त दरोगा की जेब से नकदी और जरूरी कागजात पार कर दिए। जानकारी के अनुसार, पीड़ित तेज बहादुर सिंह पुत्र हरि सरन सिंह निवासी राजापुर कला, थाना अंतू, प्रतापगढ़ कुछ दिन पूर्व ही पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। मंगलवार की सुबह मां चण्डिका देवी धाम में दर्शन-पूजन के दौरान उनकी जेब से दो हजार रुपये नकद, आधार कार्ड, पुलिस पहचान पत्र, निर्वाचन कार्ड और पैन कार्ड गायब हो गए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन सामान का पता नहीं चल सका।इस सम्बंध में कन्ट्रोल रूम में प्रवन्ध कारणी माँ चण्डिका धाम के सदस्य ने अपने कार्यकताओ मनीष शुक्ला, एवं सत्येंद्र सिंह को कहा कि तैनात पुलिस कन्ट्रोल रूम में के साथ सीसीटीबी कैमरे पर नजर रखे जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो सके।गौरतलब है कि नवरात्र के दौरान धाम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। परिसर में सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# 23.52 लाख के 147 गुम मोबाइल पुलिस ने स्वामियों को सौंपे

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



जिले की पुलिस ने खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सितंबर माह में विभिन्न कंपनियों के 147 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 23 लाख 52 हजार रुपये है। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित साई कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने ये फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में सर्विलांस सेल और जिले के विभिन्न थानों की साइबर टीमों ने तकनीकी मदद से यह कार्रवाई की। पोर्टल की ट्रेसबिलिटी के आधार पर सितंबर माह में 85 प्रतिशत मोबाइल बरामद किए गए। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रतापगढ़ पुलिस की रैंक अप्रैल माह की 40वीं से छलांग लगाकर सितंबर में पांचवीं हो गई।अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। बरामद मोबाइलों में वीवो, ओप्पो, रेडमी, सैमसंग, एप्पल और वनप्लस जैसे ब्रांड शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराएं और पोर्टल के जरिए आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराएं, जिससे दुरुपयोग रोका जा सके।

### विशालकाय अजगर ने नीलगाय के बच्चे को निगला सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

प्रतापगढ़। जिले स्थित पट्टी क्षेत्र के दिशिनी गांव की वनवासी बस्ती में सोमवार सुबह करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक विशालकाय अजगर को नीलगाय के बच्चे को जिंदा निगलते हुए देखा। इस भयानक दृश्य को देख बस्ती में अफ्रा–तफ्री मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना सर्पमित्र सिराज शेख को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सर्पमित्र ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के दबाव में अजगर ने अपने पेट से नीलगाय के बच्चे को बाहर उगल दिया, हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद सर्पमित्र ने अजगर को सुरक्षित पकड़कर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे वाकये का वीडियो भी बना लिया। रेस्क्यू के बाद सर्पमित्र सिराज शेख ने ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी जीव दिखने पर खुद पकड़ने की कोशिश न करें, बल्कि तुरंत विशेषज्ञों या वन विभाग को सूचित करें।

## कुंडा के रितीश ने फिल्मी दुनिया में रखा कदम, 'हनुमान अंश' से बनाई पहचान

- एसोसिएट एडिटर के रूप में निभाई अहम जिम्मेदारी
- सीएम योगी व राजा भैया ने की सराहना

समृद्धि न्यूज़, कुंडा–प्रतापगढ़।





कुंडा के युवा रितीश केसरवानी ने फिल्म 'हनुमान अंश' में एसोसिएट एडिटर के रूप में जिम्मेदारी निभाकर फिल्मी दुनिया में कदम रखा है। वरिष्ठ व्यापारी एवं शस्त्रालय संचालक सुभाष केसरवानी के छोटे बेटे रितीश की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोग भी उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। फिल्म की टीम कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्षध्कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से मुलाकात कर चुकी है। दोनों की ओर से फिल्म के प्रयासों की सराहना की गई। राजा भैया से मुलाकात के दौरान रितीश के पिता सुभाष केसरवानी और मां गीता केसरवानी भी मौजूद रहीं। पूज्य नीम करौली बाबा के जीवन, भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक संदेश पर आधारित फिल्म के लेखक एवं निर्देशक डॉ. विशाल चतुर्वेदी हैं। फिल्म को उत्तराखंड में कर-मुक्त किए जाने की घोषणा भी हुई है। इससे फिल्म को व्यापक चर्चा मिली। रितीश की प्रारंभिक शिक्षा ऊंचाहार में हुई। इंटरमीडिएट के बाद वह आगे की पढ़ाई के लिए पुणे गए, जहां उनकी रुचि फिल्म निर्माण और संपादन के क्षेत्र में बढ़ी। पहली फिल्म में एसोसिएट एडिटर की जिम्मेदारी निभाना उनके लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रितीश के बड़े भाई रिशी केसरवानी पुणे में व्यवसाय करते हैं, जबकि उनकी बहन राशि केसरवानी मुंबई में भारतीय स्टेट बैंक में ब्रांच मैनेजर हैं। उनकी मां गीता केसरवानी गृहिणी हैं और पिता सुभाष केसरवानी कुंडा के वरिष्ठ व्यापारी हैं। रितीश की उपलब्धि से परिवार के साथ ही कुंडा के लोगों में भी उत्साह है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि वह आगे भी अपनी प्रतिभा और मेहनत से फिल्म जगत में नई पहचान बनाएंगे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उर्मिला कुमारी पुत्री संत कुमार, निवासी 2261/1, शास्त्री नगर, मजरे नबीपुर, सुलतानपुर नगर, सुलतानपुर एवं उर्मिला कुमारी संतकुमार एक ही व्यक्ति हैं। उनके समस्त वर्तमान शासकीय एवं अन्य अभिलेखों में नाम उर्मिला कुमारी दर्ज है। अतः दोनों नामों को एक ही व्यक्ति, अर्थात उर्मिला कुमारी, के नाम के रूप में जाना जाए।